

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 94 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 12 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट जारी, तेहरान की चेतावनी के बाद हाई अलर्ट पर इजरायल



समाज जागरण

ईरान में आम लोगों का विरोध प्रदर्शन 14वें दिन में प्रवेश कर चुका है। एक-एक कर देश के हर कोने से सरकार के खिलाफ आवाज उठ रही है। इंटरनेट ब्लैकआउट के भी 60 घंटे हो चुके हैं। इस बीच अमेरिका की चेतावनी से तेहरान का सियासी हलका काफी नाराज है। संसद के अध्यक्ष ने यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी का जवाब धमकी से दिया है।

ईरान के संसद अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका इस्लामी गणराज्य पर हमला करता है तो अमेरिकी सेना और इजरायल निशाने पर होंगे। कालीबाफ ने यह धमकी तब दी जब ईरानी संसद में सांसद मंच की ओर दौड़े और अमेरिका विरोधी नारे लगाए। ईरानी राज्य टेलीविजन ने संसद सत्र को लाइव प्रसारित किया।

कालीबाफ एक कट्टरपंथी नेता हैं और पहले राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने पुलिस और ईरान की पैरामिलिट्री रिवॉल्यूशनरी गार्ड को प्रदर्शनों के दौरान दृढ़ रहने के लिए सराहा। कालीबाफ ने कहा, 'ईरान के लोगों को पता होना चाहिए कि हम उनके साथ सबसे कठोर तरीके से निपटेंगे और गिरफ्तार लोगों को सजा देंगे।' उन्होंने इजरायल को कब्जे वाला क्षेत्र कहते हुए सीधे धमकी दी। उन्होंने कहा, 'ईरान पर हमले की स्थिति में कब्जे वाला क्षेत्र और क्षेत्र में सभी अमेरिकी सैन्य केंद्र, अड्डे और जहाज हमारे वैध निशाने होंगे। द टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, ईरान में चल रहे सरकार-विरोधी आंदोलन में यूएस के दखल की संभावना को देखते हुए इजरायल हाई अलर्ट पर है।

वहीं, इंटरनेट पाबंदी की मियाद भी बढ़ गई है। इंटरनेट मॉनिटर नेटब्लॉक्स का कहना है कि ईरान में सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान देश भर में इंटरनेट बंद किया गया था, जो अब 60 घंटे से ज्यादा हो गया है।

आईआरजीसी से जुड़े तस्नीम न्यूज के मुताबिक विरोध प्रदर्शन बेहद हिंसक हो गया है। प्रदर्शनकारी शनिवार रात को ईरान के फार्स प्रांत के ममासानी काउंटी में न्यायपालिका परिसर में घुस गए और एक गार्ड पोस्ट में आग लगा दी।

काउंटी के पब्लिक और रेवोल्यूशनरी प्रॉसिक्यूटर हसन इलाही ने बताया कि कोर्टहाउस के अंदर कई कमरों में आग लगा दी गई और सिक्योरिटी फोर्स के आने और भीड़ को हटाने से पहले आग ग्राउंड फ्लोर से पहली मंजिल तक फैल गई थी। (इनपुट-आईएएनएस)

# पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत 'शौर्य यात्रा' में हिस्सा लिया!

## सोमनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रविवार को गिर सोमनाथ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के हिस्से के तौर पर आयोजित एक प्रतीकात्मक यात्रा 'शौर्य यात्रा' में हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। शौर्य यात्रा साहस, बलिदान और उस अदम्य भावना का प्रतीक है, जिसने सदियों की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सोमनाथ की आस्था और गौरव को संरक्षित रखा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा, "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर रोड शो के दौरान जगह-जगह शिवभक्तों का जोश और उल्लास आनंद से भर देने वाला था। इसमें नारीशक्ति ने जिस तरह से बढ़-चढ़कर भागादारी की, उसने पूरे वातावरण को और अधिक गरिमामयी बना दिया। भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के लिए उनका समर्पण भाव देखकर अभिभूत हूं।"



प्रधानमंत्री मोदी के सोमनाथ मंदिर के द्वार पर पहुंचते ही 10,000 महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य से उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा की और उसके बाद वहां मौजूद कलाकारों से बातचीत की। उन्होंने एक्स पर कहा कि पावन और दिव्य सोमनाथ धाम में दर्शन-पूजन का सौभाग्य मिला। यह अनुभव मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भर देने वाला रहा। भगवान सोमनाथ की कृपा सभी देशवासियों पर सदा बनी रहे, यही कामना है।

पवित्र मंदिर में प्रार्थना करने के बाद सद्भावना मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस बार का वातावरण और उत्सव अद्भुत है। एक ओर देवों के देव महादेव, दूसरी ओर समुद्र की विशाल लहरें, सूर्य की किरणें, मंत्रों की गूंज, आस्था का प्रवाह और इस दिव्य वातावरण में भगवान सोमनाथ के भक्तों की उपस्थिति इस अवसर को दिव्य और भव्य बना रही है। (इनपुट-एजेंसी)

## योगी सरकार की पुलिस का यूपीकॉप एप बना आमजन का सारथी

लखनऊ, 11 जनवरीः योगी सरकार ने पिछले पौने नौ वर्षों में स्मार्ट पुलिसिंग को लेकर कई कदम उठाए हैं। योगी सरकार की यह मुहिम पुलिस से लेकर आमजन के लिए बड़ी राहत और भरोसे का माध्यम बन गयी है। योगी सरकार की यूपी पुलिस का यूपीकॉप एप और सिटीजन पोर्टल आज प्रदेश वासियों के लिए "डिजिटल पुलिस स्टेशन" की तरह काम कर रहा है। प्रदेशवासी एप के माध्यम से न सिर्फ घर बैठे एफआईआर दर्ज करा रहे हैं बल्कि 27 प्रकार की पुलिस सेवाओं का लाभ बिना थाने गए उठा रहे हैं।

50 लाख से अधिक लोगों ने एप को किया डाउनलोड, 2.1 करोड़ से ज्यादा एफआईआर डाउनलोड की गई

## विश्व हिंदू प्रवासियों ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी, बांग्लादेश हिंसा पर कार्रवाई का किया आग्रह

समाज जागरण

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ बढ़ रही हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे में हिंदू प्रवासी समूहों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके सलाहकारों से खास बांग्लादेश में हालात को लेकर अपील की है। हिंदू प्रवासियों ने भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा पर तुरंत एक्शन लेने की अपील की है। उन्होंने हत्याओं, भीड़ के हमलों और कथित तौर पर सरकार की तरफ से कोई एक्शन न लेने का हवाला दिया है।

पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी में, वैश्विक हिंदू प्रवासियों ने कहा कि वे यह अपील बहुत दुख और जल्दबाजी के साथ कर रहे हैं। यह अपील समूहों ने एक युवा बांग्लादेशी हिंदू, दीपू चंद्र दास, की




लिंचिंग और जिंदा जलाने और इसी तरह के कई हमलों के बाद की है।

चिट्ठी में कहा गया, "अगस्त 2025 से, हिंदुओं के खिलाफ हिंसा तेजी से बढ़ी। दिसंबर 2025 के मध्य से फैलाया गया आतंक लगातार जारी है। मनगढ़ंत ईशनिंदा के आरोपों के आधार पर लिंचिंग कोई नई बात नहीं है।" उन्होंने पिछले साल 2025 में हुई उत्सव मंडल की हत्या का भी जिक्र किया।

चिट्ठी में कहा गया कि बांग्लादेश में हिंदुओं को इतिहास ने बार-बार छोड़ दिया है। इसके साथ ही प्रवासी समूहों ने 1950 के लियाकत-नेहरू पैक्ट का जिक्र भी किया। लियाकत-नेहरू पैक्ट, 1950 में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने का वादा किया गया था, लेकिन यह असल में विफल हो गया। इसमें 1971 के लिबरेशन वॉर के बाद के समय की ओर भी इशारा किया गया, जब भारत गए कई हिंदू रिफ्यूजी को बाद में बांग्लादेश वापस भेज दिया गया था।

वैश्विक हिंदू प्रवासियों ने मौजूदा हालात को हिंदुओं का नरसंहार बताया। उन्होंने कहा कि अगस्त 2024 से, मानवाधिकार के उल्लंघन पर स्थानीय मीडिया की रिपोर्टिंग लगभग ना के बराबर है। हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों को टारगेट करके गलत जानकारी वाले अभियान के बाद से मीडिया की यह चुप्पी और बढ़ गई।


चिट्ठी में इस्कॉन के वरिष्ठ संत चिन्मय कृष्ण दास के मामले का भी जिक्र किया गया, जिन्हें 25 नवंबर, 2024 से मनगढ़ंत आरोपों को लेकर जेल में रखा गया है और बार-बार जमानत देने से मना किया गया है। लोगों ने बांग्लादेश की अंतरिम यूनुस सरकार पर इसे सांप्रदायिक हिंसा मानने से इनकार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि इससे एक खतरनाक संकेत जाता है कि भीड़ बिना किसी सजा के काम कर सकती है।

## पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि: केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

समाज जागरण

देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर आज रविवार को देशभर के प्रमुख नेताओं ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शास्त्री जी का 'जय जवान, जय किसान' का नारा राष्ट्र में एकता और स्वावलंबन की भावना जगाने वाला साबित हुआ था। उनकी पुण्यतिथि पर तमाम नेताओं ने उनकी सादगी, ईमानदारी, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रहित सर्वोपरि की नीति को याद किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर



उन्हें कोटि-कोटि नमन। संकट के समय 'जय जवान, जय किसान' का उद्घोष कर शास्त्री जी ने देश के स्वावलंबन व सुरक्षा का सुंदर समन्वय बनाया। एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले गुदड़ी के लाल शास्त्री जी ने अपने दृढ़ संकल्प और मजबूत नेतृत्व से 1965 के युद्ध में भारत को विजय दिलाई। उनका सादगीपूर्ण जीवन हर एक समाजसेवी के लिए प्रेरणा है।"

केंद्रीय मंत्री नीतीन गड़करी ने लिखा, "देश के पूर्व प्रधानमंत्री 'जय जवान जय किसान' के प्रणेता भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र अभिवादन।"

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लिखा, "जय जवान, जय किसान के उद्घोष से राष्ट्र में नव चेतना का संचार करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।"

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिखा, "पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि।"

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लिखा, "जय जवान, जय किसान का उद्घोष करने वाले, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। आपके सादगी, दृढ़ संकल्प और देशभक्ति से परिपूर्ण नेतृत्व हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।"

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट में लिखा, "सादगी, शुचिता, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता के अद्वितीय प्रतीक, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव से ओतप्रोत उनका संपूर्ण जीवन मयार्दा और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण है।"(इनपुट-आईएएनएस)

## ईरान में 500 लोगों के मारे जाने का दावा

समाज जागरण

ईरान में अब जो कुछ हो रहा है, वह काफी डरावना है. सड़कों पर लाशों के ढेर हैं और जेलें प्रदर्शनकारियों से ठसाठस भर चुकी हैं. 500 से ज्यादा लोगों की मौत और 10,000 गिरफ्तारियों की खबरों ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है. लेकिन असली भूचाल अभी आना बाकी है, क्योंकि सात समंदर पार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक 'सीक्रेट मीटिंग' बुला ली है. कहा जा रहा कि इसी में ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के विकल्प पर फैसला लिया जाना है. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू खुश हैं और भविष्यवाणी कर रहे हैं कि 'ईरान के वीरों' का बलिदान खाली नहीं जाएगा.



रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक- 'मून राइट्स ग्रुप HRANA ने जो आंकड़े जारी किए हैं, वे किसी युद्ध क्षेत्र से कम नहीं हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, मरने वालों का आंकड़ा 500 के पार जा चुका है. इनमें 490 तो सिर्फ वो आम नागरिक हैं जो अपनी आवाज उठाने सड़कों पर निकले थे. हिंसा की आग ने सुरक्षाबलों को भी नहीं बख्शा. 48 सुरक्षाकर्मी भी इस खूनी संघर्ष की भेंट चढ़ गए हैं.

## ट्रोनिका सिटी में फैक्ट्रियां उगल रही है कैमिकल युक्त विषैला पानी

समाज जागरण

लोनी, 11 जनवरीः ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र की प्रदूषित फैक्ट्रिया जल दोहन व प्रदूषण की समस्या का कारण बनी हुई है. इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला कैमिकल युक्त विषैला काला पानी जहा लोगों को जान लेवा बीमारी बाट रहा है वहीं मार्गों पर फैलकर आवागमन भी प्रभावित कर रहा है।

गौरतलब हो कि प्रदूषण के प्रति अत्यंत गंभीर दिल्ली सरकार ने जहां जींस रंगाई जैसी प्रदूषित फॉक्ट्रियो को क्षेत्र से बाहर कर दिया है वहीं यूपी क्षेत्र में उनके संचालकों को गले लगाने का काम किया जा रहा है. जो जिम्मेदारों की लाचार कार्य प्रणाली का कारण है।

यही लोनी क्षेत्र में बिना लाइसेंस के बगैर ही क्षेत्र में ऐसी फैक्ट्रियों का संचालन ना हो रहा हो इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता। बिना किसी मानकों के ही संचालित इन फॉक्ट्रियो में जहां भारी मात्रा में जल दोहन किया जा रहा है वहीं भू जल भी प्रदूषित होता जा रहा है।

### हैंडपंप उगल रहे हैं पानी के नाम पर बीमारियां

जींस फैक्ट्रियों द्वारा भारी मात्रा में जल दोहन किए जाने से जहां भू जल का ग्राफ दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है वही उनमें प्रयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के जहरीले युक्त पानी की वापसी के कारण भूजल भी विषैला होता जा रहा है. नतीजन बहुत से हैंडपंपों से पानी आना बंद हो गया है और



जिनमें पानी आता भी है वह इतना दूषित हो चुका है कि उसके पीने से क्षेत्रीय नागरिक विभिन्न प्रकार की कैंसर जैसी घातक बीमारी के शिकार होते जा रहे हैं।

### आवागमन हो रहा है प्रभावित

ट्रॉनिका सिटी में स्थित ऐसी फैक्ट्रियों से भारी मात्रा में प्रयोग होने वाला कैमिकल युक्त पानी दिनभर नालियों में बहता रहता है। जो एकदम नीला व इतना विषैला हो चुका होता है कि उसकी जहरीली गंध के कारण वहां से आने-जाने वाले लोगों के लिए वह परेशानी का कारण बना रहता है। यही नहीं कभी-कभी नालियों काऑवर फ्लो गंदा पानी मार्ग पर भर जाता है और आवागमन में एक और नई मुसीबत खड़ी करता है।

### पुलिस-प्रशासन पर मिलीभगत का आरोपे

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि एक तरफ प्रदूषण की समस्या को लेकर जहां दिल्ली सरकार अत्यंत गंभीर है, जिसने क्षेत्र से प्रदूषण फैलाने वाली उक्त जींस फैक्ट्रियों पर प्रतिबंध लगा दिया है वही उसकी बगल में सटे उत्तर प्रदेश की लोनी क्षेत्र में इनका खुलेआम संचालन होता जा रहा है। इसके अवैध संचालन के विरोध में संबंधित विभाग को शिकायत की जा चुकी है मगर उसका किसी पर कोई भी असर होता हुआ नजर नहीं आता है। जिसका मुख्य कारण फैक्ट्री संचालकों के साथ उनकी अपनी मिलीभगत को दर्शाता है।

## एलओसी के पास मंडरा रहे 'पाकिस्तानी ड्रोन', बॉर्डर पर हाईअलर्ट!

समाज जागरण

श्रीनगर. पाकिस्तान क्या फिर कोई नापाक हरकत करने की कोशिश कर रहा है. क्योंकि इंटरनेशनल बॉर्डर और लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के आसपास कुछ संदिग्ध ड्रोन मंडराते हुए देखे गए हैं. हलचल देखकर सेना के जवानों ने उनपर फायरिंग भी की है. पूरे इलाके में हाईअलर्ट कर दिया गया है. पाकिस्तान से लगी सीमा चौकियों पर जवानों को पूरी तरह से मुस्तैद रहने को कहा गया है. 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद शायद ये पहल मौका है, जब एलओसी और इंटरनेशनल बॉर्डर के पास संदिग्ध ड्रोन देखे जाने की बात सामने आई है. इसलिए एजेंसियां पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई हैं. इलाके का कोना-कोना छाना जा रहा है.

जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है. सांबा, राजौरी और पुंछ के इलाकों में आसमान में ये ड्रोन काफी देर तक मंडराते रहे. सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक ये ड्रोन पाकिस्तान की तरफ से भारतीय सीमा में आए थे. कुछ मिनट तक हवा में रहने के बाद ये वापस लौट गए. इस घटना के बाद सेना और सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं. जवानों ने तुरंत मोर्चा संभाला और ड्रोन को देखते



ही फायरिंग भी की. अब पूरे इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. पाकिस्तान की इस नई घुसपैठ ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है.

### नौशेरा में सेना ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, सर्च ऑपरेशन जारी

राजौरी के नौशेरा सेक्टर में हालात उस वक्त तनावपूर्ण हो गए जब गनिया-कलसियां गांव के ऊपर ड्रोन दिखा. वहां तैनात मुस्तैद जवानों ने बिना देरी किए मीडियम और लाइट मशीन गन से फायरिंग शुरू कर दी. गोलियों की तड़तड़ाहट से पाकिस्तान के मंसूबे नाकाम हो गए. ड्रोन की मूवमेंट देखते ही सेना ने जमीनी स्तर पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है. पूरे इलाके का चप्पा-चप्पा छाना जा रहा है. सेना यह पक्का कर रही है कि कहीं ड्रोन से कोई संदिग्ध चीज तो नहीं गिराई गई.

*//बेटी बीकानेर की//*

## सामाजिक परिवर्तन की आवाज और कला की उड़ानः बीकानेर की बेटी ज्योति की कहानी

हम अक्सर सोचते हैं कि जो लोग कंप्यूटर या तकनीक की पढ़ाई करते हैं, वे केवल दफ्तर के कामों में ही उलझे रहते होंगे। लेकिन



बीकानेर की ज्योति स्वामी को देखकर यह सोच बदल जाती है। ज्योति जी एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्हें एक साथ कई काम करना पसंद है। वे अस्पताल में रेडियो diagnosis रिपोर्टिंग and pcpndt act का कार्य भी संभालती हैं, सुंदर कविताएं भी लिखती हैं और राजस्थान की पुरानी कलाओं को भी जिंदा रख रही हैं।

**पढ़ाई और नौकरी**

ज्योति जी ने अपनी शुरूआती पढ़ाई के बाद बीटेक और एमबीए जैसी बड़ी डिग्रियां हासिल कीं। आज वे सरकारी अस्पताल में असिस्टेंट प्रोग्रामर के पद पर काम कर रही हैं। अपनी ड्यूटी को वे पूरी जिम्मेदारी से निभाती हैं, लेकिन उन्होंने कभी अपनी कला और शौक को पीछे नहीं छूटने दिया।

**साहित्य और सम्मान**

ज्योति जी को बचपन से ही लिखने का शौक है। वे अपनी कविताओं में बहुत ही सीधी और दिल को छू लेने वाली बातें लिखती हैं। उन्होंने बचपन के दिन', 'काव्य दर्शन', 'खुशबू मेरे वतन की' और 'सड़क सुरक्षा की स्वर लहरियां' जैसे साझा संकलनों में उनकी रचनाएं संकलित हैं। तो वहीं उन्होंने अखबारों में अपना स्थान बनाया है ।राजस्थान पत्रिका, सूरतगढ़ टाइम्स और युगपक्ष जैसे प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में उनकी कविताओं (जैसे 'आत्मनिर्भर', 'बेटी की मां', 'राजस्थानी कविताएं') का नियमित प्रकाशन होता है। साहित्य में उनके इस अनुपम योगदान के लिए उन्हें कई शीर्ष सम्मान मिल चुके हैं जिनमें मुख्य रूप से काशी कविता मंच द्वारा 'गोपाल रत्न सम्मान 2022', प्रेम फाउंडेशन द्वारा 'काव्य रत्न अलंकरण' और जनभाषा हिंदी द्वारा 'कलम श्री सम्मान' शामिल है।

**मुसीबत में सेवा (कोरोना योद्धा)**

जब पूरे देश में कोरोना फैला था, तब ज्योति जी ने एक बहादुर सिपाही की तरह काम किया। उन्होंने अपनी परवाह किए बिना लोगों की जांच (RT-PCR) और टीकाकरण में मदद की। उनके इस जज्बे को देखकर राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री ने उन्हें 'कोरोना योद्धा' (2020) कहा और बीकानेर पुलिस ने उन्हें 'डॉटर ऑफ बीकानेर' (2022)(बीकानेर की बेटी) के नाम से सम्मानित किया। नगर निगम द्वारा भी उन्हें विशेष चिकित्सा सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वही उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देते हुए सड़क सुरक्षा माह 2025 में 'ब्रांड कैंपेनर' के रूप में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जागरूकता अभियानों का नेतृत्व किया।

**पुरानी कला को नया रूप**

कला ज्योति स्वामी की आत्मा में बसती है। वे न केवल एक कलाकार हैं, बल्कि राजस्थान की लुप्त होती कलाओं की संरक्षक भी हैं।
मांडना और रंगोलीः भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित 'अमृत महोत्सव' में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीकानेर स्थापना दिवस पर ऐतिहासिक चौराहों को मांडना कला से सजाकर हेरिटेज संरक्षण का कार्य किया।
इवेंट मैनेजमेंटः अंतरराष्ट्रीय ऊंट महोत्सव में लगातार तीन वर्षों तक (2023, 2024, 2025) में रंगोली, मेहंदी और पेंटिंग प्रतियोगिताओं की 'सर्वश्रेष्ठ समन्वयक' के रूप में पर्यटन विभाग द्वारा सम्मानित होती रही हैं।
उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे आँखों पर पट्टी बांधकर 'इको-फ्रेंडली गणेश' बनाना तो जानती ही है साथ ही विदेशियों को भी इसका प्रशिक्षण दे चुकी हैं।

**सपनों की उड़ान**

अभी हाल ही में उन्होंने 'मिसेज इंडिया टैलेंटेड'2024 और 'सुपर वूमेन'2024 जैसे बड़े खिताब जीतकर सबको हैरान कर दिया। एक सजग नागरिक के रूप में उन्होंने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया है।
महिला सशक्तिकरण की बात करें तो उनके इन समस्त कार्यों एवं उपलब्धियों के कारण ही उन्हें 'अपराजिता अवार्ड 2023' और 'वूमेन इंस्पिरेशन अवॉर्ड 2025' से नवाजा गया है। आज उन्हें नारी शक्ति के प्रतीक के रूप में पहचाना जाता है।
बीकानेर के प्रसिद्ध 'खेलण दो गणगौर' उत्सव, आर.एन.बी. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के फेस्ट और विभिन्न प्रतिभा खोज कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि व निर्णायक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। मरू महोत्सव 2025 (जैसलमेर) और राजस्थानी संगम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति उनके बढ़ते सामाजिक कद को दशार्ती है।

ज्योति स्वामी जी का जीवन हमें सिखाता है कि अगर हम समय का सही इस्तेमाल करें, तो हम अपनी नौकरी के साथ-साथ अपने शौक को भी बहुत ऊंचे मुकाम पर ले जा सकते हैं। वे बीकानेर की हर उस लड़की के लिए प्रेरणा हैं जो बड़े सपने देखती है।

**संकलन कर्ता/कृष्ण चतुर्वेदी, आलेख निरुपण डॉ.मधुछंदा, बेंगलुरु**

*वैश्विक युद्ध की प्रेत-छाया में व्यापारिक द्वंद का दौरा।*

# ताकतवर देशों की आर्थिक सिरमौर बनने की चाहत।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य व्यापारिक संप्रभुता और विश्व की अर्थव्यवस्था मैं सिरमौर बनने के प्रयासों की ओर बढ़ रहा है। इस समय विश्व व्यवस्था की परिघटना में एक ऐतिहासिक मोड़ आ गया है जहाँ शांतिपूर्ण सहयोग और आर्थिक प्रतिस्पर्धा, युद्ध की परंपरागत विधि की अपेक्षा पहले से कहीं अधिक निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

आज 21वीं सदी में पारंपरिक ़भौतिक युद्धह के स्थान पर देश व्यापार युद्ध, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और नीतिगत टकराव के माध्यम से अपनी शक्ति, प्रतिष्ठा और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने में लगे हैं। यह स्पष्ट है कि अब विश्व युद्ध नहीं, बल्कि व्यापार युद्ध होने की संभावना अधिक है, क्योंकि दुनिया के अधिकांश प्रमुख देशों ने इस दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं।

आज विश्व अर्थव्यवस्था में शक्ति संतुलन का निर्धारण केवल सैन्य बल से नहीं होता बल्कि आर्थिक ताकत, वैश्विक व्यापार नीति, निवेश सहयोग एवं तकनीकी नेतृत्व से होता है। अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे प्रमुख देश अब सीधे युद्ध की बजाय आर्थिक रणनीतियों, शुल्क, व्यापार समझौतों, बाजारों तक पहुंच और पूंजी आकर्षण की लड़ाई में लगे हैं। आज अमेरिका ने 2025 में भारत सहित लगभग 68 देशों के खिलाफ बड़े पैमाने पर आयात शुल्क (टैरिफ) लगाए, जिनका उद्देश्य अपने व्यापार घाटे को कम करना और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देना है, जबकि इसी कदम ने वैश्विक अनिश्चितता को बढ़ाया है ।

अमेरिका और चीन के बीच पहले से चले आ रहे व्यापार तनाव ने व्यापार युद्ध की अवधारणा को मजबूती दी है, जहाँ दोनों देश एक-दूसरे के उत्पादों पर शुल्क बढ़ा रहे हैं। इससे वैश्विक व्यापार नेटवर्क प्रभावित हो रहे हैं और कई उद्योगों में अस्थिरता आ रही है। अमेरिका-चीन के बीच यह टकराव केवल शुल्कों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि तकनीकी नियंत्रण, निवेश प्रतिबंध और आपूर्ति श्रृंखला पुनर्गठन जैसे मुद्दों पर भी उभर रहा है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था की प्रवाहशीलता पर असर पड़ा है।

इस प्रतिस्पर्धा की पृष्ठभूमि में प्रत्येक देश अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए नीतिगत परिवर्तन कर रहा है। भारत ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 2024-25 में निर्यात में लगभग 15.52% की वृद्धि दर्ज की है, जिससे इसके व्यापार घाटे में भी उल्लेखनीय कमी आई है। भारत के निर्यात में मर्चेंडाइज और सेवा दोनों का योगदान रहा है और यह वैश्विक बाजार में उसकी प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को मजबूती देता है। अमेरिका, जो समय-समय पर अमेरिका फर्स्ट जैसी नीति अपनाता रहा है, वह अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा करते हुए उच्च टैरिफ लागू करता है, जिससे उसके व्यापारिक साझेदारों को आर्थिक संतुलन में बदलाव का सामना करना पड़ता है। अमेरिका के इस कदम से न केवल चीन, बल्कि भारत और यूरोपीय देशों के साथ भी तनाव उत्पन्न होने का खतरा बढ़ रहा है। अमेरिका का लक्ष्य लंबे समय से अपने व्यापार घाटे को कम करना रहा है, जो लगभग 1.2 ट्रिलियन डॉलर का रहा है, और इसी वजह से टैरिफ नीति का सहारा लिया जा रहा है।

चीन की स्थिति भी दिलचस्प है, जो अब विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ अपनी वैश्विक पहुंच और तकनीकी क्षमता का विस्तार कर रहा है। चीन बेल्ट एन्ड रोड (बीआरआई) के जरिए कई देशों को अपनी आर्थिक परिधि में लाने का प्रयास कर रहा है, जबकि अमेरिका उसे रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देख रहा है।

भारत ने हमेशा आधिकारिक तौर पर कहा है कि वह गुटनिरपेक्ष राजनीति और शांति की दिशा में विश्वास रखता है। भारत का रुख पारंपरिक सैन्य आक्रामकता से अलग है; वह व्यापार, निवेश, आर्थिक सुधार और तकनीकी नवाचार के माध्यम से विश्व में शांति एवं विकास का संदेश देना चाहता है। भारत जैसे उभरते बाजार देश ने व्यापार समझौतों पर जोर दिया है और उसने अनेक मुक्त व्यापार व साझेदारी समझौते किए हैं, जिनसे उसके निर्यात को बाजारों तक पहुंचाने में मदद मिली है और वैश्विक भागीदारों के साथ उसके संबंध मजबूत हुए हैं। दूसरी तरफ, पश्चिम एशियाई खाड़ी देश, जैसे सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात आदि, मुख्य रूप से तेल और ऊर्जा व्यापार में व्यस्त हैं। इन देशों की अर्थव्यवस्थाएं कच्चे तेल पर निर्भर हैं और तेल की कीमतों तथा वैश्विक ऊर्जा मांग पर उनकी आर्थिक स्थिति काफी हद तक टिकी हुई है। वे अपने संसाधनों का उपयोग वैश्विक निवेश और ऊर्जा सुरक्षा पर दबदबा बनाए रखने के लिए कर रहे हैं। इस क्षेत्र में आंतरिक विद्रोह, राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक विविधीकरण की चुनौतियों के बीच इन देशों की नजर वैश्विक आर्थिक संतुलन और निवेश आकर्षण पर टिके हुए हैं।

ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा जैसे विकसित देश भी रक्षा और रणनीतिक सहयोग से अधिक आर्थिक सुधार और वैश्विक व्यापार में प्रभाव के लिए प्रयासरत हैं। यूरोपीय संघ के भीतर व्यापार नीतियों, तकनीकी मानकों और आव्रजन नीतियों के माध्यम से वे अपने बाजार को संरक्षित करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होने का काम कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया, इसके प्राकृतिक संसाधनों और खुले व्यापार मॉडल के कारण, वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

अर्थव्यवस्था और वैश्विक शक्ति के बीच यह नया संबंध दशार्ता है कि आज दुनिया की लड़ाई ,कौन बड़ा सैनिक है की नहीं बल्कि ,कौन बड़ा व्यापारी और निवेशक है की हो गई है। इस प्रतिस्पर्धा का प्रभाव रोजगार, मुद्रास्फीति, निवेश प्रवाह और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर भी देखने को मिलता है। शोध बताते हैं कि आयात शुल्क और व्यापार संघर्षों से वैश्विक रोजगार में करोड़ों नौकरियों के नुकसान का खतरा भी होता है, विशेषकर निम्न-कुशल श्रमिकों पर यह प्रभाव और अधिक गहरा होता है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि दुनिया अब सामरिक युद्धों की अपेक्षा अर्थव्यवस्था, व्यापार नीति, तकनीकी नेतृत्व और निवेश रणनीति के युद्ध में प्रवेश कर चुकी है। ऐसी स्थिति में युद्ध की विधि सैन्य टकराव से बढ़कर आर्थिक प्रभाव, व्यापार प्रोत्साहन, वैश्विक साझेदारी और स्थिरता की दिशा में केंद्रित हो रही है। तथा इसमें भारत जैसे गुटनिरपेक्ष देश की भूमिका विशुद्ध रूप से शांति, आर्थिक समृद्धि और सहयोग की दिशा में अग्रसर होती दिखाई देती है।

इस समग्र परिप्रेक्ष्य से यह स्पष्ट है कि 21वीं सदी में व्यापार युद्ध ही मुख्य संघर्ष का मैदान है, जहाँ शक्ति का निर्धारण केवल बंदूक या टैंक से नहीं बल्कि बाजार, नीति, नवाचार, और वैश्विक सहयोग से होता है।



संजीव ठाकुर, लेखक

# *स्वामी विवेकानंदः युवाओं के लिए सच्चे आदर्श और मार्ग दर्शक*

भारत में 19वी सदी में अंग्रेजी शासन का बोल-बाला था और दूनिया हमें हेय दृष्टि से देखती थी। उस समय भारत माता ने एक ऐसे लाल को 12 जनवरी 1863 में जन्म दिया, जिसने भारत के लोगों का ही नहीं पूरी मानवता का गौरव बढ़ाया। माता-पिता ने बालक का नाम नरेन्द्र रखा। इसके बाद वे आध्यात्म से सरोबोर होकर स्वामी विवेकानंद कहलाए। स्वामी विवेकानंद पश्चिमी दर्शन सहित विभिन्न विषयों के ज्ञाता होने के साथ-साथ एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वह भारत के पहले हिंदू सन्यासी थे, जिन्होंने हिंदू धर्म और सनातन धर्म का संदेश विश्व भर में फैलाया। उन्होंने विश्व में सनातन मूल्यों, हिन्दू धर्म और भारतीय संस्कृति की सर्वोच्चता स्थापित की।

योगिक स्वभाव से परिपूर्ण, वे बचपन से ही ध्यान का अभ्यास करते थे। श्री रामकृष्ण परमहंस के संपर्क में आने के बाद उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव आया। इनका सम्बन्ध गुरु-शिष्य संबंध के रूप में विकसित हुआ। उन्होंने नवंबर 1881 में एक दिन श्री रामकृष्ण परमहंस से पूछा, सर, क्या आपने भगवान को देखा है? उन्होंने हाँ में उत्तर दिया और कहा कि मैं उन्हें उतने ही स्पष्ट रूप से देखता हूं, जितना कि मैं आपको देख रहा हूं।

श्री रामकृष्ण परमहंस के दिव्य मार्गदर्शन में, स्वामी विवेकानंद ने आध्यात्मिक पथ पर अद्भुत प्रगति की। 11 सितंबर, 1893 को शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में उनके भाषण ने दुनिया भर के धार्मिक और आध्यात्मिक सन्तों पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत अमेरिकी बहनों और भाईयों के रूप में संबोधित करते हुए की, जिससे पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने कहा जिस गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण माहौल में मेरा स्वागत किया है, उस से मेरा हृदय गद-गद है। भारत भूमि के सभी समुदायों, वर्गों व लाखों-करोड़ों भारतीयों तथा धर्मभूमि की तरफ से मैं आपको कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं।

उन्होंने कहा था- मुझे उस धर्म व राष्ट्र से संबंध रखने पर गर्व है जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिकता सिखाई है। हम न केवल सार्वभौमिक सहनशीलता में विश्वास रखते हैं बल्कि सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं। मुझे भारतीयता होने पर गर्व है, जिसमें विभिन्न राष्ट्रों के पीड़ितों और शर्णार्थियों को आश्रय दिया है। स्वामी जी का दृढ़ मत था कि सभी मार्ग एक सच्चे ईश्वर की ओर ले जाते हैं, जैसा कि ऋग्वेद में भी उल्लेख किया गया है कि एकम सत विप्र बहुदा वदन्ति अर्थात सत्य एक है; दार्शनिक इसे विभिन्न नामों से पुकारते हैं।



उनके भारतीय धर्मनिरपेक्षता के विचार सभी धर्मों के लिए समान थे। उन्होंने सदैव सार्वजनिक संस्कृति के रूप में धार्मिक सहिष्णुता का समर्थन किया, क्योंकि वे सद्भाव और शांति चाहते थे। यह केवल एक सुझाव नहीं था, बल्कि जाति या धर्म के आधार पर बिना किसी भेदभाव के लोगों की सेवा करने का एक मजबूत इरादा था। उनके विचारों में धर्मनिरपेक्षता के संबंध में तुष्टिकरण के लिए कोई स्थान नहीं था। यह सर्व समावेशी था, जिसका उन्होंने अमेरिका में प्रचार किया और 1893 में विश्व धर्म संसद में ऐतिहासिक व्याख्यान देने के बाद यूरोप का भी व्यापक दौरा किया।

जब वे चार साल बाद अमेरिका और ब्रिटेन की यात्रा कर भारत लौटे तो वे मातृभूमि को नमन कर पवित्र भूमि में लेट कर लोट-पोट हुए। यह मातृभूमि के प्रति उनके मन में अपार श्रद्धा और मां भारती के प्रति प्रेम था। उन्होंने कहा कि मातृभूमि का कण-कण पवित्र और प्रेरक है, इसलिए इस धूलि में रमा हूं। उन्होंने माना कि पश्चिम भोग-लालसा में लिप्त है। इसके विपरीत आध्यात्मिक मूल्य और लोकाचार भारत के कण-कण में रचा बसा है।

स्वामी विवेकानंद की दिव्यता, नैतिकता, पूर्व-पश्चिम का जुड़ाव व एकता की भावना विश्व के लिए वास्तविक संपत्ति है। उन्होंने हमारे देश की महान आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए एकता की भावना को परिभाषित किया। उनके बारे में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने लिखा है स्वामीजी इसलिए महान हैं कि उन्होंने पूर्व और पश्चिम, धर्म और विज्ञान, अतीत और वर्तमान में सामंजस्य स्थापित किया है, देशवासियों ने उनकी शिक्षाओं से अभूतपूर्व आत्म-सम्मान, आत्मनिर्भरता और आत्म-विश्वास आत्मसात किया है। इसी ऐतिहासिक संबोधन से प्रभावित होकर प्रख्यात ब्रिटिश इतिहासकार ए.एल. बाशम ने कहा था-स्वामी विवेकानंद जी को भविष्य में आधुनिक दुनिया के प्रमुख निमार्ता के रूप में याद किया जाएगा।

स्वामी विवेकानंद ने युवाओं के लिए कहा था उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए। वे युवाओं में आशा और उम्मीद देखते थे। उनके लिए युवा पीढ़ी परिवर्तन की अग्रदूत है। उन्होंने कहा था- युवाओं में लोहे जैसी मांसपेशियां और फौलादी नसें हैं, जिनका हृदय वज्र तुल्य संकल्पित है। वह चाहते थे कि युवाओं में विशाल हृदय के साथ मातृभूमि और जनता की सेवा करने की दृढ़ इच्छा शक्ति हो। उन्होंने युवाओं के लिए कहा था जहां भी प्लेग या अकाल का प्रकोप है, या जहां भी लोग संकट में हैं, आप वहां जाएं और उनके दुखों को दूर करें आप पर देश की भविष्य की उम्मीदें टिकी हैं। यह कदम इस मन्सा को दशार्ता है कि स्वस्थ लोग ही मजबूत राष्ट्र और जीवंत समाज का निर्माण कर सकते हैं।

अपनी भारत यात्रा के दौरान, स्वामी विवेकानंद विशेष रूप से दलितों में भयानक गरीबी और पिछड़ेपन को देखकर बहुत प्रभावित हुए। वह भारत के पहले धार्मिक नेता थे, जिनका यह मानना था कि जनता ही जनार्दन है। जनता की उपेक्षा करने से देश पिछड़ जाएगा। सदियों से चले आ रहे दमन के कारण सामाजिक व्यवस्था को सुधारने की अपनी क्षमता पर उन्होंने प्रश्नचिन्ह लगाया। उन्होंने महसूस किया कि गरीबी के बावजूद, जनता धर्म से जुड़ी हुई है, क्योंकि जनता को यह नही सिखाया गया कि वेदांत के जीवनदायी सिद्धांतों और उन्हें व्यावहारिक जीवन में किस प्रकार से धारण किया जा सकता है।वे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार करने, आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक बल को मजबूत करने में शिक्षा को ही एकमात्र साधन मानते थे। उनके शब्दों में शिक्षा मनुष्य को जीवन में संघर्ष के लिए तैयार करने में मदद करती है। शिक्षा चरित्रवान, परोपकार और साहसी बनाती है।

स्वामी विवेकानंद के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नैतिक मूल्यों और नए भारत के निर्माण की दृष्टि के अनुरूप है। एनईपी-2020 में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना, शिक्षा में मातृभाषा को बढ़ावा देना और समावेशी शिक्षा के लिए प्रावधान करने के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा सहित उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को 2035 तक 50 प्रतिशत तक बढ़ाना है। इसके साथ-साथ साढ़े तीन करोड़ नए पद सृजित करना है। यह शिक्षा नीति दलितों, पिछड़ों के समग्र और समावेशी सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए स्वामी जी के दृष्टिकोण को आत्मसात करने में एक गेम चेंजर साबित होगी।

दिव्यात्मा स्वामी विवेकानंद ने मनुष्य के जीवन को बेहतर बनाने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका की कल्पना की। इसलिए जब वे एक जहाज में प्रसिद्ध उद्योगपति जमशेदजी टाटा से मिले, तो उन्होंने विज्ञान के विकास में उनकी मदद मांगी। स्वामी विवेकानंद से प्रेरित होकर जमशेदजी टाटा ने भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु की स्थापना की। वे भारतीय संस्कृति व पश्चिमी शिक्षा प्रणाली के दोनों सर्वोत्तम पहलुओं को सामने लाना चाहते थे।

स्वामी जी का दर्शन और आदर्श भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्त्रोत हैं। वे महान विचारक, ओजस्वी वक्ता, दूरदर्शी, कवि और युवा संरक्षक थे।8 स्वामी विवेकानंद के दिखाए रास्ते पर चलकर ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत, आत्म निर्भर भारत, स्वस्थ भारत और भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना साकार किया जा सकता है। आइए हम अमृत काल में एक महान दार्शनिक, विचारक और युवाओं के प्रेरणा पुंज, स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं, राष्ट्रीयता की भावना, देशभक्ति, विविधता में एकता और समावेशिता को आत्मसात करने का संकल्प लें। यही स्वामी विवेकानंद को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



वरुण कुमार कवि ओर लेखन

## ट्रंप की नई टैरिफ धमकी से भारत-अमेरिका व्यापार रिश्तों पर गहराया संकट

अमेरिका में प्रस्तावित 500 फीसदी शुल्क विधेयक के कारण भारत के निर्यात और निवेश प्रवाह पर गंभीर जोखिम पैदा होने की आशंका जताई जा रही है

भारत और अमेरिका के रिश्तों में व्याप्त असहजता कम होती नहीं दिख रही है। हाल के दिनों में अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और उनके प्रशासन के सदस्यों द्वारा भारत के बारे में दिए गए बयान निराश करने वाले हैं। भारत की प्रतिक्रिया इस बारे में उचित ही संयमित रही है। ट्रंप ने पिछले सप्ताह एक ऐसे विधेयक का समर्थन किया जो उन्हें उन देशों पर कम से कम 500 फीसदी का शुल्क लगाने का अधिकार देगा जो रूस के यूरेनियम और पेट्रोलियम उत्पाद खरीद रहे हैं। इस विधेयक को द्विदलीय समर्थन प्राप्त है और संभवतः आने वाले दिनों में इसे पारित होने में अधिक कठिनाई नहीं होगी।

यह विधेयक निकट भविष्य में अमेरिका के साथ व्यापार समझौते तक पहुंचने की भारत की संभावनाओं पर गंभीर असर डालेगा। इस प्रकार, भले ही अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय कानूनी आधार पर ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्क को खारिज कर दे लेकिन यदि प्रस्तावित विधेयक पारित हो जाता है तो भारत लाभान्वित नहीं होगा।

ट्रंप प्रशासन ने भारत को रूसी तेल खरीदने के कारण पहले ही 25 फीसदी के अतिरिक्त शुल्क से दंडित कर रखा है। भारत से होने वाले आयात के करीब 55 फीसदी हिस्से पर वह 50 फीसदी शुल्क लगा रहा है। ध्यान रहे कि रूस से सबसे अधिक तेल खरीदने और गहरे व्यापारिक रिश्ते रखने के बावजूद अमेरिका ने चीन को निशाना नहीं बनाया है। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि चीन जवाबी कार्रवाई कर सकता है। ऐसे में यह संभव है कि नए कानून के साथ ट्रंप प्रशासन भारत पर और अधिक दबाव बनाए। रिपोर्ट के अनुसार भारत द्वारा रूस से आयात किए जाने वाले तेल की मात्रा में काफी कमी की गई है। खबरों के मुताबिक जनवरी के आरंभ में भारत की तेल खरीद 7.29 करोड़ यूरो की रही जबकि जुलाई 2023 में यह 18.90 करोड़ यूरो की थी।

चूंकि कच्चे तेल की कीमतें कमोबेश कम रही हैं इसलिए शायद भारतीय आयातक आसानी से रूसी तेल से दूरी बना सकें। जो कुछ दांव पर लगा है उसे और ट्रंप प्रशासन के रिकॉर्ड को देखते हुए भारतीय तेल आयातकों को सरकार से उचित सलाह मिलनी चाहिए। जैसा कि एक विशेषज्ञ ने इसी समाचार पत्र से कहा था, 500 फीसदी की शुल्क दर प्रभावी रूप से भारत के अमेरिकी निर्यात को ठप कर देगी।

साल 2024 में भारत ने अमेरिका को 87.3 अरब डॉलर का निर्यात किया जिसमें उसे 45.8 अरब डॉलर का अधिशेष हासिल हुआ। उसी वर्ष भारत ने 41.6 अरब डॉलर मूल्य की सेवाओं का भी निर्यात किया जिसमें मामूली घाटे का सामना करना पड़ा। यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी सरकार सेवाओं पर कैसे कर लगाएगी? यह कहा गया है

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 12 जनवरी को नोएडा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन, आईटीआई युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर` 11 जनवरी 2026: आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को रोजगार और अप्रेंटिसशिप का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन 12 जनवरी 2026 को किया जा रहा है। यह मेला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सेक्टर-31 निठारी, नोएडा में आयोजित होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजकीय आईटीआई नोएडा के प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारी यज्ञदेव सिंह ने बताया कि मेले में प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक मेले में उपस्थित होकर पंजीकरण एवं चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले में जनपद गौतमबुद्धनगर की कई नामी एवं प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जो योग्य अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। यह मेला युवाओं को उद्योगों से सीधे जोड़ने और उनके कौशल के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

प्रधानाचार्य यज्ञदेव सिंह ने अधिक से अधिक आईटीआई पास युवाओं से अपील की कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और समय पर मेले में पहुंचकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं। – सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## नववर्ष पर 'संवाद' कार्यक्रम के तहत भारतीय जाटव समाज की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

*बैठक का समापन सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने, संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा भविष्य की कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के संकल्प के साथ किया*

आगरा,संजय सिंह। नववर्ष के पावन अवसर पर सामाजिक सरोकारों को समर्पित संस्था भारतीय जाटव समाज द्वारा "संवाद" कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह ने की। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजनों, बुद्धिजीवियों एवं संगठन से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

बैठक में नववर्ष के दौरान प्रस्तावित सामाजिक, शैक्षिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। साथ ही गत वर्ष संस्था द्वारा किए गए कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर सार्थक विमर्श किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले तथा संस्था से जुड़े प्रमुख साथियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह में उत्साह एवं प्रेरणा का वातावरण बना।

बैठक में निकट भविष्य में दिल्ली एवं भरतपुर (राजस्थान) में आयोजित होने वाली बैठकों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जानकारी दी गई कि 3 अगस्त 2025 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर आगरा में बुद्धा पार्क के जीर्णोद्धार, निजी क्षेत्र में आरक्षण तथा धनौली क्षेत्र में टूटने वाले 70 से अधिक घरों को बचाने संबंधी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुरूप ये कार्य अब धरातल पर उतर चुके हैं, जो संस्था की प्रभावी पहल का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने अयोध्या श्रीराम मंदिर की पवित्रता भंग करने के प्रयास की करी घोर निंदा

### श्रीराम मंदिर में नमाज तो, जामा मस्जिद में होगा हनुमान चालीसा का पाठ: गोयल

लोनी, 11जनवरीः यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में एक व्यक्ति द्वारा कथित रूप से नमाज पढ़ने के प्रयास ने तुल पकड़ लिया हैं। घटना के मामले ने यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने इसे करोड़ों सनातन श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला, अत्यंत निंदनीय एवं सुनियोजित उकसावे की कार्रवाई बताया है।

फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जय भगवान गोयल ने कहना है कि श्रीराम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की आस्था, संस्कृति और अस्मिता का प्रतीक है। ऐसे पवित्र स्थल पर किसी भी प्रकार की अनुचित एवं असंवैधानिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जा सकती। लगता है यह घटना देश में शांति और सौहार्द बिगाड़ने की मंशा से की गई है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गंभीर विषय है कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद इस पतरह का प्रयास किया गया. यह सुरक्षा तंत्र पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता हैं।

प्रशासन को चाहिए कि वह इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराए और दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी दुस्साहसिक हरकत करने का साहस न कर सके।

यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि श्रीराम मंदिर परिसर एवं उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए तथा धार्मिक स्थलों की पवित्रता से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाए।

श्री गोयल ने कहा कि 06 दिसंबर 1996 को जामा मस्जिद के इमाम बुखारी ने धमकी दी थी कि हम आयोध्या जाकर नमाज अदा करेंगे, तो हमने अपने साथियां के साथ जामा मस्जिद जाकर हनुमान चालीसा का पाठ किया था और उनको चैताया था कि सनातनी श्रीराम जन्मभूमि के पवित्र स्थान पर किसी भी जिहादी मानसिकता को बर्दाश्त नही करेंगे। गोयल ने कट्टरपंथी जिहादी मानसिकता वाले लोगां को चेतावनी देते हुए कहा कि वह ऐसी हरकत से बाज आजाओ वरना अगर 120 करोड़ सनातनियां ने मस्जिदों में जाकर हनुमान चालीसा के पाठ पढ़ने शुरू कर दिए तो फिर जिहादी मानसिकता वाले अन्य देशो में सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ क्या हो सकता है? यह बात गंभीरता से समझने की जरूरत हैं।

# इस्लाम में हिंसा का कोई स्थान नहीं: परवेज चौधरी

### एंटी क्राइम आल इंडिया ट्रस्ट की बैठक में परवेज चौधरी ने धर्म के नाम पर भीड़ न्यास की करी कड़ी निन्दा




लोनी, 11 जनवरीः अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ जिलाध्यक्ष परवेज चौधरी ने कहा कि इस्लाम में हिंसा की कोई जगह नहीं है और साथ ही धर्म के नाम पर की जाने वाली भीड़ हिंसा इस्लामी शिक्षाओं की पूरी तरह खिलाफत करती है। यह बात उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों संग हुई बैठक के दौरान कहीं हैं।

चौधरी ने कहा कि इश निंदा जैसे आरोपों के आधार पर भीड़ द्वारा की गई हत्याएँ न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि धर्म की मूल भावना को भी आहत करती हैं। उन्होंने कहा कि कुरआन मानव जीवन को सर्वोच्च मानता है और निर्दोष की हत्या को पूरी मानवता के खिलाफ अपराध बताया गया है। उन्होंने पैगम्बर मुहम्मद के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि अपमान और अत्याचार सहने के बावजूद उन्होंने हमेशा संयम, धैर्य और क्षमा का मार्ग अपनाया. ऐसे में उनके नाम पर हिंसा करना उनके आदर्शों का अपमान है।

ट्रस्ट के जिला उपाध्यक्ष इजराइल मोहम्मद ने कहा कि भीड़ द्वारा न्याय करना स्वीकार्य नहीं है। ट्रस्ट ने धार्मिक नेताओं और समाज के प्रबुद्ध वर्ग से अपील करते हुए कहा कि वह ऐसी हिंसा का खुला विरोध करते हुए दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कराने में सहयोग करें। बैठक के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी धर्म का उद्देश्य समाज में शांति, न्याय और मानवीय मूल्यों को स्थापित करना बताया, न कि भय और अराजकता फैलाना।

इस अवसर पर सभी ने गौ रक्षक रवि धामा के जन्म दिन का केक काटकर उन्हें बधाई दी। बैठक के अंत में समस्त पदाधिकारियों ने समाज में सद्भाव, कानून के सम्मान और हिंसा के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। जहां मुख्य रूप से रजनीश कुमार, मेजर हाजी बाबू, मोनू उर्फ इंशाल्लाह, समुद्दीन आवरी, रवि कुमार बिट्ठ, इमरान, शादाब, आदिल, सलीम व अब्दुल सत्तार आदि के अलावा ट्रस्ट के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा में 'साइबर सुरक्षाः चुनौतियां एवं समाधान' विषय पर राष्ट्रचिंतना की 34वीं गोष्ठी आयोजित

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा 10 जनवरी 2026: शनिवार, 10 जनवरी 2026 को कैलाश इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग, नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा में सामाजिक एवं बौद्धिक मंच राष्ट्रचिंतना द्वारा "साइबर सुरक्षाः चुनौतियां एवं समाधान" विषय पर 34वीं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और डिजिटल सुरक्षा के उपायों पर विमर्श करना रहा।




कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्रोफेसर विवेक कुमार द्वारा तीन बार ॐ के नाद एवं संस्कार पक्ष के साथ किया गया। विषय का परिचय कराते हुए उन्होंने कहा कि अपराध की प्रवृत्ति, प्रकृति और पैमाना तेजी से बदल रहा है। आभासी माध्यमों और डिजिटल लेनदेन के बढ़ते उपयोग के कारण साइबर अपराध मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. त्रिवेणी सिंह, पूर्व पुलिस अधीक्षक, तथा विशिष्ट वक्ता श्री पूर्णेन्दु घोष, संयुक्त सचिव, इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन एवं संस्थापक वन रूफ सॉल्यूशन को स्मृति चिन्ह एवं पटका भेंट कर सम्मानित किया गया।

अपने प्रेरक उद्बोधन में डॉ. त्रिवेणी सिंह ने कहा कि साइबर अपराधी सुरक्षा एजेंसियों से भी दो कदम आगे चलकर नए-नए तरीकों से ठगी को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि कॉल स्पूफिंग, ईमेल स्पूफिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) के माध्यम से किए गए साइबर फ्रॉड के कारण अब तक लगभग 55 हजार करोड़ रुपये विदेशों में भेजे जा चुके हैं, जो एक प्रकार की समानांतर अर्थव्यवस्था के समान है और देश व उसके संस्थानों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

उन्होंने छात्रों को डिजिटल माध्यमों के प्रयोग में विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार निमंत्रण, नौकरी के चयन पत्र जैसे अवसरों पर विशेष सतर्कता आवश्यक है। डॉ. सिंह ने उम्मीद जताई कि आभासी निजी डेटा संरक्षण विधेयक-2023 के प्रभावी क्रियान्वयन से साइबर अपराधों में उल्लेखनीय कमी आएगी।

विशिष्ट वक्ता श्री पूर्णेन्दु घोष ने साइबर फ्रॉड की स्थिति में सचेत रहने, त्वरित निर्णय लेने और तुरंत प्रभावी कार्रवाई करने का मूल मंत्र साझा किया।

राष्ट्रचिंतना के अध्यक्ष प्रोफेसर बलवंत सिंह राजपूत ने डिजिटल ट्रांजेक्शन और आभासी माध्यमों में बढ़ते फ्रॉड को रोकने के लिए शीघ्र एवं प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नॉलेज पार्क क्षेत्र के विद्यार्थियों, आम नागरिकों एवं विशेष रूप से वरिष्ठ जनों के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई।

राष्ट्रचिंतना ग्रेटर नोएडा के अध्यक्ष राजेश बिहारी ने सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस समसामयिक विषय पर विचार साझा कर उन्होंने समाजहित में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कैलाश इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग के निदेशक डॉ. संदीप अग्रवाल का भी विशेष धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में डॉ. आकांक्षा, डॉ. लेखा सिंह, डॉ. निधि माहेश्वरी, सरोज अरोड़ा, राशि पाठक, प्रतिभा झा, श्रीमती संगीता वर्मा, डॉ. दिव्या अग्रवाल, राजेंद्र सोनी, नीरज जिंदल, किसलय कुमार, बिजेंद्र सिंह, नीरज कौशिक, श्री चंद गुप्ता, दिव्या सिकरवार, प्रियंका चौहान सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सौंदर्यकरण या संगठित हरित अपराध? गाज़ियाबाद के थानों में पेड़ों पर बुलडोजर जैसा राज

### घंटाघर से विजय नगर तक 'विकास' के नाम पर वनसंहार, निगम-प्रशासन-वन विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में

विशेष ग्राउंड रिपोर्ट रविंद्र आर्य
गाज़ियाबाद

घंटाघर कोतवाली परिसर में शुरू हुई पेड़ों की कटाई अब किसी एक थाने तक सीमित नहीं रही। कमिश्नरी लागू होते ही गाज़ियाबाद जिले के लगभग सभी थानों–घंटाघर से विजय नगर तक–में "सौंदर्यकरण" और "विकास" के नाम पर हरे-भरे पेड़ों का अंधाधुंध सफाया किया जा रहा है। यह पहली बार है जब थानों को सुंदर बनाने के नाम पर प्रकृति पर इतना खुला और निर्लज्ज अत्याचार देखा गया है।

ग्राउंड रिपोर्टिंग के दौरान पत्रकार रविंद्र आर्य ने मौके से वीडियो और फोटो साक्ष्य जुटाए। इसी दौरान नगर निगम के एक कर्मचारी ने नाम न बताने की शर्त पर स्वीकार किया– "जानकारी तो इकट्ठा कीजिएगा, आपको कीचड़ ही कीचड़ मिलेगा।"

विजय नगर में 'तांडव', रातों-रात पेड़ गायब

# सांसद और विधायक ने क्षेत्र वासियों को दी 5 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

***लोनी के गनौली-घिटोरा मार्ग के माध्यम से दर्जनो गांवों को पहुंचेगा लाभ***

***-श्मशान घाट का हुआ शुभारंभ, नागरिकों ने विधायक का किया धन्यवाद***



समाज जागरण

लोनी, 11 जनवरीः लोनी वासियों को 5 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात मिली हैं। क्षेत्रीय सांसद अतुल गर्ग और विधायके नंदकिशोर गुर्जर ने इसके अंतर्गत गनौली से घिटोरा मार्ग होते हुए खड़खड़ी तक नवनिर्माण कार्य, ग्राम शकलपुरा में मार्गों के निर्माण, नगरपालिका के खुशहाल पार्क, नंदा कॉलोनी में गली निर्माण कार्य के अलावा बहुप्रतीक्षित गढ़ी कट्टैया शमशान घाट निर्माण कार्य व अन्य विकास कार्य का शुभारंभ किया हैं।

इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी के साथ सांसद अतुल गर्ग लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष चौ. चैनपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख कोमल गुर्जर का भव्य स्वागत किया। इस दौरान स्थानीये सभासद जयवीर बंसल, अनूपे भड़ाना, कुलवीर चौहान, सभासद दल अध्यक्ष रोहित भारद्वाज, सभासदगण, मंडल अध्यक्ष मनीष चौहान, राहुल शयाम सुंदर, अश्विनी कुमार, जितेन्द्र गुप्ता, संतोष मिश्रा, जिला मंत्री आकाश गौतम, सुदेश भारद्वज, नितिन मावी व भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि लोनी को अपराध के कारण जाना जाता था। आज लोनी से अपराध खत्म हुआ है, लोनी विकास से कोसों दूर था लेकिन 2017 के बाद अपराध यहां खत्म हुआ है और स्थानीय विधायक जी के नेतृत्व में विकास के सकारात्मक दृश्य लोनी में देखने को मिल रहे है। शेष कार्यों को भी हम दोनों मिलकर जल्द पूरा किया जाएगा। वहीं जिलाध्यक्ष चौ. चैनपाल सिंह ने कहा कि भाजपा राज में लोनी का चौमुखी विकास हुआ है। आज लोनी प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की और अग्रसर है।

इस मौके पर स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जन चौपाल लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

इसके उपरांत लोगों को संबोधन में एमएलऐ नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि 2017 में जब हम विधायक बने थे, तब लोनी में विकास के नाम पर शून्य था अपराध चरम पर था। आज बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पेयजल आपूर्ति और सीवरेज सिस्टम जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। आजका विकास कार्य बदलाव का सूचक है कि लाखों की आबादी में 1 शमशान घाट के लिए लोगों को कई किलोमीटर चल कर यमुना नदी पर जाना पड़ता था आजादी से हो रही मांग आज फलीभूत हुई है, अथक प्रयासों से और विकास के साफ नीयत से जल्द ही दिल्ली सहारनपुर रोड़ का निर्माण होने जा रहा है। बैहटा हाजीपुर नहर पर मार्ग निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। जल्द बेहटा बंद फाटक पर भी हम कार्य शुरू करने जा रहे है।

# मीरपुर हिन्दू में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के विरोध में धरने पर तीसरे दिन भी डटे रहे ग्रामीण, भाकियू (टिकैत) का मिला समर्थन

समाज जागरण

लोनी, 11 जनवरीः मीरपुर हिन्दू गांव में मंदिर में चल रहा सालिड वेस्ट मैनेजमेंट (डंपिंग) ग्राउंड के विरोध में ग्रामीणों के आंदोलन ने अब और तेज गति पकड़ ली है। धरने को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने अपना समर्थन देते हुए आंदोलन को और मजबूती प्रदान की है।

गौरतलब हो की बीते दिन क्षेत्रीय ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत से मुलाकात कर डंपिंग ग्राउंड को लेकर अपनी समस्याएं और आशंकाएं उनके सामने रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि आबादी के नजदीक कूड़े के निस्तारण और भंडारण से स्वास्थ्य, पर्यावरण और धार्मिक स्थलों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। जिस पर चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहर के कूड़े का निस्तारण या भंडारण गांवों की आबादी के पास किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि भारतीय किसान यूनियन इस संघर्ष में उनके साथ खड़ी है और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।




रविवार को धरने के तीसरे दिन भारतीय किसान यूनियन प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण मलिक भी धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को संबोधित किया। उनके साथ टिकैत टीम से बिल्लू प्रधान भी अपने समर्थकों सहित पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। प्रदर्शनकारियों ने धरने को शांतिपूर्ण मगर मजबूती के साथ जारी रखने की बात कही।

वहीं धरना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों का कहना है कि मीरपुर हिन्दू एक घनी आबादी वाला गांव है और यहां प्राचीन शिव मंदिर ग्रामीणों की आस्था का केंद्र है। ऐसे में मंदिर परिसर के आसपास डंपिंग ग्राउंड या सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का संचालन न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाता है, बल्कि इससे क्षेत्र में बीमारियों और प्रदूषण का खतरा भी बढ़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को तत्काल यहां से हटाया जाए या आबादी से दूर किसी वैकल्पिक स्थान पर स्थापित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने के दौरान महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की भारी भीड़ जमा रही जिसे देखकर लगता है आने वाले दिनों में इसके और व्यापक होने की संभावना है।

# टीएमयू संवादकास्ट वैश्विक स्तर पर बनेगा अकादमिक आवाज

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के आधिकारिक पॉडकास्ट- टीएमयू संवादकास्ट का शंखनाद, संवादकास्ट के सुअवसर पर टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन के संग-संग स्पॉटिफाई की एशिया पैसिफिक गवर्नमेंट अफेयर्स की रीजनल डायरेक्टर सुश्री विनीता दीक्षित, मेजर (डॉ.) मोहम्मद अली शाह आदि की रही उल्लेखनीय मौजूदगी

**खास बातें**

*शिक्षा क्लास रूम की चाहर दीवारों तक सीमित नहींः अक्षत जैन*
*विनीता दीक्षित बोलीं, पॉडकास्ट स्टोरीटेलिंग का आत्मीय माध्यम*
*स्टुडेंट्स टीएमयू की असली ताकतः मेजर मोहम्मद अली शाह*
*टीएमयू संवादकास्ट समाज के लिए ज्ञान का प्रकाशस्तंभः वीसी*
*डॉ. मंजुला जैन बोलीं, संवादकास्ट से शिक्षा, संस्कृति पसारेगी पांव*




तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने कहा, शिक्षा क्लास रूम की चाहर दीवारों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संवाद और अनुभव से विकसित होती है। इंटरनेट के इस युग में हम सबके पास प्रचुर जानकारी सुलभ तो है, लेकिन गंभीर और सार्थक संवाद दुर्लभ हो गया है। श्री अक्षत तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के आधिकारिक पॉडकास्ट- टीएमयू संवादकास्ट- वेयर एवरी वॉइस लाइट्स द पाथ के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री जैन बोले, टीएमयू संवादकास्ट का उद्देश्य स्टुडेंट्स को केवल कंटेंट नहीं, बल्कि संदर्भ और दृष्टिकोण प्रदान करना है, जिससे व्यक्तिगत विकास और निरंतर सीख को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई, यह संवादकास्ट शिक्षा के संग-संग नवाचार, नेतृत्व और सामाजिक सरोकारों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पूर्व स्पॉटिफाई की एशिया पैसिफिक गवर्नमेंट अफेयर्स की रीजनल डायरेक्टर सुश्री विनीता दीक्षित ने बतौर मुख्य अतिथि तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के आधिकारिक पॉडकास्ट- टीएमयू संवादकास्ट- वेयर एवरी वॉइस लाइट्स द पाथ का विधिवत उदघाटन किया।

स्पॉटिफाई की रीजनल डायरेक्टर सुश्री विनीता दीक्षित ने बतौर मुख्य अतिथि ऑनलाइन कहा, भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पॉडकास्ट बाजार है। यह क्षेत्र तीव्र गति से उड़ान भर रहा है। उन्होंने बताया, वर्ष 2024 में भारतीय पॉडकास्ट उद्योग का बाजार लगभग 900 मिलियन डॉलर रहा और 2030 तक इसके 4.5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पॉडकास्ट स्टोरीटेलिंग का एक प्रभावी और आत्मीय माध्यम है। यह श्रोता और वक्ता के बीच सीधा जुड़ाव स्थापित करता है। टीएमयू संवादकास्ट को उन्होंने अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। पूर्व सेना अधिकारी, टीईडीएक्स वक्ता और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्मों के अभिनेता मेजर (डॉ.) मोहम्मद अली शाह ने बतौर विशिष्ट अतिथि ने वर्चुअली टीएमयू की सकारात्मक संस्कृति और अकादमिक वातावरण का श्रेय यूनिवर्सिटी की टॉप लीडरशिप को देते हुए कहा, यूनिवर्सिटी की असली ताकत उसकी इमारतों में नहीं, बल्कि उसके छात्रों, शिक्षकों और कारिंदों में होती है। मेजर शाह बोले, टीएमयू संवादकास्ट छात्रों के लिए प्रेरणा, संवाद और नेतृत्व विकास का सशक्त मंच बनेगा।

टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने आशा जताई, टीएमयू संवादकास्ट छात्रों, शिक्षकों और समाज के लिए ज्ञान का प्रकाशस्तंभ बनेगा। साथ ही यह मंच वैश्विक स्तर तक टीएमयू की आवाज पहुंचाएगा। डीन एकेडमिक्स, डॉ. मंजुला जैन ने कहा कि संवादकास्ट केवल एक पॉडकास्ट नहीं, बल्कि विश्व को टीएमयू की अकादमिक आवाज के तौर पर पहचान दिलाएगा। उन्होंने कहा, यह मंच नेतृत्व, नवाचार, शिक्षा, संस्कृति, सतत विकास और जीवन अनुभवों पर आधारित अर्थपूर्ण चचाओं को आगे बढ़ाएगा। स्पॉटिफाई जैसी वैश्विक संस्था की सहभागिता को उन्होंने अकादमिक संवाद के वैश्विक विस्तार का प्रतीक बताया। इसके पश्चात टीएमयू संवादकास्ट के पहले एपिसोड की रिकॉर्डिंग आरंभ हुई, जिसमें मेजर (डॉ.) मोहम्मद अली शाह ने एंकर की भूमिका निभाई। मेजर शाह ने सुश्री विनीता दीक्षित से नेतृत्व, संवाद, भविष्य की शिक्षा, पॉडकास्ट की भूमिका और युवाओं के लिए आवश्यक कौशलों पर गहन चर्चा की। सुश्री दीक्षित ने युवाओं को जिज्ञासु, संवेदनशील, नैतिक और अनुकूलनशील बनने की सलाह दी। अंत में असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रो. हरबंश दीक्षित, प्रो. एमपी सिंह, प्रो. प्रवीन जैन, प्रो. सुशील कुमार सिंह, प्रो. राजुल रस्तोगी, डॉ. अमित कंसल, डॉ. ज्योति पुरी, श्री अवनीश पवारिया, प्रो. प्रदीप तांगड़े, डॉ. अंकिता जैन, प्रो. आशु मित्तल, प्रो. नवनीत कुमार, डॉ. रत्नेश जैन आदि की भी गरिमामयी मौजूदगी रही।

# मकर संक्रांति पर बृज की रसोई ने जरूरतमंदों को कराया नि:शुल्क पौष्टिक भोजन वितरण

लखनऊ 11 जनवरी 2026: मकर संक्रांति के पावन अवसर पर इंडियन हेल्पलाइन सोसाइटी (रजि.) द्वारा संचालित बृज की रसोई ने आशियाना क्षेत्र में सामाजिक दायित्व की मिसाल पेश की। बाबा नीम करौली जी की असीम कृपा से संचालित इस सेवा प्रकल्प के तहत अकिंचन, निराश्रित एवं जरूरतमंद बच्चों और बुजुर्गों को तहेरी, चटनी एवं बूंदी युक्त निःशुल्क पौष्टिक भोजन वितरित किया गया।



संस्था के अनुसार अपराह्न 2 बजे से प्रारंभ हुए इस सेवा कार्य में लगभग 1500 जरूरतमंदों को ससम्मान भोजन कराया गया। भोजन वितरण आशियाना के सेक्टरझजे, सेक्टरझ एम, रतन खंड पार्क, झुग्गीझझोपड़ियों, निमार्णाधीन भवनों में कार्यरत श्रमिकों तथा नगर निगम की मलिन बस्तियों सहित कई क्षेत्रों में किया गया। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा कि बृज की रसोई केवल भोजन वितरण नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के आत्मसम्मान और आशा को सशक्त करने की मानवीय पहल है। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों व स्वयंसेवकों ने अनुशासित एवं व्यवस्थित रूप से सेवा कार्य संपन्न कराया।

# अस्पताल में दो महिलाओं का बच्चेदानी का असुरक्षित ऑपरेशन, कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों को अस्पताल संचालक ने धमकाया

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। बभनी मुख्य बाजार स्थित संजीवनी सर्जिकल हॉस्पिटल में दो महिलाओं की बच्चेदानी असुरक्षित तरीके से निकाली गई। इस मामले का खुलासा शनिवार शाम स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी के दौरान हुआ। छापेमारी के समय अस्पताल संचालक ने दोनों मरीज महिलाओं को एक कमरे में बंद कर दिया और मौके से फरार हो गया। मरीज घंटों तक अस्पताल में फंसे रहे। लगभग एक घंटे बाद, महिलाओं को अस्पताल के पीछे के रास्ते से खेतों में ले जाकर छिपाया गया। दोनों महिलाओं की बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था। स्वास्थ्य विभाग के सह नोडल अधिकारी गुरु प्रसाद ने शनिवार शाम पांच बजे बभनी स्थित इस निजी अस्पताल पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान, अस्पताल संचालक ने दो मरीजों को अंदर बंद कर दिया और फरार हो गया। बाद में, ऑपरेशन की गई महिलाओं को पैदल ही पीछे के रास्ते से खेतों में ले जाया गया और वहां बैठाया गया। महिलाओं ने बताया कि उनकी बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद, उन्हें बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ी में जबरन बैठाकर दूसरे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान, मरीजों के परिजन अस्पताल के चक्कर लगाते रहे। जिन महिलाओं का ऑपरेशन किया गया, उनकी पहचान छत्तीसगढ़ के डूमरपान निवासी बुधनी पत्नी लालता और बचरा गांव निवासी उर्मिला पत्नी श्याम बिहारी के रूप में हुई है। मामले की कवरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों को अस्पताल संचालक ने धमकाया। छापेमारी करने पहुंचे सह नोडल अधिकारी गुरु प्रसाद इस दौरान मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार, बभनी बाजार में कुछ दलालों के माध्यम से महिलाओं के गर्भाशय निकालने और गर्भपात जैसी घटनाओं को चोरी-छिपे अंजाम दिया जा रहा है। सह नोडल अधिकारी गुरु प्रसाद ने बताया कि संजीवनी सर्जिकल हॉस्पिटल को नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके बाद सुबह अस्पताल में सील लगा दिया गया। वही पत्रकारों ने अपने साथ हुई बतमीजी को लेकर थाने में लिखित शिकायत देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।




# इलेक्ट्रोहोमियो पैथ के जनक काउंट सीजर मैटी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। इलेक्ट्रो होमियोपैथी के जनक काउण्ट सीजर मैटी का जन्मदिन -सहयोग लिवर केयर एण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथी क्लीनिक बहुअरा में महात्मा काउण्ट सीजर मैटी जी की 217 वीं जयंती को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मैटी जी की प्रतिमा के सामने केक काटकर जन्मदिन मनाया गया ।इस अवसर पर आसपास तथा अन्य जनपदों से आए हुए इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के चिकित्सकों की उपस्थिति रही।

वरिष्ठ डॉक्टर जयप्रकाश ने बताया कि इलेक्ट्रो होमियोपैथी संपूर्ण इलाज है तथा यह सर्व सुलभ है तथा दुष्प्रभाव रहित चिकित्सा पद्धति है इलेक्ट्रोपैथी के क्षेत्र में चिकित्सकों के लिए भी अपार संभावनाएं हैं उक्त अवसर पर वैद्य जयप्रकाश सिंह शिवकुमार, मुकेश, वैद्य राजेश रत्न मौर्य, अरविंद मौर्य वरिष्ठ डॉक्टर एवं पत्रकार डॉ जितेंद्र, डॉक्टर सुरेश सिंह, वैद्य दिनेश कुमार सिंह पत्रकार एवं डॉक्टर विशाल मौर्य, विनोद मौर्य, डा० सत्येन्द्र श्रीमती पूजा सिंह, किरन इत्यादिअनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# देशभर में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' शुरू, कांग्रेस का आरोप, महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को षड्यंत्रपूर्वक समाप्त करना चाहती है सरकार

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर देशभर में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की शुरूआत हो गई है। इसी क्रम में सोनभद्र जनपद में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने जिला कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता की। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार देश के गरीबों की सबसे महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को षड्यंत्रपूर्वक समाप्त करना चाहती है। गोंड ने कहा कि सरकार ने पहले इस योजना का नाम बदला और अब इसे खत्म करने की पूरी योजना बना ली है। मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति के जिला कोऑर्डिनेटर बृजेश तिवारी ने भी केंद्र सरकार पर ग्रामीण भारत की संरचना को ध्वस्त करने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। उन्होंने 100 दिन के रोजगार गारंटी कार्यक्रम को 125 दिन का करने को एक 'जुमला' बताया। तिवारी ने बताया कि केंद्र सरकार मनरेगा के तहत ग्रामीण विकास के लिए पहले 90%अंशदान देती थी, जबकि 10%राज्यों से आता था। अब इसमें बदलाव कर 60% केंद्र और 40% राज्य सरकार का अंशदान करने का फरमान जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सभी राज्यों की आर्थिक स्थिति खराब है और वे कर्ज में डूबे हुए हैं, ऐसे में यह कदम मनरेगा श्रमिकों की आय पर डाका डालने जैसा है। पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश देव पांडेय ने एक अन्य मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि सरकार ने सोनभद्र जनपद में लगभग 2 लाख मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर कर दिया है और फर्जी मतदाताओं को जोड़ने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता इस मंसूबे को नाकाम करेगा और हर पात्र व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाएगा। प्रेस वार्ता के बाद, सभी कांग्रेस कार्यकताओं ने सोनभद्र के जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने गांधी प्रतिमा के पास बैठकर एक दिन का उपवास किया। उन्होंने मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया। पूर्व अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान परआज से मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरूआत हो गई है। जिस जिसकी शुरूआत ब्लॉक से लेकर नया न्याय पंचायत स्टार से होते हुए प्रत्येक ग्राम में मनरेगा में कार्य करने वाले लोगों से जुड़कर उनको जागरूक करने का कार्य अगले 28 फरवरी तक कांग्रेस कार्यकर्ता करेंगे उपवास कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान सचिव चंदौली के कोऑर्डिनेटर इंजीनियर जितेंद्र पासवान ने कहा कि सरकार की मंशा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति की बहुतायत संख्या में ग्रामीण रोजगार गारंटी में जुड़े हुए हैं उनका मुख्य धारा से हटाकर गरीबी की पराकाष्ठा में पहुंचाना चाहती है जिसको हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ता मिलकर होने नहीं देंगे। उपवास कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद ने कहा कि वर्तमान की भाजपा सरकार चाहे वह प्रदेश की हो या केंद्र की गरीबों को सूचित करने पर उतारू है हम लोग राहुल गांधी जी के नेतृत्व में गरीबों के न्याय की लड़ाई पूरी तत्परता से लड़ते रहेंगे और न्याय दिलाएंगे, पीसीसी सदस्य आशुतोष दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किया। उपवास कार्यक्रम में रामराज सिंह गोंड शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद, पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी जिला महासचिव बाबूलाल पनिका का कोषाध्यक्ष राजबली पांडे महासचिव इनामुलहक अंसारी पीसीसी सदस्य बेबी सिंह, इंजीनियर शिवप्रसाद यादव, प्रांजल श्रीवास्तव पीसीसी सदस्य आशुतोष दुबे, सूरज वर्मा अनुपम द्विवेदी लल्लू राम पांडे शीतल पटेल आशीष शुक्ला, मंजू देवी, रिचर्ड डेविड, शंकर लाल भारती, आरटीआई के जिला अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, शीतल पटेल अजीत शुक्ला स्वतंत्र साहनी राधेश्याम पटेल शंकर लाल भारती चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा,अमरेश शर्मा, शहर कांग्रेस कमेटी के नंदकुमार शर्मा मोहम्मद कलीम कंट्रोल रूम प्रभारी आशीष सिंह परमानंद, इंजीनियर सुधाकर, निसार अहमद, नन्द किशोर, राहुल जैन, रामेश्वर यादव, लाल बहादुर वर्मा, दयाशंकर पांडे, अवनीश राजपूत, राहुल पटेल, सेराज हुसैन व अन्य लोग उपस्थित रहे।




# सीएम आरोग्य मेला में पीएचसी खलियारी पर 100 मरीजों को जांच कर दी गई दवा

**ब्यूरो समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। नगवां ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलियारी पर रविवार को सीएम आरोग्य मेला में कुल 100 मरीजों को दवा वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खलियारी के फार्मासिस्ट अनूप कुमार ने बताया कि मेला में कुल 100 मरीजों को दवा वितरण किया गया है, जिसमें अधिकांश मरीज बुखार, खांशी, सुगर से सम्बंधित मरीजों का इलाज किया गया है। गर्भवती महिलाओं की जांच कर रही एएनएम सरस्वती देवी ने बताया कि हमारे यहां कुल 05 महिलाओं का वजन, बीपी, एच बी, एचआईवी का जांच कर उन्हें आईरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड दवा दी गई। दो महिलाओं का डिलेवरी भी हुआ है। मेला में लैब टैक्नीशियन सोनाली मरीजों को जांच कर रही हैं, उन्होंने बताया कि 10मरीजों का जॉच किया गया जिसमें, हिमोग्लोबिन, मलेरिया, टाईफाइड, शुगर का जॉच किया गया जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं पाया गया है। मेला में सीएचओ सुनीता यादव, फार्मासिस्ट अनूप कुमार मरीजों को दवा वितरण किया। आरोग्य मेला में क्षेत्र के खलियारी, बलियारी, पंडरी, रायपुर, तेंदुआ, सुअरसोत, मांची, नगवां, दरमा, करही , समेत बिहार से सीकरी, सिकरवार, अधौरा से मरीज इलाज कराने उपस्थिति रहे।



# भारी विरोध के बावजूद मुस्लिम युवती ने हिंदू रीति-रिवाज से किया विवाह, परिजनों के विरोध के बाद भी प्रेमी संग लिए सात फेरे

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। कुछ रिश्ते साथ जन्मों के लिए बने होते हैं और लाख बंदिसे रुकावटें आने के बाद भी एक दूसरे के होकर रहते हैं। ऐसा ही एक मामला सोनभद्र में देखने को मिला जहां मुस्लिम युवती ने हिंदू प्रेमी से लाख बंदिशें के बावजूद शादी करके अपना जीवन जीने की ठानी। बता दे एक मुस्लिम युवती और हिंदू युवक ने परिजनों के विरोध के बावजूद हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह कर लिया। यह विवाह रॉबर्ट्सगंज स्थित दंडितबाबा मंदिर परिसर में संपन्न हुआ, जहां दोनों ने सात फेरे लिए। यह प्रेम कहानी कई सामाजिक दबावों और पारिवारिक विरोध के बाद सुखद अंत तक पहुंची। युवती और युवक दोनों बालिग हैं और उन्होंने आपसी सहमति से साथ रहने का फैसला किया था। उन्हें परिजनों से लगातार धमकियां मिल रही थीं, जिसके चलते उन्हें रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में सुरक्षा की गुहार लगानी पड़ी थी। कई दिनों की जद्दोजहद और तनावपूर्ण माहौल के बाद आखिरकार मंदिर में विवाह संपन्न कराया गया। मीडिया और गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दोनों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और सात जन्मों के बंधन में बंध गए। विवाह के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रेमिका जेहा खातून ने बताया कि उन्होंने यह शादी अपनी मर्जी से की है। उन्होंने परिवार से मिली धमकियों और थाने के चक्कर लगाने का भी जिक्र किया, लेकिन अंततः अपने फैसले से खुश होने की बात कही। प्रेमी प्रदीप कुमार ने बताया कि डेढ़ साल पहले काम के दौरान हुई जान-पहचान अब शादी तक पहुंच गई है। उन्होंने भी तमाम दुश्वारियों का सामना करने के बाद ईश्वर को साक्षी मानकर सात जन्मों तक साथ रहने की शपथ लेने की बात कही। यह पूरा घटनाक्रम रॉबर्ट्सगंज-करमा थाना क्षेत्र से जुड़ा है और विवाह के बाद मामला शांतिपूर्ण तरीके से सुलझता दिख रहा है।






# डाला नगर पंचायत में बन रहे सीसी रोड में, घटिया सामग्री हो रहा इस्तेमाल

**ब्यूरो समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। डाला के नगर पंचायत वार्ड नंबर 3 और 7 चूड़ी गली में बना रहे सड़क की सीसी रोड पर उठ रहे सवालिया निशान। इस सड़क पर





पहले से नाली का निर्माण गलत तरीके से कराया गया। विरोध करने के बावजूद भी नाली जबरदस्ती बनवा दी गई, उसके बाद जब सड़क बनने लगा तब सड़क पर जो रा मटेरियल गिरना चाहिए वह नहीं गिरा ठेकेदार के मनमानी से रद्दी मैटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है।सड़क सही ढंग से नहीं बन रहा है। अगर इसकी सही से जांच की जाए तो निश्चित ही बहुत बड़ा घोटाला नजर आएगा। यह अत्यंत आवश्यक है कि जनता की गाढी कमाई से बन रही सड़क आखिर ठीक से क्यों नहीं बनाया जा रहा है । यह हमारे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दिशा निर्देश है कि कोई भी कार्य प्रदेश में गलत नहीं होने देंगे। निर्देश के बावजूद गुणवत्ता विहीन कार्य को कराया जा रहा है। इसकी जांच करने की मांग स्थानीय लोगों ने की है।

# फ्रेंडली क्रिकेट मैच में प्रशासन एकादश बनी चैम्पियन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र (जनवार्ता)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय अंबेडकर स्टेडियम में रविवार को पत्रकार बनाम प्रशासन के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच के मुख्य अतिथि अमित कुमार सीओ ओबरा, इं. आर.के. अग्रवाल सीजीएम ओबरा, सतीश कुमार सिंह सी आईएसएफ कमांडेंट ओबरा तथा विशिष्ट अतिथि राहुल श्रीवास्तव (अध्यक्ष), रमेश सिंह यादव (उपाध्यक्ष), दिनेश सिंह (क्रीड़ा अधिकारी), तहसीलदार नरेंद्र राम व नायब तहसीलदार रजनीश यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। टॉस जीतकर पत्रकार एकादश ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रशासन एकादश ने निर्धारित 12 ओवर में 106 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार एकादश की टीम 11.5 ओवर में ऑल आउट होकर मात्र 36 रनों पर सिमट गई।

मैच में सुरेश कुमार को बेस्ट बैट्समैन एवं शिशिर शर्मा को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। वहीं विजेता टीम के कप्तान इं. आर.के. अग्रवाल (मुख्य महाप्रबंधक ओबरा) तथा उपविजेता टीम के कप्तान भोला दुबे को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रदीप तिवारी, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के शिशिर शर्मा, इमरान अहमद, फैजल खान, महेश अग्रवाल, अनिल, एसोसिएशन के सचिव अजीज खान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# रोजगार, बिजली व सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों का पैदल मार्च

## डोडहर से एनटीपीसी गेट तक जताया जनाक्रोश

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। रोजगार, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर रविवार को युवा जन कल्याण संस्था के तत्वावधान में ग्रामीणों ने डोडहर से एनटीपीसी स्वागत गेट तक पैदल मार्च निकालकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना जनाक्रोश व्यक्त किया। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत निकाले गए इस मार्च में डोडहर से शुरू होकर रास्ते भर ग्रामीण स्वतः जुड़ते गए। जुलूस डोडहर गेट से प्रारंभ होकर बस स्टैंड प्रांगण में आयोजित सभा के साथ संपन्न हुआ। सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख म्योरपुर मानसिंह गोंड ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च निकालना लोकतांत्रिक अधिकारों का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही एनटीपीसी प्रबंधन और जिलाधिकारी से मुलाकात कर डोडहर गेट खुलवाने तथा बखिहवाँ से बीजपुर सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इसके बावजूद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विस्थापित ग्रामीणों को एनटीपीसी में रोजगार में प्राथमिकता मिलनी ही चाहिए। युवा जन कल्याण संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि कई बार एनटीपीसी प्रबंधन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इसी उपेक्षा के कारण ग्रामीणों को पैदल मार्च निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा।

सभा को संबोधित करते हुए सपा नेत्री रुखसाना ने कहा कि यह संघर्ष आम और गरीब जनता का है। स्थानीय लोगों ने अपनी जमीन और घर उजाड़कर एनटीपीसी परियोजना को स्थापित होने दिया, लेकिन आज वही लोग रोजगार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। अन्य वक्ताओं में बद्रीनाथ, संतोष गुप्ता एवं के.पी. पाल ने भी अपने विचार रखते हुए मांगों के पूरा न होने की स्थिति में आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी। इस पैदल मार्च और सभा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक बीजपुर नरेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।





# ग्रा प ए तहसील इकाई की संघटनात्मक बैठक सम्पन्न, पत्रकारों की समस्याओं को लेकर किया गया मंथन

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। रविवार को रॉबर्ट्सगंज न्यू कालोनी स्थित लोक मंच भारत कार्यालय पर रविवार दोपर बारह बजे ग्रा प ए सदर तहसील इकाई के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र के अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें संगठन को मजबूत बनाने के लिए विशेष रूप से चर्चा करते हुए सदस्यता फॉर्म भरने के लिए बल दिया गया।संगठन में नए पांच पत्रकार उपस्थित हो कर सदस्य बने। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में व जिला में कार्यरत पत्रकारों की समस्याओं के समाधान कराने वाला ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश है जो पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाला प्रदेश का बड़ा संगठन है, जिसका पंजीकरण संख्या 1153/86 है। जय नाथ मौर्या उपाध्यक्ष ने कहा कि संगठन से जुड़े पत्रकार कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले पत्रकारों को सरकारी सुविधाओं का लाभ दिया जाय जिससे समस्याओं से समाधान हो सके। क्योंकि एसोसिएशन ने पत्रकारों के जीवन स्तर सुधारने और हितों की रक्षा के लिए तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता प्रदान की जाए मुरली पाठक ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान भारत कार्ड और उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करने की मांग की।

ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के अध्ययन एवं समाधान के लिए ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन किया जाए।पत्रकारिता दायित्व निर्वहन के दौरान होने वाले विवादों में प्राथमिकी दर्ज करने से पूर्व सक्षम राजपत्रित अधिकारी से जांच कराने के आदेश जारी किए जाए। इस दौरान तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा रामकेश यादव, सेराज अहमद, अर्पित दुबे, मुस्तकीम खान,बद्री प्रसाद गौतम, परमेश्वर कुमार, बृजेश कुमार सिंह, जयनाथ मौर्य,रामनरेश शुक्ला, अभिषेक,दीनदयाल, संतेश्वर, सत्यनाराण, अर्पित दूबे, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बलिराम, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।



# निगोहां थाना कस्बा इंचार्ज अनूप तिवारी का मानवीय चेहरा आया सामने..

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

निगोहां,लखनऊ। निगोहां थाने कस्बा इंचार्ज अनूप तिवारी ने एक बार फिर अपने मानवीय और संवेदनशील व्यवहार से पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत किया है। कई दिनों से भटक रही अर्धमानसिक विक्षिप्त महिला को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाकर निगोहां पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश की है।शनिवार देर शाम निगोहां कस्बे में पोस्ट ऑफिस के पास एक महिला को भटकते हुए देख कस्बा इंचार्ज अनूप तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए उससे पूछताछ की, लेकिन महिला अपनी पहचान या पता बताने में असमर्थ रही। इसके बावजूद कस्बा इंचार्ज ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए महिला को नजरअंदाज नहीं किया।महिला के इशारों, हावभाव और स्थानीय जानकारी के आधार पर कस्बा इंचार्ज अनूप तिवारी ने सक्रिय प्रयास शुरू किए। लगातार खोजबीन और मानवीय प्रयासों के बाद महिला के परिजनों का पता लगाया गया। महिला की पहचान शीनू पत्नी राजेन्द्र कुमार, निवासी खदरा, थाना मदेयगंज, लखनऊ के रूप में हुई।परिजनों को सूचना देकर महिला के पति को थाने बुलाया गया, जिसके बाद महिला को सुरक्षित रूप से उसके पति के सुपुर्द कर दिया गया। पत्नी को सकुशल पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और निगोहां पुलिस का आभार जताया।महिला के पति राजेन्द्र कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी तीन जनवरी से लापता थी, जिसकी लगातार खोजबीन की जा रही थी। उन्होंने कहा कि निगोहां पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता के कारण ही आज उन्हें अपनी पत्नी वापस मिल सकी।इस मानवीय कार्य की सोशल मीडिया पर भी जमकर सराहना हो रही है। लोग कस्बा इंचार्ज अनूप तिवारी की संवेदनशील सोच, सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा कर रहे हैं। इस घटना से निगोहां पुलिस के प्रति आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है।



# ग्राम पंचायत उतरावां में स्व. रामनरेश मिश्र स्मारक ग्रामीण क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य शुभारंभ हुआ.

**विवेक कुमार**
**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

निगोहा/लखनऊ निगोहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत उतरावां गांव में आयोजित स्वर्गीय श्री रामनरेश मिश्र स्मारक ग्रामीण क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता नागेश्वर द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त जोश देखने को मिला। मुख्य अतिथि नागेश्वर द्विवेदी ने ग्रामीण स्तर पर होने वाले खेल आयोजनों को युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे टूनार्मेंट ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं और युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।उन्होंने आयोजनकर्ता देवी शंकर मिश्रा की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के सफल आयोजन खेल संस्कृति को मजबूती देते हैं और युवाओं में अनुशासन, टीम भावना एवं प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते हैं। भाजपा सरकार की खेल प्रोत्साहन नीतियों का उल्लेख करते हुए श्री द्विवेदी ने कहा कि सरकार द्वारा ब्लॉक एवं गांव स्तर पर खेल मैदानों का निर्माण एवं विकास कराया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा को निखारकर प्रदेश व देश स्तर पर नाम रोशन कर सकें। उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और सौहार्द के साथ खेलने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।ओर वहीं इस अवसर पर मौजूद ( समाज सेवी)अविचल शुक्ला, मस्तीपुर ग्राम प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी, गिरजा शंकर मिश्रा, सचिन मिश्रा सहित देवी शंकर मिश्रा व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।ग्रामीण अंचल में आयोजित इस क्रिकेट टूनार्मेंट को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है, जिससे खेल प्रेमियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ।



# इस्सोपुरटील फायरिंग प्रकरण, चौथा आरोपी गिरफ्तार

## -पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा व खोखा कारतूस बरामद

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में हुई फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने चेकिंग के दौरान चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।
थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी रतन सिंह की दस वर्ष पूर्व यमुना नदी में डूबकर मौत हो गई थी। रतन की पत्नी मोनिका उर्फ मोदी ने गांव के ही रविंद्र पुत्र पालेराम से शादी कर ली थी, तभी से गांव के ही फाले सिंह का परिवार पीड़ित के परिवार से रंजिश रखता है। कई दिन पूर्व फाले सिंह के पुत्र मनेन्द्र ने मोनिका उर्फ मोनी के घर पर फायरिंग कर दी थी। पीड़िता ने एसपी शामली को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित महिला ने वीडियो वायरल कर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिकारियों से जान माल की सुरक्षा गुहार लगाई थी। आरोप है कि एसपी को शिकायत करने के बाद यूपी पुलिस में तैनात सिपाही सुरेन्द्र ने अपने भाई मनेन्द्र, जोगेन्दर व कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव तितरवाडा निवासी सोनू पुत्र पालेराम के साथ मिलकर पीड़िता के घर पर पीड़िता के पति रविन्द्र पुत्र पाले राम को मारने की नीयत से फायरिंग की थी। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए मुठभेड़ के दौरान मनेन्द्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि गत गुरुवार को सुरेंद्र पुत्र फाले सिंह व सोनू पुत्र पालेराम निवासी तितरवाडा थाना कैराना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शनिवार की शाम को पुलिस ने चेकिंग के दौरान फायरिंग प्रकरण में फरार चौथे आरोपी जोगिंदर उर्फ जोनू पुत्र फाले सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि फायरिंग प्रकरण के चौथे आरोपी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।




# अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन की छापेमारी, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, माफिया फरार

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत स्थित रजवाहे की पटरी पर अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर प्रशासन व पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। हालांकि, पुलिस व प्रशासनिक टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही अवैध खनन में संलिप्त लोग जेसीबी मशीन व अन्य वाहनों को लेकर फरार हो गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके से कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा कर दिया।रविवार को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को सूचना दी गई कि गांव गढ़ी दौलत के रजवाहे की पटरी पर कुछ लोग जेसीबी मशीन के माध्यम से अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे हैं। आरोप है कि खनन माफियाओं द्वारा रजवाहे को पूरी तरह मिट्टी से भर दिया गया, जिससे जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज के निर्देश पर तहसीलदार अर्जुन सिंह एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन प्रशासनिक टीम के पहुंचने से पहले ही खनन माफिया जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गए।मौके पर की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया और थाने ले आई। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मौके से एक मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया है, जिसके खिलाफ थाने पर विधि अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने अवैध खनन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए आगे भी अभियान जारी रहेगा।



# सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस व व्यापार मंडल की संयुक्त यातायात जागरूकता रैली

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा निकाली गई यातायात जागरूकता रैली ने आमजन का ध्यान आकर्षित किया। इस सराहनीय अभियान में व्यापार मंडल ने भी सक्रिय सहयोग करते हुए पुलिस का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया। रैली के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरलोडिंग न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने और ट्रिपल राइडिंग से बचने सहित यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया रैली के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान से नहीं, बल्कि जन-जागरूकता से संभव है। सड़क पर की गई छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह नियमों का ईमानदारी से पालन करे।वहीं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षित यातायात से ही सुरक्षित व्यापार और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे अभियानों में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। नगरवासियों ने भी पुलिस और व्यापार मंडल के संयुक्त प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।यातायात जागरूकता रैली भारतीय स्टेट बैंक से प्रारंभ होकर कस्बे के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए वीर अब्दुल हमीद चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर एसएसआई सुभाष सिंह, अपराध निरीक्षक राजीव कुमार, एसआई देवेंद्र तेवतिया, जुल्फिकार अली, डॉक्टर रशिमकांत जैन, पूर्व सभासद जहांगीर, संजय मित्तल, लोकेश गोयल, दीपक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# सड़क हादसों में मिनी बस की टक्कर से तीन घायल, अलग हादसे में महिला गंभीर

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के एलम बाईपास पर सड़क हादसा हो गया। मिनी बस द्वारा बाइक को ओवरटेक करने के दौरान बाइक को टक्कर मार दी गई, जिससे बाइक सवार दो युवक व एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने तीनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।जनपद बागपत के थाना रमाला क्षेत्र निवासी सावन पुत्र रोशन अपने साथी सूरज पुत्र राजेन्द्र के साथ बाइक पर सवार होकर जनपद मुजफ्फरनगर के थाना फुगाना क्षेत्र के गांव खरड़ निवासी अपनी बुआ बाला पत्नी जीत सिंह को लेकर अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक एलम बाईपास पर पहुंची, पीछे से आ रही एक मिनी बस ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान बस ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुसरी और एक अन्य सड़क हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गढ़ी पुख्ता थाना क्षेत्र के गांव मालैंडी निवासी महिला सरोज पत्नी संजय अपने पुत्र ऋतिक के साथ बाइक पर सवार होकर गमी में शामिल होकर अपने गांव लौट रही थी। जैसे ही बाइक सवार दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के निकट पहुंची, बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में महिला सरोज गंभीर रूप से घायल हो गई।राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल महिला को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# दो अलग-अलग मामलों में महिला व युवती लापता, थाने में दी गई तहरीर

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे में दो अलग-अलग मामलों में महिला व युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों को लेकर परिजनों ने थाने में तहरीर देकर बरामदगी की मांग की है।कस्बे की जन्नत कॉलोनी निवासी साजिद पुत्र नफीस ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान घर पर अकेली मौजूद उसकी पत्नी रेशमा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित ने पुलिस से पत्नी को शीघ्र बरामद किए जाने की मांग की है। दुसरी और कस्बे के एक अन्य मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने भी थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री घर से नगदी व जेवरात लेकर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पीड़ित ने पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दो अलग-अलग तहरीर प्राप्त हुई हैं। दोनों मामलों में जांच की जा रही है और शीघ्र ही लापता महिला व युवती को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# उत्साहपूर्वक मनाया गया सहकारिता का 48 वा स्थापना दिवस

**समाज जागरण**

शामली। सहकारिता का 48वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। शहर के करोड़ी रोड स्थित सहकार भारती कार्यालय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सहकार से समृद्धि, स्वदेशी विचारधारा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में सहारनपुर मंडल के विभाग सह संयोजक भरत छोक्कर तथा विश्व हिंदू महासंघ के हस्तिनापुर संभाग प्रभारी पंकज वालिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष रविंद्र मलिक उर्फ लवली विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शेषपाल सिंह निर्वाल ने की। मंच संचालन जिला महामंत्री जबर सिंह खैवाल ने किया। उन्होने कहा कि सहकार भारती विगत 48 वर्षों से सहकारिता के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक आर्थिक सशक्तिकरण पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी व्यवस्था किसानों, श्रमिकों, छोटे व्यापारियों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक मजबूत आधार है और इसके माध्यम से गांव-गांव तक समृद्धि लाई जा सकती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सोशल मीडिया संयोजक राहुल कुमार, कार्यालय प्रभारी अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष सोनित निर्वाल, पर्यावरण संयोजक गौरव निर्मल, उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, महिला प्रमुख अनिता बंसल, कपिल पवार, अभिषेक, एथलीट कोच मुकेश कुमार तथा अनमोल कुमार मौजूद रहे।




# विषेश गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का पठन

**समाज जागरण**

शामली।(फुयकान जंग )निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार को जनपद शामली के सभी मतदान बूथों पर विशेष गहन पुनरीक्षण ( एस आईआर) कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का पठन किया गया।
शहर के हिन्दू कन्या इंटर कालेज, जैन कन्या इंटर कालेज, वीवी इंटर कालेज, आरके इंटर कालेज, नंदूप्रसाद प्राथमिक विद्यालय, गुजरातियान बालिका विद्यालय में कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में नागरिक अपने-अपने बूथों पर पहुंचे और सूची में अपना नाम, उम्र, पता व अन्य विवरणों की जांच की। जो मतदाता पहली बार वोटर बनने के पात्र थे, उन्होंने फार्म-6 भरकर नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराया। वहीं एसआईआर के दौरान जिन मतदाताओं का नाम सूची में नहीं मिला या जिनके विवरण में त्रुटि पाई गई, उन्होंने मौके पर ही आपत्तियां दर्ज कराईं।रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ बूथों पर पहुंचे और सूची का अवलोकन किया। कई जगहों पर बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। बीएलओ ने घर-घर जाकर भी लोगों को जागरूक किया और बताया कि मतदाता सूची में सही नाम होना लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली हामिद हुसैन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें और यदि कोई त्रुटि या कमी हो तो समय रहते उसे ठीक कराएं, ताकि आगामी चुनावों में निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से पालिका का पोल क्षतिग्रस्त

**समाज जागरण**

शामली। शहर के वीवी इंटर कालेज रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से नगर पालिका का पॉल क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कुत्ते की भी मौत हुई है। नगर पालिका टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त पॉल को ठीक कराया है। रविवार सवेरे शहर के वीवी इंटर कालेज रोड पर डिवाईडर के बीच लगे नगर पालिका के पॉल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक कुत्तें की मौत हुई। जबकि हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पॉल क्षतिग्रस्त होकर सडक पर गिरने से काफी समय से यातायात भी प्रभावित हुआ हालाकि बाद में क्षतिग्रस्त पॉल को सडक से हटाया गया। नगर पालिका टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त पॉल को ठीक किया, जिससे यातायात पूरी तरह से सामान्य हो सका। पॉल के क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें लगी दो स्ट्रीट लाईट भी टूट गई है।



# महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में आमरण अनशन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) रविवार को कांग्रेसियों ने शहर के गांधी पार्क में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में सवेरे 11 बजे से शाम 4 बजे से अमरण अनशन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार पर मजदूरों से रोजगार छीनने का आरोप लगाया। रविवार को शहर के गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपति महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बाहदुर शास्त्री की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेसियों ने अमरण अनशन किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य व एसआईआर कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से हटाने का काम कर रही है। मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाकर इसे गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण कर दिया गया है। कहा कि पूरे विश्व में महात्मा गांधी को नमन किया जाता है। ऐसे में भाजपा सरकार महात्मा गांधी के नाम से चल रही योजनाओं को खत्म करने पर अमादा हो गई उन्होंने कहा कि मनरेगा में मजदूरों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी, लेकिन अब सरकार इस व्यवस्था को कमजोर कर रही है। उन्होंने केंद्र व राज्य के अंशदान में बदलाव पर भी सवाल उठाए और कहा कि पहले केंद्र 90 प्रतिशत और राज्य 10 प्रतिशत खर्च करता था, जबकि अब राज्यों पर 40 प्रतिशत का बोझ डाला गया है, जो आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों के लिए मुश्किल पैदा करेगा। इस अवसर पर बाबूखान, चौधरी सोमदेव, विनोद अत्री, बिजेन्द्रपाल वर्मा, अमित डिंपल शर्मा, शेखरपाल, ज्योति प्रसाद, इसराईल, आदेश कश्यप, मास्टर नरेन्द्र सिंह,डा. श्रीपाल सिंह, अशोक जैन, रामपाल पांचाल, यशपाल कश्यप, विनीत शर्मा, मौं. जुल्फान, अखिल शर्मा, मोहम्मद आजम, रविन्द्र आर्य, मोहम्मद मुकीम, सोहिल धीमान, जनेश्वर प्रसाद शर्मा आदि मौजूद रहे।



# कार अनियंत्रित होकर काली नदी में गिरी, चालक घायल

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) थाना आदर्श मंडी क्षेत्र में काली नदी पुल के पास देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अनियंत्रित होकर एक कार काली नदी में गिर गई, लेकिन पीआरवी पुलिस की तत्परता से घायल चालक को समय रहते सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचा दिया गया। गत रात पीआरवी पुलिस को सूचना मिली कि काली नदी पुल, पोस्टमार्टम हाउस के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर नीचे गिर गया है। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर पता चला कि लाल रंग की कार पुल से अनियंत्रित होकर काली नदी में जा गिरी। कार में चालक विशाल पुत्र श्याम सिंह निवासी फतेहपुर, थाना बाबरी सवार था। हादसे के बाद वह नदी में फंसा हुआ था। पीआरवी में तैनात हेड कांस्टेबल अनुज राणा, कांस्टेबल रिंकू कुमार तथा होमगार्ड चालक पंकज कुमार ने चौकी एसटी तिराहा पुलिस के सहयोग से त्वरित और साहसिक कार्रवाई करते हुए घायल चालक को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल शामली भिजवाया गया। सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से घायल को समय रहते उपचार मिल सका, जिससे उसकी जान बच गई। शामली पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, गति सीमित रखें और पूरी सतर्कता बरतें, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।



# सदर विधायक ने किया दो सड़कों का शिलान्यास

**समाज जागरण शामली।**

शामली। (फुरकान जंग )विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव भनेड़ा में शनिवार को दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने फीता काटकर एलम-भनेड़ा मार्ग के चौड़ीकरण तथा भनेड़ा-कनियान से डांगरोड मार्ग के नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक प्रसन्न चौधरी ने बताया कि एलम-भनेड़ा मार्ग शामली और मुजफ्फरनगर जनपद को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इसके चौड़ीकरण से क्षेत्रीय आवागमन सुगम होगा।वहीं, भनेड़ा-कनियान से डांगरोड तक बनने वाला नया मार्ग गांवों को बेहतर सड़क संपर्क प्रदान करेगा। उन्होने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क नेटवर्क को मजबूत करना प्राथमिकता है। बेहतर सड़कें जहां लोगों की यात्रा को आसान बनाती हैं, वहीं व्यापार और कृषि को भी नई गति देती हैं।
उन्होंने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य पूरे कराए जाएंगे।

# पुलिस कर्मी बताकर ठगे पच्चीस हजार रुपए

**समाज जागरण**

शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बुटराड़ी में खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक व्यक्ति से 25 हजार रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव बुटराड़ी निवासी जयप्रकाश सिंह ने शहर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 जनवरी को दोपहर करीब दो बजे दो युवक पुलिस की वर्दी में उसके घर आए थे। दोनों ने खुद को लांक चौकी पर तैनात बताते हुए उसके बेटे का परिचित होने का दावा किया। आरोप है कि दोनों युवकों ने पहले उससे पांच हजार रुपये उधार देने की बात कही। इसी दौरान जब वह कमरे के अंदर रुपये लेने गया तो एक युवक उसके साथ भीतर चला गया और उससे 25 हजार रुपये देने को कहा। आरोपियों ने भरोसा दिलाया कि वे एक घंटे के भीतर रुपये वापस लौटा देंगे। पीड़ित के अनुसार वह आरोपियों को 25 हजार रुपये दे बैठा, जिसके बाद दोनों वहां से चले गए। काफी देर इंतजार करने के बावजूद वे वापस नहीं लौटे। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने जो मोबाइल नंबर दिया था, वह भी बाद में बंद आने लगा।

ठगी का अहसास होने पर उसने आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज निकलवाकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सुधीर चौधरी बने पत्रकार संगठन कैराना के अध्यक्ष, सर्वसम्मति से हुआ चयन

**समाज जागरण कैराना।**

कस्बे के प्रतिष्ठित पत्रकार संगठन कैराना की महत्वपूर्ण बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सुधीर चौधरी को सर्वसम्मति से संगठन का अध्यक्ष चुना गया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार महराब चौधरी एवं अब्दुल सत्तार को संगठन का संरक्षक नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारी शीघ्र ही पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करेंगे। रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग स्थित गोल मार्किट में पत्रकार संगठन कैराना के कार्यालय पर संगठन के कलमवीरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक रियासत अली ताबिश ने की। बैठक में वर्ष 2026 के लिए संगठन के अध्यक्ष पद को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। विचार-मंथन के उपरांत वरिष्ठ पत्रकार सुधीर चौधरी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने पर उपस्थित पत्रकारों ने सुधीर चौधरी का पुष्प-मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके साथ ही वरिष्ठ पत्रकार महराब चौधरी और अब्दुल सत्तार को संगठन का संरक्षक बनाए जाने पर भी सभी ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक का कुशल संचालन नवनियुक्त अध्यक्ष सुधीर चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुनील धीमान, मेहरबान अली कैरानवी, अन्सार सिद्दीकी, एम. इकबाल हसन, सलीम फारूकी, डॉ. अजमतुल्ला, संदीप इंसां, सलीम चौधरी, अहसान सैफी, महताब शानू, सलीम अंसारी, सन्नी गर्ग, इरफान चौधरी, दीपक बालान, वाजिद अली, अरशद चौधरी, शाहनवाज अली, नदीम अली, अल्ताफ चौधरी, फिरोज खान, पुनीत गोयल, आशीष सैनी, फारूक फरीदी, स्वदेश चौधरी, सलमान चौधरी, सुहैब खान, देवराज चौहान, अनवार अली, इंतजार अली, उस्मान चौधरी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।




**संगठन व समाज के लिए समर्पित रहेगा प्रत्येक क्षणः सुधीर चौधरी**

पत्रकार संगठन कैराना के नवनियुक्त अध्यक्ष सुधीर चौधरी ने कहा कि संगठन के साथियों ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए वह सभी बंधुओं के प्रति हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल का प्रत्येक क्षण संगठन, राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहेगा। साथ ही उन्होंने सभी पत्रकार साथियों को एकता के सूत्र में पिरोकर साथ लेकर चलने का संकल्प दोहराया।

# आरटीआई के तहत सूचना न देने पर तहसीलदार पर जुमार्ना

**समाज जागरण**

कैराना। जन सूचना अधिकार के तहत जानकारी उपलब्ध न कराने के मामले में राज्य सूचना आयुक्त ने तहसीलदार कैराना पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। गांव बधुपुरा निवासी इमरान अली ने वर्ष 2024 में जन सूचना अधिकार के तहत तालाब पर हुए अवैध कब्जों की विस्तृत जानकारी मांगी थी।

निर्धारित समयसीमा में सूचना उपलब्ध न होने पर उन्होंने प्रथम अपील के बाद दूसरी अपील राज्य सूचना आयोग में दायर की।आयोग में सुनवाई के दौरान 11 नवंबर 2024 को सहायक जन सूचना अधिकारी की ओर से लिखित अभिकथन प्रस्तुत किया गया, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया और निर्देश दिए कि यदि कोई सूचना नहीं दी जा सकती तो इसका ठोस और उचित कारण बताना होगा।इसके बाद 26 अगस्त 2024 को कुछ जानकारी उपलब्ध कराई गई, लेकिन आवेदक इमरान ने दी गई जानकारी पर 21 अप्रैल 2025 को आपत्ति दर्ज कराई।
आपत्ति के निस्तारण के लिए 5 मई 2025 की तारीख निर्धारित की गई, लेकिन जन सूचना अधिकारी/तहसीलदार इस तारीख पर उपस्थित नहीं हुए।इसके बाद आयोग ने 21 अगस्त 2025 और 30 अक्टूबर 2025 को जन सूचना अधिकारी को नोटिस जारी किए, जिसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए कि आवेदक को सूचना उपलब्ध कराई जाए।

इन नोटिसों के बावजूद भी सूचना उपलब्ध न कराने पर राज्य सूचना आयुक्त राकेश कुमार ने तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

# कागजी घोड़े दौड़ते रहे विकास रैंकिंग पाताल में पहुंची

## शर्मनाक: जिले की रैंकिंग 72वे स्थान पर, नीचे से 3 पायदान ऊपर

**समाज जागरण बागपत।** जिले के अधिकारी हम नहीं सुधरेंगे कि नीति पर लगातार अमादा है। हर महीने लगातार गिरती हुई जिले की रैंकिंग कमजोर नेतृत्व की सनद बन गई है और उच्च अधिकारी निकृष्ट अधिकारियों पर लगातार भरोसा जमाए हुए हैं। जिसका परिणाम है कि हर बार की तरह इस बार फिर जिले की रैंकिंग गिर कर पाताल में पहुंच गई है। इस बार जिला 72वे स्थान पर पहुंच गया है, मतलब प्रदेश के 75 जिलों में हम केवल 3 पायदान ऊपर है। "मुस्कुराए के आप बागपत में है"। फिर वहीं घिसी पीटी कहानी, फिर वहीं खराब रिजल्ट, आए दिन मीटिंग पर मीटिंग और परिणाम शून्य। इस बार जिले की रैंकिंग 72वे स्थान पर पहुंच गई है। काफी महीनों बाद पहली बार





विकास की रैंकिंग रेवेन्यू की रैंकिंग से नीचे पहुंच गई है। इस बार विकास की रैंकिंग 71वे स्थान पर है और रेवेन्यू की रैंकिंग 62वे स्थान पर है, मगर दोनों का स्थान ही खराब है। जनपद में इतने हालत खराब होने के बावजूद लोगों को मीडिया और सोशल मीडिया के अच्छे कार्यों के नाम का चश्मा बांटा जा रहा है। आए दिन उच्च अधिकारी रोज नए कारनामों के साथ फोटो खींचा लोगो को विकास के नाम पर भ्रमित कर रहे हैं। मगर हर महीने आ रही सीएम डेस्क बोर्ड की रैंकिंग इनकी पोल खोल रही है। पिछले एक साल से जिला शीर्ष पर आने की बात तो बहुत दूर टॉप 20 में भी नहीं आ सका है। आखिरी बार जिला राजकमल यादव के समय में नंबर एक पर पहुंचा था। तब से अब तक मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जिले में बंटाधार हुआ है। हालात इतने खराब है कि उच्च अधिकारियों के आसपास लगे चाटुकार उन्हें जमीनी हकीकत से रूबरू होने ही नहीं दे रहे हैं। पशु प्रेमी उच्च अधिकारी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में भी डी श्रेणी लाकर विफल हो गई है। जबकि जिले में योगी सरकार के केपी मलिक विधायक इस विभाग के राज्यमंत्री है। सरकार को योजनाएं बट्टे खाते में जा रही है और लाभार्थी विभागों के चक्कर काट रहे हैं। जमीनी हकीकत यही है। मगर अधिकारी हम नहीं सुधरेंगे कि नीति पर इसलिए नहीं चल रहे हैं क्योंकि उच्च अधिकारियों का नेतृत्व कमजोर है। इन विभागों में डुबोई जिले कि लुटिया जिले में डी श्रेणी लाकर कई विभागों में जिले को सीएम डेस्क बोर्ड रैंकिंग में जमींदोज किया है। इसमें ग्राम्य विकास विभाग, राज्य वित्त की राशि खर्च नहीं करने में असफल होने के कारण डी श्रेणी में रहा है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, ओडीओपी टूल किट वितरण, विश्वकर्मा योजना और मुख्यमंत्री युवा रोजगार में कमजोर प्रदर्शन में जिला उद्योग, अनूसुचित जाति और सामान्य वर्ग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति में समाज कल्याण विभाग सहित कई विभागों सी श्रेणी लाकर जिले की लुटिया को डुबोया है।

# मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि काम का अधिकार है

### महात्मा गाँधी की प्रतिमा के समीप एक दिवसीय उपवास

**समाज जागरण**
बड़ौत। शहर के कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष राम हरि पवार के नेतृत्व में प्रेस वार्ता हुई। प्रेस वार्ता को बागपत जनपद संगठन सृजन कोऑर्डिनेटर नसीम खान ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी रामकुमार सिंह भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नसीम खान ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मनरेगा योजना में लगातार नियम बदलकर और इसके स्वरूप से छेड़छाड़ कर गरीब, मजदूर, किसान और ग्रामीण



जनता के संवैधानिक अधिकारों पर हमला किया जा रहा है। मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि काम का अधिकार है। जिसे कमजोर करने की साजिश की जा रही है। जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राम हरि पवार ने बताया कि पहले हर परिवार को 100 दिन काम की कानूनी गारंटी, न्यूनतम मजदूरी की गारंटी और ग्राम पंचायत के माध्यम से स्थानीय रोजगार मिलता था, लेकिन आज मोदी सरकार इन अधिकारों को छीनने का काम कर रही है। अब न तो काम की कानूनी गारंटी बची है और न ही मजदूरी की निश्चित गारंटी बची है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि सरकार मनरेगा में ठेकेदारी व्यवस्था को बढ़ावा देकर ग्राम पंचायतों की भूमिका को खत्म कर रही है। जिससे स्थानीय लोगों का रोजगार छीना जा रहा है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालकर मनरेगा को कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने इन मुद्दों को लेकर शहर कांग्रेस पार्टी का रेलवे पर भाजपा सरकार पर हमला बोला प्रमुख मांगे। मनरेगा में काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी और जवाबदेही की गारंटी सुनिश्चित की जाए। मनरेगा में किए गए सभी बदलावों को तत्काल वापस लिया जाए। मनरेगा को उसके संवैधानिक अधिकार के साथ पूरी तरह बहाल किया जाए। न्यूनतम मजदूरी 400 रुपए प्रतिदिन की जाए। प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि यदि मनरेगा पर हमला बंद नहीं हुआ तो देशव्यापी आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इसी कड़ी मे नगरपालिका मे स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा के समीप एक दिवसीय उपवास मनरेगा मे किये गये बदलाव को लेकर प्रतीकात्मक विरोध किया गया। प्रेस वार्ता में परवेज खान , मीडिया प्रभारी ओंकार शर्मा, ओमवीर सिंह, रविन्द्र तोमर, जावेद, औमवीर दुहण, शोकेन्द्र तोमर, डा सुभाष शर्मा पत्रकार वार्ता में मौजूद रहे।

# रामकृष्ण बीच विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में तीन दिवसीय "नेशनल बीच कुश्ती प्रतियोगिता 2026" राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर लौटी महिला पहलवानो का सम्मान

**समाज जागरण बड़ौत।** मलकपुर ग्राम निवासी जय चंद सुशील शर्मा की दोनों बेटियां शिवानी और हिमानी , एवम, साक्षी शर्मा पुत्री धर्मेंद्र अपने-अपने भार वर्ग में दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इस अवसर पर चौधरी देशखाप चौरासी पं सुभाष शर्मा ने अपने सभी थांबा चौधरीयो के साथ बेटियों की सफलता पर आशीर्वाद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि जिला



प्रशासन और खाप संगठनों के "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" के नारे को साकार कर रहे है। इसी का परिणाम है कि आज बेटियां खेलो मे क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है। उनकी सफलता से ही आगामी भविष्य मे और अधिक प्रतिभाये निकाल कर सामने आएंगे और खेलों की तरफ बेटियों का प्रोत्साहन बढ़ेगा। इस अवसर पर दोनों पहलवानों को सॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में अध्यक्ष चौधरी चौरासी देशखाप, सुभाष चन्द शर्मा थंबा चौधरी, ओमकार भारद्वाज, कुबेर शर्मा, थम्बा चौधरी मलकपुर त्रिलोकी नाथ शर्मा, मुखिया पुसार , बड़ौत थाना एसआई अमोल शर्मा, सुशील शर्मा, राममहर शर्मा, विशाल शर्मा, शिव कुमार शर्मा, थम्बा चौधरी हरिभजन शर्मा, श्यामबिहारी शर्मा, सुरेश शर्मा, सुभाष शर्मा, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पत्रकारिता की कलम को मिला सम्मान, संदीप दहिया बने मानद डॉक्टरेट

## इंडियन न्यूज मीडिया काउंसिल ने शिक्षा व सामाजिक जागरूकता में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया अलंकृत

**समाज जागरण**
बड़ौत। पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकार संदीप दहिया को इंडियन न्यूज मीडिया काउंसिल द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दिल्ली में रविवार को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया, जहां देशभर से पत्र कारिता, शिक्षा और समाजसेवा से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संदीप दहिया पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना चुके हैं। उन्होंने दैनिक जागरण, दैनिक शाह टाइम्स, दैनिक आज जैसे प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में संवाददाता के रूप में कार्य किया है। वर्तमान में वे पिछले 15 वर्षों से दैनिक सच कहूँ में प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अपनी लेखनी के माध्यम से उन्होंने समय-समय पर शैक्षिक, सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर समाज को जागरूक करने का कार्य किया है। उनकी निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी सम्मान दिलाया है। मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के बाद संदीप दहिया ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति उनकी




जिम्मेदारी को और अधिक मजबूती से निभाने की प्रेरणा है। उन्होंने इंडियन न्यूज मीडिया काउंसिल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से शिक्षा और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा। सम्मान की घोषणा और उपाधि प्राप्ति के बाद बागपत जनपद से शिक्षाविदों , पत्रकार साथियों और समाजसेवियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. राजीव गुप्ता, ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील चौहान, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश पंवार, जे.पी. त्यागी, मनोज कलीना, अनिल शर्मा, डिवाइन ग्लोबल एकेडमी के प्रधानाचार्य के.के. त्यागी, वरिष्ठ समाजसेवी अनुराग जैन, वनस्थली स्कूल के प्रबंधक हर्षित जैन, हिंदी प्रवक्ता डॉ गीता रानी, डॉ इंदु, डॉ मनोज बिश्नोई, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रदीप जैन, डॉ दिनेश बंसल, डॉ मनीष तोमर, डॉ अनिल जैन, समाजसेवी डॉ योगेश जिंदल, भूपेश बब्बर, मुदित जैन, राकेश जैन खट्टा, संदीप गर्ग टीटू प्रधान सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने संदीप दहिया को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि यह सम्मान न केवल संदीप दहिया की वर्षों की मेहनत और समर्पण का प्रतीक है, बल्कि पत्रकारिता को समाज-निर्माण का सशक्त माध्यम बनाने की उनकी सोच का भी सम्मान है।

# जमीन हड़पने व जातिसूचक गाली-गलौच मामले में तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**झिंझाना।(फुरकान जंग)**
क्षेत्र में धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने, पीड़ित के साथ जातिसूचक गाली-गलौच करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की है।कोतवाली क्षेत्र के गांव मंसूरा निवासी सोनू पुत्र रामकुमार ने थाने में तहरीर देकर



आरोप लगाया था कि यामीन पुत्र सद्दीक व उसके अन्य साथियों ने साजिश के तहत उसके साथ धोखाधड़ी कर जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया। आरोप है कि जब पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संगीन धाराओं सहित एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा था।इसी क्रम में पुलिस ने रविवार को मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों यामीन पुत्र सद्दीक, नसीम व नदीम पुत्रगण यामीन, निवासी गांव मंसूरा, झिंझाना को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# सिसेंडी में नए पावर हाउस निर्माण की शुरूवात ग्रामीणों;ने खुशी जताई

**विवेक कुमार**
**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज सिसेंडी क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है समाजसेवी (पत्रकार)ललित दीक्षित की लगातार की गई पैरवी रंग लाई और अब सिसेंडी में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र (पावर हाउस) के निर्माण का औपचारिक शुभारंभ हो चुका है। इस उपकेंद्र के बन जाने से 35 गांवों के लगभग 70 हजार लोगों को लो वोल्टेज और बार-बार होने वाली



ट्रिपिंग से निजात मिलेगी।

फिलहाल इलाके में लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित लाइन से बिजली सप्लाई मिलती है, जिसके कारण वर्षों से लोगों को कम वोल्टेज और अघोषित कटौती झेलनी पड़ती थी। इसी समस्या को देखते हुए समाजसेवी ललित दीक्षित ने लगातार प्रभावी पैरवी की, जिसके बाद बिजली विभाग ने प्रस्ताव पावर कार्पोरेशन को भेजा। अनुमोदन मिलने के बाद 33 केवी डिवीजन की टीम ने सिसेंडी में चयनित भूमि की नापजोख कराकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। अवर अभियंता विजय कुमार शर्मा ने बताया कि पावर हाउस निर्माण की प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही है। उच्च अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर ठेकेदार को कार्य आरंभ कराने के निर्देश दे दिए हैं। भूमि का सर्वे, नक्शा तैयार करने और प्रारंभिक निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। विभाग का लक्ष्य है कि उपकेंद्र इसी वर्ष पूर्ण रूप से तैयार कर लिया जाए।पावर हाउस बन जाने के बाद सिसेंडी, निगोहां, आसपास के गांवों में रहने वाले हजारों लोग बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ उठा सकेंगे।

# लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई

**समाज जागरण**
बड़ौत। नगर में राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के तत्वाधान में कोताना रोड बड़ौत पर लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई । इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रिटायर्ड कानूनगो पंडित सुनील दत्त शर्मा ने की संचालन आचार्य उमेश कौशिक के द्वारा किया गया। राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का जीवन बहुत ही साधारण और उच्च विचारों से भरा था। उन्होंने जब देश को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की आवश्यकता थी उस समय, जय जवान जय किसान का नारा दिया था। जिला महामंत्री नीरज वत्स ने कहा शास्त्री ने जवान



और किसान को राष्ट्र की असली शक्ति बताया था शास्त्री ने अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया था। जिला उपाध्यक्ष अंकुर शर्मा ने कहा कि सादा जीवन और उच्च विचार ही शास्त्री की असली धरोहर थी उनका जीवन आज भी त्याग, अनुशासन, सच्ची राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है ।इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष पंडित कृष्ण पाल शर्मा, पंडित सत्येंद्र शर्मा, पंडित रविंद्र, भारद्वाज पंडित, प्रदीप शर्मा, शिवम शर्मा, सचिन शास्त्री, मनोज शर्मा, जयदेव दरोगा, ईश्वर शर्मा, हरिओम शर्मा, कुलदीप शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

# इलाज के दौरान युवती की मौत

**समाज जागरण**

बागपत। दोघट थाना क्षेत्र से दोघट निवासी दीपक शर्मा की पत्नी शिवानी का हाथ टूट गया था। इलाज के लिए शिवानी को नगर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में शनिवार को भर्ती कराया गया था। जिसमें इलाज के दौरान शिवानी 30 वर्षीय की रविवार को मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौत की खबर सुनते ही अस्पताल मे मौके पर परिजन पहुंच गए। परिजनों ने डॉक्टर के विरुद्ध अस्पताल में प्रदर्शन किया। इसके उपरांत परिजन एंबुलेंस के जरिए शिवानी शर्मा को नगर के सरकारी अस्पताल पर लेकर आए घटना की सूचना मिलते ही भीड़ इकट्ठा हो गई। सरकारी अस्प



ताल में बड़ौत तहसील में लेखपाल अमित शर्मा दीपक शर्मा के बारे में डॉक्टर के विरुद्ध जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर सरकारी अस्पताल में पहुंचे उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पति दिपक शर्मा ने बड़ौत कोतवाली में डॉक्टर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर परिजनों का कहना है कि अस्पताल में गलत डोज देने के कारण शिवानी की मौत हुई है। शिवानी अपने पीछे 4 साल की एक बेटी एक साल का एक बेटा छोड़कर इस दुनिया से चली गई। उधर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। शिवानी के पिता मेरठ में पीएसी मे तैनात है।

# नियमों की अनदेखी पर अब तक 22 जन सेवा केंद्रों की सेवाएं समाप्त

**समाज जागरण बागपत।** सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिकृत सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के अंतर्गत संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) केन्द्रों का इन दिनों गहन सत्यापन किया जा रहा है। जैसा कि सर्वविदित है, वर्तमान समय में साइबर क्राइम की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसी क्रम में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्यरत संस्थानों द्वारा नागरिकों को ऐसे फ्रॉड से बचाने हेतु विभिन्न उपाय अपनाए जा रहे हैं। इसी दिशा में सीएससी द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटरों को जागरूक बनाने के साथ-साथ उनका सत्यापन स्थानीय सीएससी जिला व राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। हाल ही में देशभर में हजारों ऐसे सीएससी केन्द्रों को बंद किया गया, जिन्होंने अब तक अपना निर्धारित स्थान पर सीएससी केंद्र संचालन, रेट लिस्ट, ब्रांडिंग तथा पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (पीसीसी) जमा नहीं किया है। यह प्रक्रिया आगे

CSC
Common Services Center
Digital India
Power To Empower

भी चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगी। सूत्रों के अनुसार, ऐसे सीएससी केन्द्र जो लंबे समय से सक्रिय नहीं हैं अथवा स्थापित होने के बावजूद संचालित नहीं हो रहे हैं, उनकी सीएससी आईडी निष्क्रिय कर दी गई है। सीएससी के जिला प्रबंधक बागपत रोहित कुमार ने बताया कि प्रथम चरण में हमारे जिले से कुल 22 केन्द्रों को पुनरीक्षण के तहत बंद किया गया, जिसके सापेक्ष अब तक 5 सीएससी केन्द्रों का सत्यापन किया जा चुका है। इन केन्द्रों के द्वारा बिजली बिल भुगतान, पीएम स्कीम्स, पैन-पासपोर्ट, बीमा सेवा, ई-डिस्ट्रिक्ट, यूसीएल, बैंकिंग आदि डिजिटल सेवाओं का पंजीकरण व सेवाएँ प्रदान किया जाता है। सीएससी केंद्रों की ब्रांडिंग, सेवा सूची-रेट लिस्ट तथा पुलिस वेरिफिकेशन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जांच के दौरान विशेष ऐप के माध्यम से जियो-टैगिंग सहित सभी मानकों का परीक्षण किया जाएगा। सभी सीएससी संचालकों से यह अपील है कि वे स्वयं भी साइबर फ्रॉड से बचें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

# गौवंशो की सुरक्षा के लिए सभी आगे आये : गौरवी राजपूत

**समाज जागरण बागपत।** सोशल वर्कर व मॉडल गौरवी राजपूत ने जगह-जगह गौशाला में जाकर गोवंशों की सेवा की। उन्हें चारा खिलाया और उनके लिये जरूरी सामान उपलब्ध कराये। गौरवी राजपूत ने कहा कि आज देखा जा रहा है कि लोग गौवंशो को आवारा छोड़ देते हैं। उसके बाद गौवंश सड़कों पर इधर-उधर घूमते फिरते हैं, जिससे हर रोज सड़क दुर्घटना हो रही है। केवल इतना ही नहीं गौवंश खेतों में जाकर किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुँचा रहे हैं। वह खेतों में लगे ब्लैड वाले तारों में फसकर घायल हो रहे हैं। इसके अलावा लोगों द्वारा भी उन पर भालो से प्रहार कर लहू-लुहान किया जा रहा है। कहा कि इन सब चीजों को



रोकने के लिए सरकार ने जगह-जगह गौशाला का निर्माण कराया है, ताकि उनकी सुरक्षा की जा सके और उनके लिए चारा-पानी उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गोवंशों को खुले में ना छोड़े बल्कि उन्हें गौशाला में भर्ती कराये। उन्होंने सभी से गोवंशों की रक्षा करने के लिए आगे आने की बात कही।

# बाइक सवार को बचाने में इको गाड़ी खेत में पलटी, पिता-पुत्र गंभीर घायल

**समाज जागरण**
**झिंझाना।(फुरकान जंग)**

कोतवाली क्षेत्र के बिडौली सादात निवासी एक युवक अपने पुत्र के साथ इको गाड़ी से गांव लौट रहे था। यमुना नदी के बांध पर सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में इको गाड़ी अनियंत्रित हो गई और बांध से नीचे खेत में पलटते हुए जा गिरी। हादसे में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।रविवार को गांव बिडौली सादात निवासी जिया मेहंदी अपने पुत्र हैदर अली के साथ इको गाड़ी से गांव की ओर आ रहे थे। जैसे ही वे शीतलगढ़ी से आगे यमुना नदी के बांध पर पहुंचे, तभी सामने से अचानक तेज गति से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया। परिणामस्वरूप इको गाड़ी बांध



से नीचे लगभग 10 से 15 फीट गहरी खाई में जा गिरी।हादसे के बाद खेतों में काम कर रहे किसानों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को वाहन से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

इस संबंध में चौकी प्रभारी बिडौली योगेंद्र सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में अभी तक कोई मामला नहीं है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से किसी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# समाज के अन्तिम व्यक्ति की सेवा ही सच्ची सेवा : ई.मुकुल मिश्रा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। क्षेत्र के बरकी में सोमवार को समाज सेवी ई. मुकुल मिश्रा ने बरकी में स्व. पण्डित पारस नाथ मिश्रा की स्मृति में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में बरकी सहित अगल बगल के गांवों के 500 गरीब, विधवा, बेसहारा, दिव्यांग, बनवासी परिवारों को कम्बल दिया गया।



उक्त कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए समाजसेवी ई. मुकुल मिश्रा ने कहा कि समाज के अन्तिम व्यक्ति की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है, जब तक समाज के अन्तिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान नहीं आएगी तब तक स्वस्थ समाज की स्थापना नहीं हो सकती। श्री मिश्रा ने कहा कि जीवन में पंडित दिनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव बाद के मूल मंत्र को आदर्श मानकर समाज के गरीब ,विधवा, बेसहारा दिव्यांग व्यक्तियों की सेवा करके ही ईश्वर की प्राप्ति की जा सकती है।

उक्त कार्यक्रम में समाजसेवी दिनेश्वर मिश्रा, शिविका मोजा,कृपाल मिश्रा, अमरनाथ यादव, आनन्द सिंह, संतोष सिंह, अमित पाण्डेय सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए किया गया जागरूक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। परिवहन विभाग, वाराणसी द्वारा टीम मंचदूतम एवं वेस इंडिया के सहयोग से रविवार को नमो घाट, जनपद वाराणसी में सड़क सुरक्षा को लेकर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में परिवहन विभाग का प्रतिनिधित्व श्री सुधांशु



रंजन, ए.आर.टी.ओ. (प्रवर्तन), वाराणसी द्वारा किया गया। मंचदूतम टीम के रंगकर्मियों का नेतृत्व अजय रोशन एवं श्रीमती ज्योति ने किया, जबकि वेस इंडिया की ओर से राजेश श्रीवास्तव की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम की शुरूआत श्री अजय रोशन द्वारा सड़क सुरक्षा विषयों जैसे सही लेन में वाहन चलाना, सीट बेल्ट का अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों का पालन आदि–पर आधारित स्वयं रचित एवं गाए गए लोकगीत से हुई। इसके पश्चात प्रस्तुत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से हेलमेट न पहनने जैसे सामान्य उल्लंघनों को दशार्या गया। साथ ही, वीआईपी संस्कृति की समस्या और संदर्भ/दबाव के माध्यम से यातायात पुलिस व परिवहन प्रवर्तन टीमों पर प्रभाव डालने की प्रवृत्ति को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

एक अन्य प्रस्तुति में महिलाओं द्वारा बाल या मेकअप खराब होने की सोच के कारण हेलमेट न पहनने की मानसिकता को उजागर किया गया और यह संदेश दिया गया कि हेलमेट दुर्घटना की स्थिति में जीवन रक्षक सिद्ध हो सकता है। अंतिम प्रस्तुति नशे में वाहन चलाने (ड्रंक ड्राइविंग) के गंभीर दुष्परिणामों पर केंद्रित रही। प्रत्येक प्रस्तुति के उपरांत श्री अजय रोशन द्वारा स्वयं रचित गीतों के माध्यम से आमजन तक सरल भाषा में सशक्त संदेश पहुँचाया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर ए.आर.टी.ओ. (प्रवर्तन) ने उपस्थित दर्शकों से अपील की कि वे इन प्रस्तुतियों से सीख लेकर स्वयं सुरक्षित ड्राइविंग अपनाएँ, यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं सहकर्मियों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है और जागरूक नागरिक ही दुर्घटनाओं में कमी ला सकते हैं।

# प्रभास पाटन के पुरातात्विक प्रमाण और सोलंकी-युग की वास्तुकला एक मूल्यवान विरासत के रूप में खड़ी है

**दैनिक समाज जागरण**

प्रभास पाटन तांबे की प्लेटों, शिलालेखों और स्मारक पत्थरों के साथ एक समृद्ध और पवित्र अतीत को संजोए हुए है, जिनमें इसकी समृद्धि, विरासत और वीरता की स्थायी भावना की झलक मिलती है।

प्रभास पाटन और सोमनाथ मंदिर के इतिहास को बताने वाले शिलालेख और असली अवशेष पूरे प्रभास क्षेत्र में मिलते हैं। शिलालेख, तांबे की प्लेटें और हमलों के दौरान नष्ट हुए मंदिर के अवशेष वीरता, शक्ति और भक्ति के प्रतीक के रूप में प्रभास पाटन म्यूज़ियम में रखे गए हैं। यह म्यूज़ियम अभी प्रभास पाटन के पुराने सूर्य मंदिर में चल रहा है। ऐसा ही एक शिलालेख प्रभास पाटन में म्यूज़ियम के पास, भद्रकाली गली में पुराने राम मंदिर के बगल में स्थित है। सोमपुरा ब्राह्मण दीपकभाई दवे के घर पर संरक्षित, यह उनके आंगन में प्राचीन भद्रकाली मंदिर की दीवार में लगा हुआ है।

प्रभास पाटन म्यूज़ियम के क्यूरेटर (म्यूज़ियम हेड) श्री तेजल परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिलालेख, जो 1169 ईस्वी (वल्लभी संवत 850 और विक्रम संवत 1255) में बनाया गया था और अभी राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित है, अन्हिलवाड़ पाटन के महाराजाधिराज कुमारपाल के आध्यात्मिक गुरु परम पशुपत आचार्य श्रीमान भावबृहस्पति की प्रशंसा में लिखा गया शिलालेख है। यह शिलालेख सोमनाथ मंदिर के प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास को दर्ज करता है। इसमें चारों युगों में सोमनाथ महादेव के निर्माण का उल्लेख है। इसके अनुसार, सत्य युग में चंद्र (सोम) ने इसे सोने का बनवाया था; त्रेता युग में रावण ने इसे चांदी का बनवाया था; द्वापर युग में श्री कृष्ण ने इसे लकड़ी का बनवाया था; और कलयुग में राजा भीमदेव सोलंकी ने एक सुंदर कलात्मक पत्थर का मंदिर बनवाया था।

इतिहास इस बात की पुष्टि करता है कि भीमदेव सोलंकी ने पूर्व के अवशेषों पर चौथा मंदिर बनवाया था, जिसके बाद 1169 ईस्वी में कुमारपाल ने उसी जगह पर पाँचवाँ मंदिर बनवाया। सोलंकी शासन के तहत, प्रभास पाटन धर्म, वास्तुकला और साहित्य का एक प्रमुख केन्द्र बन गया, जबकि सिद्धराज जयसिंह के न्याय और कुमारपाल की भक्ति ने सोमनाथ को गुजरात के स्वर्ण युग के गौरवशाली प्रतीक के रूप में स्थापित किया।

प्रभास पाटन की पवित्र भूमि में न केवल खंडहर हैं, बल्कि सनातन धर्म का आध्यात्मिक गौरव भी है। ऐतिहासिक भद्रकाली शिलालेख सोलंकी शासकों और भवबृहस्पति जैसे विद्वानों की भक्ति को दशार्ता है। कला, वास्तुकला और साहित्य की अपनी समृद्ध विरासत के माध्यम से, यह भूमि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहती है, जबकि प्रभास की विरासत और सोमनाथ का स्थायी शिखर इस बात की पुष्टि करते हैं कि भक्ति और आत्म-सम्मान कालातीत हैं।

# व्यापारीयों के हर स्तर पर सम्मान व हितों के रक्षा की आवाज बुलंद रहेगी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। व्यापारियों के हर स्तर पर मान -सम्मान व हितों के रक्षा की आवाज अंतिम समय तक बुलंद रहेगी। उनकी समस्याओं व व्यापार मंडल से जुड़े हर सुझावों पर गम्भीरता से विचार किया जाएगा। हमें सकारात्मक रूप से कार्य करने की जरूरत है।

उक्त बातें हरहुआ व्यापार मंडल के तत्वावधान में आज पीलर न03 के समीप एकता प्रविजन स्टोर्स हरहुआ में व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने वक्त की। व्यापार मंडल बैठक में व्यापारियों की समस्याओं व सुझावों सहित महत्वपूर्ण संगठनात्मक बिंदुओं पर सफलतापूर्वक चर्चा हुई। बैठक में स्थानीय व्यापारियों ने भाग



लेकर अपनी समस्याओ व सुझावों पर विचार साझा किया। संगठन को और अधिक मजबूत, संगठित एवं प्रभावी बनाने को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलामहामंत्री धर्मवीर गुप्ता ,प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश निरंकारी, एडवोकेट एन0 पी0 जायसवाल, जिलामहामंत्री धर्मवीर गुप्ता, महामन्त्री मनीष गुप्ता,संजय गुप्ता, राजू सेठ सहित हरहुआ व्यापार मंडल के संरक्षक राजेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष अनिल जायसवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष विकास जायसवाल, संयुक्त मंत्री राकेश गुप्ता, सूचना एवं प्रसारण मंत्री ज्योतिरादित्य गुप्ता सहित कई पदाधिकारी व व्यापारी गण उपस्थित रहे।

अंत मे सभी व्यापारियों ने संगठन को अधिक सशक्त व एकजुट रहकर सौहार्दपूर्ण रचनात्मक वातावरण बनाये रखने का संकल्प लिया।

# गंगापुर एकेडमी को हरा कर झाँसी हॉस्टल हुआ विजेता

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। डा0विभूति नारायण सिंह खेल मैदान पर गंगापुर एकेडमी द्वारा आयोजित 40वीं पण्डित कृष्ण देव उपाध्याय राज्य स्तरीय प्राइस मनी हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच झाँसी हॉस्टल बनाम गंगापुर हॉकी एकेडमी के बीच खेला जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए मैच के हाफ टाइम तक दोनों टिम बराबरी पर रही दूसरे हाफ के 32वे मिनट में झाँसी हॉकी के खिलाड़ी अंकित पटेल ने फील्ड गोल कर अपने टिम को 1-0 से बढ़त बना ली इसी के तुरंत बाद 33वे मिनट में अखिलेश यादव ने गोल कर झाँसी हॉस्टल अपने टिम को 2-0 से आगे कर दिया और जवाबी आक्रमण में गंगापुर हॉकी एकेडमी के अंकित सिंह ने मैच के 47वे मिनट में गोल कर टीम को 2-1 पर ला दिया यही स्कोर मैच के आखिरी समय तक रहा और झाँसी हॉस्टल विजेता रही ।आज के मुख्य अतिथि देव राज सिंह ठाकुर विशिष्ट



अतिथि राजेश राय, सन्तोष राय,हीरा सिंह यादव ब्लॉक प्रमुख सैदपुर, प्रवीण सिंह निदेशक सनबीम गाजीपुर, ओम प्रकाश पाल,अभिषेक कुमार एस डी एम,सान्तनु कुमार सिंह एस डी एम राजातालाब,डा रामाश्रे उपाध्याय,,पंकज सिंह के टी वी,धीरेन्द्र सिंह उर्फ सोनू जी ,सूरज त्रिपाठी ,विकाश पण्डेय,घनश्याम जैन ,अर्जदेव उपाध्याय,आनन्द यादव ,शशी गुप्ता,विजय मौर्य,राजेश राय, विशाल सेठ ,हरिश्चंद्र चौबे, मनोज मौर्य समाजसेवी,डा प्रवीन चंद्र पांडेय इत्यादि लोग मौजूद रहे हैं मैन ऑफ मैच नीतीश भारद्वाज और मैन आफ सीरिज राहुल सिंह रहे

अतिथियों को स्मृति चिन्ह क्लब के सचिव अवधेश लाल मौर्य ने दिया , धन्यवाद ज्ञापन क्लब के अध्यक्ष मो हुसैन अंसारी ने किया,अतिथियों का स्वागत लाल बहादुर मौर्य ,डॉक्टर चेतनारायण ,अजय भारती , प्रदीप कुमार सिंह पूर्व महामंत्री तहसील बार राजातालाब श्यामलाल यादव संचालन की भूमिका रोहित मोदनवाल ने किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बोरसिया स्थित सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सत्यदेव ग्रुप ऑफ



कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर डा०सानंद सिंह के द्वारा पुष्प अर्पित




कर लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन, उनके आदर्शों, सादगी, ईमानदारी एवं देशभक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुवंशी, विद्यालय के प्रिंसिपल चंद्रसेन तिवारी, एजुकेशनल कंसलटेंट डॉ. अंकित जायसवाल, सहायक शुभम सिंह, सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉक्टर सानंद सिंह ने लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन मूल्यों को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि "जय जवान, जय किसान" का नारा आज भी देश के लिए उतना ही प्रासंगिक है।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा। विद्यालय परिवार द्वारा भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। उक्त अवसर पर शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# उत्तर करीमगंज से भाजपा टिकट की दावेदार बनीं समाजसेवी मुन्नी छेत्री, जिला व गुवाहाटी कार्यालय में आवेदन जमा

**श्रीभूमि संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

करीमगंज (असम। बिहार के बाद अब असम में भी 26 विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा चुका है। राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में संभावित उम्मीदवारों द्वारा टिकट के लिए आवेदन और बायोडाटा जमा करने की होड़ लगी हुई है। इस क्रम में बराक घाटी भी पीछे नहीं है, जहां चुनावी सरगर्मी दिन-ब-दिन तेज होती जा रही है।

उत्तर करीमगंज विधानसभा क्षेत्र से समाजसेवी मुन्नी छेत्री ने भारतीय जनता पार्टी से टिकट की मांग करते हुए जिला भाजपा कार्यालय तथा गुवाहाटी स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में अपना आवेदन पत्र विधिवत जमा कराया है। उनके आवेदन के बाद क्षेत्र की राजनीति में नई चर्चा शुरू हो गई है।

बताया जा रहा है कि उत्तर करीमगंज में इस बार सत्तारूढ़ दल की राजनीतिक हवा काफी गरमाई हुई



है। भाजपा के कई नामचीन नेता–जिनमें सुब्रत भट्टाचार्य, मिशन रंजन दास, आशीष नाथ, डॉ. मानस दास और पवित्र रंजन राय शामिल हैं–चुनावी मैदान में अपनी दावेदारी जता रहे हैं। इसी बीच, लंबे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय मुन्नी छेत्री एक मजबूत जनसमर्थन के साथ उभरती हुई उम्मीदवार के रूप में सामने आई हैं।

मुन्नी छेत्री ने सामाजिक कार्यों के माध्यम से हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। यही कारण है कि क्षेत्र की आम जनता में उन्हें एक ईमानदार, कर्मठ और जनसेवी चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार उत्तर करीमगंज में जनता की पसंद के रूप में मुन्नी छेत्री का नाम तेजी से उभर रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस समर्थक मतदाताओं का एक वर्ग भी सोशल मीडिया पर खुलकर यह कहता नजर आ रहा है कि यदि मुन्नी छेत्री को भाजपा से टिकट मिलता है, तो वे उन्हें एक सच्चे जनसेवक के रूप में समर्थन देंगे। अल्पसंख्यक समुदाय के कई मतदाताओं में भी उनके प्रति सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है।

अब राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि उत्तर करीमगंज (श्रीभूमि) की विधानसभा सीट का ताज आखिर किसके सिर सजेगा। इसका फैसला आने वाले दिनों में पार्टी नेतृत्व के निर्णय और जनता के मूड पर निर्भर करेगा।

# विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद का दूसरा दिन नई दिल्ली के भारत मंडपम में जारी

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा नेता संवाद का दूसरा दिन आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक भव्य उद्घाटन सत्र के साथ शुरू हुआ। इस सत्र में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजीत डोवाल, केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे, युवा मामलों के विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल और युवा कार्यक्रम विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री नितेश कुमार मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ, जिनके युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व एवं राष्ट्रीय सेवा के शाश्वत आदर्श पूरे देश के युवा नेताओं को प्रेरित करते रहते हैं, इसके बाद पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित किया गया।

आरंभिक सत्र को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और इस पहल पर मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक क्विज राउंड में लगभग 50 लाख युवा शामिल हुए, जिनमें से तीन लाख को 10 पहचाने गए थीमेटिक ट्रैक्स में से किसी एक पर निबंध प्रस्तुत करने के लिए चयनित किया गया। इन निबंधों का मूल्यांकन प्रख्यात प्रोफेसरों द्वारा किया गया, जिसके बाद 30,000 युवाओं को राज्य स्तर पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए चुना गया।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उप्र कायस्थ समाज को मुख्य धारा में लाने का हर प्रयास किया जा रहा है - डॉ इन्द्रसेन श्रीवास्तव

## महासभा के पूर्व संभाग की बैठक में लिए गये कई अहम निर्णय।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश में आगामी वर्ष में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के साथ ही विधान परिषद एवं विधान सभा चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करायेगी।

उक्त बातें महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डा. इंद्रसेन श्रीवास्तव ने रविवार को महासभा के मध्य संभाग के समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हमारे लोगों को राजनैतिक रूप से मजबूत किये जाने के लिए आगामी त्रिस्तरीय चुनाव में प्रतिभाग करना होगा। ऐसा करके ग्रामीण क्षेत्रों से दूरी बना रहे लोगों को अपने मूल स्थान से जोड़ सकेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष ने महासभा के पूर्व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष नितिन नबीन को भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी विधान परिषद व विधान सभा चुनाव में राष्ट्रीय राजनैतिक दल एवं गठबंधन के स्वजातीय प्रत्याशियों के लिए महासभा सहयोग करेगी।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ0 मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन व्यक्ति और व्यक्तित्व की पहचान होता है ।आज हमारा समाज हर स्थिति में



हासिये पर नजर आ रहा है।ये हम सबकी जिम्मेदारी है कि अपने संगठन के माध्यम से कायस्थ समाज को मजबूत करने का कार्य करें।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व संभाग कुमार नारायण ने कहा कि कार्य योजना के माध्यम से संगठन को मजबूत किया जाय। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निरंजन श्रीवास्तव ने बैठक में आये सभी पदाधिकारियों को अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। महासभा जनपदों की समीक्षा प्रदेश महामंत्री श्याम चंद्र श्रीवास्तव ने करते हुए इकाइयों को सक्रिय करने का निर्देश दिया। संचालन कार्यकारी प्रदेश महामंत्री राकेश श्रीवास्तव एवं अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने किया।

बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ0 मुकेश श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने भगवान चित्रगुप्त जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। समीक्षा बैठक में कायस्थ कुल गौरव पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि ज्ञापित की गयी।

समीक्षा बैठक में प्रदेश अध्यक्ष प्रशासन डॉ0 आनंद श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डॉ अन्जना श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश संगठन मंत्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव शिवब्रत लाल श्रीवास्तव, राजेन्द्र श्रीवास्तव,श्रीकांत श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री अमन श्रीवास्तव व पूर्वीसंभाग के पांचों मण्डल के 19 जनपदों के जिलाध्यक्ष/ महामंत्री युवा प्रकोष्ठ महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लेखांकन प्रक्रिया पर ही निर्भर होती है समूहों की सफलता : विमल कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। स्वयं सहायता समूहों में सही लेखांकन की प्रक्रिया जरूरी होती है, क्योंकि इसी पर समूहों की सफलता निर्भर होती है।

उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से चयनित लेखपाल (बुक कीपर) का स्वयं सहायता समूह की अवधारणा एवं प्रबंधन विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के अभिलेखों का रख-रखाव करने में प्रशिक्षित बुक कीपर दीदियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन दिवसों में डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन निर्मल, अतुल कुमार पाण्डेय व शशिकांत द्वारा प्रतिभागियों को स्वयं सहायता समूह की अवधारणा तथा उसके प्रबंधन के बारे में और




लेखांकन क्या होता है एवं लेखांकन की प्रक्रिया तथा समूहों में तैयार की जाने वाली पुस्तकों मुख्य रूप से कार्यवाही पुस्तिका, बचत पुस्तिका, ऋण पुस्तिका व मासिक प्रतिवेदन आदि के बारे में जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन सत्रों में जनपद वाराणसी के विकास सेवापुरी से चयनित 48, हरहुआ से 48 व काशीविद्यापीठ से 49 बुक कीपर दीदियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर सत्र प्रभारी संजय कुमार द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि व्यवहारिक कार्य मे सकारात्मक समन्वयन से सभी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

समापन अवसर पर सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, सपना, गुंजा पटेल, सुमन, मीना, लक्ष्मी, पूजा, गुंजन, किरन, सावित्री, संध्या, बेबी, ललिता, प्रेमशिला, शीला, नीलम, सरिता, सुनीता, ममता, संगीता, सुलेखा, सोनम, आरती, चन्दा, प्रीती, रेखा, मीरा, कोमल, सरिता, संजना, निशा, रानी, साधना, प्रिया, रेशमा, गुड्डी आदि सहित 145 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व ग्रुप फोटो देकर जिला प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा सत्र का समापन किया गया।

# राजगढ़ के कंजर बस्ती में अवैध शराब पर राजगढ़ थाने की पुलिस ने मारा छापा

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / राजगढ़ थाना क्षेत्र के अवैध शराब पर राजगढ़ थाने की पुलिस ने मारा छापा। राजगढ़ के कंजर बस्ती में आज सुबह राजगढ़ थाने की पुलिस ने कंजर बस्ती में पहुंचकर अवैध शराब बनाने वाले पर छापा मारा जहां पर 50 किलो के आसपास लहन को नष्ट किया गया इसके अलावा कई भट्ठियों को तोड़ा भी गया। जहां पर अवैध शराब बनाने वाले पुलिसकर्मियों को देखते ही मौके से फरार हो गए। अवैध शराब का दायरा बहुत लंबा है राजगढ़ के कंजर बस्ती में मेन हाइवे मीरजापुर



सोनभद्र मार्ग के पास में स्थित है और रोजाना स्कूली छात्राएं और कई बड़ी गाड़ियां छोटी गाड़ियां गुजरती है लेकिन इसकी दुर्गन्ध इतनी ज्यादा है कि लोग नाक पर रुमाल बांधकर गुजरते हैं। अवैध शराब पर लगाम नहीं लग पा रही है। इसी को देखते हुए राजगढ़ थाने की पुलिस ने कंजर बस्ती में छापा मार कर लहन को नष्ट किया।और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध शराब बनाने वालों में हड़कंप मचा रहा।

# गरीबों, असहायों,जरूरत मन्दों की सेवा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है: - सुरेंद्र नारायण सिंह

**- कड़ाके की ठंड से राहत पाने हेतु पूर्व विधायक ने अपने आवास पर जरूरतमंदों मे किया कंबल वितरण**

**- 600सौ कम्बल गरीबों,जरूरत मन्दों में हुआ वितरण।**



**समाज जागरण**

वाराणसी। भीषण गलन,कड़ाके की ठंड व शीतलहर से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है वहीं गरीबों, दिव्यांगों ,असहायों की स्थिति संघर्ष के साथ आग ताप कर निजात पा रहे हैं।

ऐसे लोगों को सेवा भावना के साथ पूर्व विधायक रोहनिया सुरेंद्र नारायण सिंह औढ़े ने रविवार को अपने आवास पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर आस -पास ग्रामीण क्षेत्र के आए हुए सैकड़ो गरीबों, असहायों व जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया।कंबल पाकर गरीब बुजुर्गों,दिव्यांगों का चेहरा खिल उठा।

पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि गरीब असहायों की सेवा करना भगवान की सेवा करने के समान होता है। सेवा धर्म निभाने से पुण्य की प्राप्ति होती है। हर सक्षम व्यक्ति अपने जीवन में सेवा धर्म निभाकर एक तरफ सनातन परंपरा को जीवंत बनाएं और दूसरी तरफ आशीर्वाद प्राप्तकर पुण्य कमाएं। मकर संक्रांति पर हर गरीबों में खिचड़ी से जुड़े खाद्य सामग्री वितरित कर परम्परा का निर्वहन करें।

कुल 600कंबल स्वयं के साथ -साथ भाजपा पदाधिकारियों ,कार्यकताओं व परिवारजनों ने गरीबों में वितरित किया।

कम्बल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वीरेश्वर उर्फ 'वीरू' सिंह, संदीप सिंह कपिल, अजय दुबे, विकास दुबे, दीपक सिंह ,देवेंद्र उर्फ गोपाल सिंह, राधेश्याम सिंह, अनूप श्रीवास्तव,गोपाल नारायण सिंह, धर्मेंद्र यादव, गुड्डू सिंह प्रधान, विनोद प्रकाश सिंह, सुनील सिंह ,नितेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, उदय भान सिंह ऊदल, दिनेश सिंह, गोल्डेन सिंह, सत्य प्रकाश दुबे, विक्रम पटेल,भरत दुबे ,रामजी यादव, अजय गोड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल: वनांचल की बिटिया अनामिका बैगा के मेडिकल सपने को मिला संबल

**समाज जागरण**




सीधी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील सोच और त्वरित निर्णय का एक और प्रेरक उदाहरण सामने आया है। सीधी प्रवास के दौरान बहरी में आयोजित कार्यक्रम में कुसमी विकासखंड के ग्राम देउमठ निवासी बिटिया अनामिका बैगा ने मुख्यमंत्री से मेडिकल की पढ़ाई में सहयोग का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उसे हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। अनामिका अभी NEET परीक्षा की तैयारी कर रही है जिसके लिए उन्हें कोचिंग, छात्रावास एवं अध्ययन सामग्री की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिटिया की आवश्यकताओं के अनुरूप उचित और त्वरित व्यवस्थाएं की जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भविष्य में अनामिका के मेडिकल कॉलेज में चयन होने पर राज्य सरकार उसकी पढ़ाई में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अनामिका अपने परिश्रम से एक दिन सफल और प्रतिष्ठित चिकित्सक बनकर प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के पालन में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अनामिका बैगा से मुलाकात की। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी को निर्देशित किया कि अनामिका को NEET की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें, कोचिंग और छात्रावास की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए। साथ ही अनामिका तथा उनके पिता रामकुमार बैगा से अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेकर उपखंड अधिकारी कुसमी और जनजातीय कार्य विभाग को परीक्षण कर उसे सभी पात्र हितग्राहीमूलक योजनाओं से जोड़ने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री की इस मानवीय और प्रेरणादायक पहल से अनामिका बैगा बेहद प्रसन्न है। यह पहल न केवल एक आदिवासी बिटिया के सपनों को नई उड़ान देगी, बल्कि यह भी दर्शाती है कि राज्य सरकार प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प को पूरा सहयोग देने के लिए सदैव तत्पर है।

खुशियों की दास्ता

# बच्ची की किलकारी सुन छलक पड़े श्वेता सिंह के खुशी के आँसू

**समाज जागरण विजय तिवारी**



सोडा फैक्ट्री।कहते हैं हर आँसू दुःख के नहीं होते, कुछ आँसू ऐसे भी होते हैं जो अपार खुशी और जीवन की जीत का प्रतीक होते हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आमजन को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय के माध्यम से मरीजों को निःशुल्क उपचार, सीटी स्कैन, दवाइयाँ, नवजात शिशु उपचार सहित अनेक महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। जिले के तहसील बुढार अंतर्गत अमलाई सोडा फैक्ट्री निवासी श्वेता सिंह विगत दिनों जिला चिकित्सालय शहडोल में चिकित्सकीय परामर्श हेतु पहुँचीं, जहाँ जाँच के दौरान पाया गया कि उनकी बीपी अत्यधिक बढ़ी हुई थी तथा शरीर में सूजन है। चिकित्सकों ने बताया कि माँ और गर्भस्थ शिशु दोनों की स्थिति अत्यंत गंभीर है और दोनों की जान को खतरा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए श्वेता सिंह को तत्काल भर्ती किया गया। सोनोग्राफी एवं अन्य आवश्यक जांच के उपरांत चिकित्सकों ने कहा कि माँ और शिशु में से किसी एक को ही बचा पाना संभव हो सकता है। जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ ने अपने अथक प्रयास, कुशलता और समर्पण से चुनौती को स्वीकार किया और सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर माँ और नवजात बच्ची दोनों की जान बचाई।

जब श्वेता सिंह ने अपनी गोद में स्वस्थ बच्ची को देखा, तो उनकी आँखों से खुशी के आँसू छलक पड़े। उन्होंने कहा, हमने तो उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने मेरी बच्ची को नई जिंदगी दी है। मैं डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को धन्यवाद करती हूँ।

# 27 वर्षों के संघर्ष की पहचान: वरिष्ठ कर्मचारी नेता अशोक पांडे को परशुराम सेवा सम्मान

**समाज जागरण**

सीधी। विंध्य क्षेत्र निवासी वरिष्ठ कर्मचारी नेता अशोक पांडे को कर्मचारियों एवं श्रमिकों के हित में 27 वर्षों से किए जा रहे सतत संघर्ष एवं सेवा के लिए परशुराम सेवा सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान परशुराम मंदिर, तुलसी नगर, भोपाल में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

समारोह में भोपाल सांसद आलोक शर्मा, पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर एवं भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय ने संयुक्त रूप से अशोक पांडे को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य मनोज राठौर, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. राकेश चतुर्वेदी, अशोक तिवारी एडवोकेट, राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी, पूर्व एमआईसी अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, कर्मचारी नेता मयूर उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पयासी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अशोक पांडे को यह सम्मान कर्मचारियों एवं श्रमिकों की मांगों को लेकर 27 वर्षों से किए जा रहे संघर्ष, सेवा एवं प्रभावी नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया है। उनके नेतृत्व में राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों में सैकड़ों धरना-प्रदर्शन आयोजित किए गए,

**वहीं दो बार जेल यात्रा भी करनी पड़ी।**

उन्होंने बताया कि अशोक पांडे पिछले 20 वर्षों से ब्राह्मण समाज की सेवा, सामाजिक सम्मान एवं अधिकारों के लिए भी निरंतर सक्रिय हैं। इससे पूर्व उन्हें स्व. सतनारायण तिवारी सेवा सम्मान तथा वर्ष 2020 में मजदूर दिवस पर मजदूर रत्न सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। सम्मान प्राप्त होने पर विभिन्न कर्मचारी संगठनों, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने अशोक पांडे को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# किसानों की कृषि को उन्नत बनाने चला कृषि रथ

## पाली जनपद से जन प्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

**समाज जागरण**



बिरसिंहपुर पाली --- मध्यप्रदेश शासन ने इस वर्ष को कृषि वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जिसके तहत किसानों की खेती को उन्नत शील , कम लागत और कृषकों की आय बढाने के लिए किसानों तक जानकारी सुगमता से पहुचाने की सफल कोशिश की जा रही है। इसे जमीनी धरातल पर उतारने के लिए कृषि रथ चलाया जा रहा है। इसे मूल रूप देने के लिए आदिवासी विकास खंड पाली के जनपद कार्यालय से शुरू किया गया है, इस अवसर पर सैकड़ों किसानों के साथ जनप्रतिनिधियों की भागीदारी ने कार्यक्रम के गौरव बढा रहा है । विदित होवे की कृषि रथ को पाली जनपद पंचायत पाली के जनपद सदस्य धूप सिंह, और नव निर्वाचित जनपद सदस्य सुश्री पुष्पलता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह रथ गाँव- गाँव में किसानों के बीच जाकर कृषि के उन्नत तरीकों की जानकारी उपलब्ध करायेगी। कृषि रथ का शुभारंभ वर्चुअल भाषण के माध्यम से मुख्यमंत्री डां मोहन यादव और कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना के व्दारा विधि वत प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया । कृषि विभाग के व्दारा किसानों की दशा और दिशा बदलने में यह अभियान मील का पत्थर साबित होगी। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य कार्य पालन अधिकारी कन्हाई कुंवर एस ए डी ओ सूरज सिंह आर्मो सहायक तकनीकी प्रबंधक आत्मा दीपक पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शांति सिंह, शिवकली सिंह, रानू गुप्ता, संगम गुर्जर, राजकुमार आर्य, एंव कृष्णा परस्ते और क्षेत्र के किसानों के साथ क्षेत्र भर की कृषि सखियाँ ने कार्यक्रम में भाग लिया। यह रथ पाली विकास खंड में पूरे गाँवों में पर्याप्त समय देते हुए पूरे माह भर भ्रमण करते हुए किसानों को लाभकारी जानकारी उपलब्ध करायेगा। ।

# बलियाछोट में अवैध धान भंडारण का खुलासा, 172 बोरी जब्त

**समाज जागरण**

बिजुरी। प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम बेलियाछोट, बिजुरी अंतर्गत केसरवानी (गुप्ता) एजेंसी हार्डवेयर में अवैध रूप से धान का भंडारण पाए जाने का मामला सामने आया है। मौके पर की गई जांच में दुकान के अंदर कुल 172 बोरी धान स्टॉक के रूप में रखी मिली।

जांच के दौरान एजेंसी संचालक केसरवानी द्वारा धान से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके पश्चात संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से विधिक कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग से तहसीलदार धनीराम ठाकुर, पुलिस विभाग तथा मंडी निरीक्षण दल कोतमा मौके पर मौजूद रहा। मंडी जांच दल द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम अंतर्गत वर्ष 1972 (क्रमांक-24) एवं 1973 की धारा 19(4) के तहत विधिक कार्रवाई की गई।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध भंडारण और नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# रामवन गमन पथ का साक्षी दशरथ घाट: श्रद्धालुओं की आस्था, भौगोलिक इतिहास और स्थल उपेक्षा का दंश

## सोन - जोहिला संगम पर स्थित वह पावन स्थल , जहाँ वनवास काल में प्रभु श्रीराम ने किया था पिताश्री चक्रवर्ती राजा दशरथ का पिंडदान , आज भी विकास की राह देख रहा है

**समाज जागरण**

उमरिया। आदिवासी बहुल शहडोल संभाग की धरती पर आज भी ऐसे कई पवित्र स्थल मौजूद हैं, जहाँ मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के चरण पड़े होने की मान्यता है। यह स्थान न केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक हैं, बल्कि आज भी अपनी पवित्रता के सजीव गवाह बने हुए प्रभु श्रीराम को नमन कर रहे हैं। रामवन गमन पथ मार्ग से जुड़ा ऐसा ही एक अत्यंत पावन स्थल शहडोल संभाग के उमरिया जिले में शहडोलझमानपुर मार्ग पर ग्राम बिजौरी के समीप स्थित दशरथ घाट है। यह वही स्थल है, जहाँ सोन नदी और जोहिला नदी का पवित्र संगम होता है।

**पौराणिक मान्यता और इतिहासः**

मान्यता है कि वनवास के दौरान जब प्रभु श्रीराम चित्रकूट से मार्कण्डेय की ओर अग्रसर थे, तभी उन्हें अपने पिता महाराज दशरथ के देहावसान का समाचार प्राप्त हुआ। इसके पश्चात प्रभु श्रीराम माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ आगे बढ़ते हुए दशरथ घाट पहुँचे। यहीं सोनझ जोहिला संगम पर उन्होंने पिताश्री राजा दशरथ जी का पिंडदान किया।

सोन नदी आगे चलकर बिहार में पटना के पास गंगा नदी में मिलती है, इसी अवधारणा के आधार पर यहाँ पिंडदान किया गया। प्रभु श्रीराम कुछ समय तक इस स्थल पर ठहरे भी थे। तभी से इस पवित्र स्थान का नाम दशरथ घाट प्रचलित हुआ।

**मंदिर और रामवन पथ का नक्शाः**

दशरथ घाट पर एक प्रसिद्ध मंदिर स्थित है, जहाँ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की प्रतिमाएं स्थापित हैं। मंदिर परिसर में रामवन




गमन पथ यात्रा का पूरा नक्शा भी प्रदर्शित है, जिसमें प्रभु श्रीराम की चरण पादुकाएं और उनके वनवास मार्ग का विस्तृत उल्लेख किया गया है–कि अयोध्या से निकलकर प्रभु किन-किन मार्गों से गुजरे और कहाँ-कहाँ उनके पवित्र चरण पड़े।

**मनमोहक दृश्य, लेकिन विकास से वंचितः**

यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर और अत्यंत मनोहारी है। इसके बावजूद आज तक सरकार या प्रशासन द्वारा इस पवित्र स्थल के विकास की कोई ठोस रूपरेखा तैयार नहीं की गई है। न जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर गया और न ही धर्मावलंबियों की संगठित पहल दिखाई देती है। यदि इस स्थल को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए, तो ना केवल आसपास के क्षेत्रों बल्कि देशभर से श्रद्धालुओं का यहाँ आवागमन बढ़ सकता है।

**पहुंच मार्ग की समस्याः**

दशरथ घाट तक पहुँचने के लिए फिलहाल संकरी गलियों और घनी झाड़ियों से होकर गुजरना पड़ता है। जबकि यह पवित्र स्थल शहडोल से लगभग 40 किलोमीटर और मानपुर से मात्र 20 किलोमीटर की दूरी पर शहडोलझमानपुर मुख्य मार्ग से सिर्फ एक किलोमीटर अंदर स्थित है। उचित सड़क, संकेतक और सुविधाएं विकसित कर इसे बेहतर रूप दिया जा सकता है।

**रामवन पथ की आगे की यात्राः**

मान्यताओं के अनुसार, दशरथ घाट से आगे प्रभु श्रीराम माता सीता और लक्ष्मण के साथ अमझोर गंधिया पहुँचे, जहाँ सीतामढ़ी स्थल स्थित है। आज दशरथ घाट अपनी पवित्रता, इतिहास और आस्था के साथ खड़ा है–बस इंतजार है तो सरकारी पहल और सामाजिक जागरूकता का, ताकि यह स्थल धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर अपनी पहचान बना सके।

# कांग्रेस के गले नही उतर रही विकसित भारत जी राम जी योजना:मंत्री दिलीप जायसवाल

## प्रेस कांफ्रेंस में राज्यमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**समाज जागरण**




उमरिया।। भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के भरौली स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लघु एवं ग्रामोद्योग ,कुटीर राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि जी राम जी योजना ग्रामीण विकास के लिए एक कारगर और दूरदर्शी पहल सिद्ध होगी। इस योजना के अंतर्गत मजदूरों की मजदूरी महंगाई सूचकांक के अनुरूप बढ़ाई जाएगी, जिससे श्रमिकों की आय सुरक्षित रहेगी और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। यह योजना रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को अब प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों तक वैधानिक रोजगार की गारंटी मिलेगी। योजना के तहत भविष्य में पंचायतों की भूमिका और अधिक सशक्त होगी तथा योजना निर्माण की शक्ति ग्राम सभा और पंचायतों के पास रहेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी,अमित सिंह,महामंत्री हरीश विश्वकर्मा, दीपक छतवानी,राधे कोल, जिला मीडिया प्रभारी कौशल विश्वकर्मा उपस्थित रहे। भ्रम फैलाने वालों पर साधा निशाना कहा-नाम को लेकर दुष्प्रचार कॉग्रेस का काम राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि विपक्षी दल जी राम जी योजना को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, जबकि यह योजना पूरी तरह स्पष्ट, पारदर्शी और मजदूरों के हित में है। योजना में 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। मजदूरों की मजदूरी महंगाई सूचकांक के अनुसार बढ़ती रहेगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा भ्रम और प्रोपेगंडा फैलाने का काम करती है,कांग्रेस पार्टी हमेशा से भगवान श्री राम की विरोधी रही है और अब वह देश के विकास में भी रोड बन रही है। जबकि जी राम जी योजना ग्रामीण विकास की धुरी बनेगी। योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिससे भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में योजनाएं लाभ के लिए नहीं सिर्फ नेताओं के प्रचार के लिए उनके नाम पर चलतीं रहीं ऐसी करीब 2 सौ योजना है लेकिन भाजपा सरकार योजनाओं के सफल और उससे जन जन के लाभ को दृष्टिगत कार्य कर रही है जिसका असर देश मे विकास के रूप में दिख रहा है यही कारण है कि नाम बदलने को लेकर बेवहज का दुष्प्रचार किया जा रहा है।

**ग्रामीण रोजगार नीति में ऐतिहासिक बदलाव**

राज्यमंत्री जायसवाल ने योजना की जानकारी देते हुए कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार नीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक परिवर्तन है। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिनों तक करता है और सशक्तिकरण, समावेशी विकास , कन्वर्जेंस एवं सेचूरेशन के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह योजना मजदूरी रोजगार को केवल एक कल्याणकारी व्यवस्था तक सीमित न रखकर विकास के एकीकृत माध्यम के रूप में स्थापित करती है। इससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा मजबूत होती है, जवाबदेही और शासन प्रणाली आधुनिक होती है तथा टिकाऊ और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियों का निर्माण होता है।

**कृषि और श्रमिक हितों में संतुलन**

श्री जायसवाल ने बताया कि बुवाई और कटाई के चरम समय में कृषि श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार दिया गया है। इसके बावजूद श्रमिकों को 125 दिनों का रोजगार अधिकार यथावत रहेगा, जिससे कृषि उत्पादकता और श्रमिक हितों के बीच संतुलन बना रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा अधिकतम 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

**टिकाऊ अवसंरचना से जुड़े रोजगार**

जी राम जी योजना के अंतर्गत जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा प्रतिकूल मौसमीय प्रभावों को कम करने वाले कार्यों से जुड़े रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी कार्य विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं के अंतर्गत ग्राम सभा की स्वीकृति से प्रारंभ होंगे और पीएम गति शक्ति सहित राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफार्मों से जोड़े जाएंगे।

# वन परिक्षेत्राधिकारी की सांठगांठ से खैर वृक्षों की अवैध कटाई

## आठ वृक्षों की कटाई की अनुमति साठ की कटाई

**समाज जागरण**



उमरिया -- वन परिक्षेत्र नौरोजाबाद के कल्दा ग्राम पंचायत में अवैध खैर लकड़ी की कटाई मामले में वन विभाग के परिक्षेत्र स्तर के अधिकारियों की संलिप्तता के उजागर होने से मामले में नया मोड़ आ गया है, इस मामले की जांच अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप त्रिपाठी के व्दारा की जा रही है। बताया जाता है कि कल्दा ग्राम पंचायत नौरोजाबाद परिक्षेत्र में आता है, वहाँ पर अनूपपुर जिले के जमुडी गाँव का रहने वाला शाबिर खान व मुसताक खान लकड़ी तस्कर खैर की लकड़ी की तस्करी एक लंबे समय से कर रहे हैं,यह दोनों तस्करों का नेटवर्क नौरोजाबाद के परिक्षेत्राधिकारी पीयूष त्रिपाठी की कृपा दृष्टि से चल रहा था , कतिपय तस्कर का आना जाना वन परिक्षेत्राधिकारी के यहाँ बराबर बना रहता था, लगभग एक महीने पहले शाबिर खान नामक ठेकेदार रात आठ से नौ बजे के बीच वन परिक्षेत्राधिकारी पीयूष त्रिपाठी जी के बंगले में बैठे देखे गये थे। इस तरह देखा जाये तो नौरोजाबाद परिक्षेत्र में लकडियों की तस्करी इन अधिकारियों की सलिप्तता से होती रही है। अभी हाल में इस पर चौकाने वाले तथ्य सामने आये है। बताया जाता है कि खैर लकड़ी के तस्कर शाबिर खान ने कल्दा ग्राम के संग्राम सिंह के नाम से ग्राम पंचायत से खैर के आठ वृक्षों की कटाई की अनुमति लेकर साठ वृक्षों की कटाई कर डाली और चोरी -छिपे इन लकडियों का परिवहन करता रहा, इसकी जानकारी नौरोजाबाद परिक्षेत्र के वन अधिकारियों को बराबर रहती रही है, लेकिन अधिकारियों की कृपा दृष्टि के कारण मातहत कर्मचारियों ने कार्यवाही की हिम्मत नहीं जुटा पायी। देखने में आया है कि खैर प्रजाति की लकड़ी वन विभाग के कर्मचारियों के आवास के सामने जो गिरकर वन विभाग के प्रांगण में गिरे हुए हैं और लकड़ी का संग्रह वन कार्यालय के बगल में इस तरह कराया गया था जिससे सहजता से यह अंदाजा लगाया जा सके कि यह लकड़ी कटाई का काम वन विभाग की देख रेख में संचालित हो रहा है। यद्यपि इस मामले में वन परिक्षेत्राधिकारी पीयूष त्रिपाठी ने खैर की लकड़ी राजस्व सीमा पर होने की बात कहकर अपनी डियूटी पूरी कर लिये हैं जबकि अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप त्रिपाठी ने मामले में संदेह व्यक्त करते हुए जांच का बिषय बताया है। फिलहाल खैर की अवैध कटी गयी लगभग बीस चट्टा लकड़ी को जब्त कर डिपो उमरिया ले जाया गया है। देखना है कि खैर प्रजाति के राष्ट व्यापी तस्करी के इस मामले में विभाग के आला कमान अधिकारी किस नतीजे पर पहुचते है। फिर भी पूरे मामले में वन विभाग के कतिपय अधिकारियों के ऊपर लग रहे तीखे आरोप उनका पीछा करते दिखाई दे रहे हैं। आखिर कार वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जब इस तरह तस्करों से मिलीभगत करते देखे जायेगें, भले ही मामला राजस्व भूमि के अन्तर्गत काटी गयी संपदा का है वन भूमि पर पेड़ नहीं कटे पर जिन अधिकारियों के भरोसे अपार वन संपदा वह कब तक और कितनी सुरक्षित रह पायेगी यह सवाल जन मानस में फैला हुआ है ।इस संदर्भ में वन मंडलाधिकारी उमरिया विवेक सिंह से मामले की विस्तृत जानकारी लेने की कोशिश की गयी, लेकिन बात नहीं हो पायी।

# कोतमा में खेल प्रतिभाओं का महाकुंभ-मंत्री प्रीमियर लीग (MPL) का आगाज आज से दो चरणों में होगा आयोजन

## मंडल और विधानसभा स्तर पर भिड़ेंगी टीमें, विजेताओं पर होगी पुरस्कारों की बौछार

**समाज जागरण**




बिजुरी। विधानसभा क्षेत्र कोतमा के युवाओं को खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से 'मंत्री प्रीमियर लीग - टेनिस बॉल क्रिकेट टूनामेंट 2026' का भव्य शुभारंभ आज, 12 जनवरी से होने जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के मंत्री श्री दिलीप जायसवाल जी की इस अनूठी पहल से क्षेत्र के हजारों युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

**दो चरणों में बटा टूनामेंट का रोमांच**

यह पूरी प्रतियोगिता दो मुख्य चरणों में आयोजित की जाएगी प्रथम चरण (मंडल स्तरीय)-यह चरण 12 जनवरी से शुरू होकर 16 जनवरी 2026 तक चलेगा इसके मुकाबले अलग-अलग मंडलों के निर्धारित मैदानों पर खेले जाएंगे! द्वितीय चरण (विधानसभा स्तरीय)- मंडल स्तर की विजेता टीमें 18 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक होने वाले मुख्य मुकाबलों में हिस्सा लेंगी! द्वितीय चरण के सभी मैच गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम (लहसुई कैंप, कोतमा) में आयोजित होंगे!

**मंडल स्तर के लिए निर्धारित खेल मैदान**

खिलाड़ियों की सुविधा के लिए प्रत्येक मंडल में खेल मैदान तय किए गए हैं मंडल बिजुरी-राजीव रतन क्रीड़ांगन,माइनस बिजुरी। मंडल कोतमा-रेस्ट हाउस ग्राउंड, वार्ड क्र. 08। मंडल राजनगर- एस.ई.सी.एल. स्टेडियम, राजनगर। मंडल राजनगर ग्रामीण- शिवलहरा ग्राउंड, दारसागर। मंडल कोतमा ग्रामीण-गढ़ी स्टेडियम। आज के मुकाबले और समय-सारणी (Pool-A) प्रतियोगिता के पहले दिन, 12 जनवरी को बिजुरी के राजीव रतन क्रीड़ांगन में तीन महत्वपूर्ण मैच खेले जाएंगे- मैच 1 (11:30 AM): वार्ड नं. 7 B बनाम रॉयल इलेवन-2 मैच 2 (12:45 PM): वार्ड नं. 06 बनाम रामनगर इलेवन डोला मैच 3 (02:00 PM): वार्ड नं. 12 बनाम वार्ड नं. 13 अगले दिन 13 जनवरी को कुल 5 मैच खेले जाएंगे जिसमें वार्ड नं. 09, 15, 02, 04, 05 और बेलिया छोट जैसी टीमें मैदान में उतरेंगी!

**आकर्षक पुरस्कार और सम्मान**


टूनामेंट की विजेता टीम को 51,000/- रुपये और उपविजेता को 31,000/- रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही मैन ऑफ द टूनामेंट, बेस्ट कैच, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर जैसे व्यक्तिगत पुरस्कारों से भी खिलाड़ियों को नवाजा जाएगा। सभी प्रतिभागी टीमों को क्रिकेट किट बैग और प्रत्येक खिलाड़ी को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

**नियम और शर्तें**

आयोजन समिति ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक खिलाड़ी का कोतमा विधान सभा क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य है और उसे अपने ही वार्ड या पंचायत की टीम से खेलने की पात्रता होगी। मंडल स्तर से केवल अंतिम विजेता 3 टीमें ही विधानसभा स्तरीय महामुकाबले के लिए पात्र होंगी।

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें

**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**






आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.










दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.





वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.









## ट्रक का टायर चेक करते समय चार पहिया वाहन की टक्कर से ट्रक खलासी गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर जिले के असोथर थाना क्षेत्र के छेदीपुर मजरे कथिया गाँव निवासी हरिश्चंद का 24 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार जो ट्रक में खलासी है। वह आज बीती रात ट्रक में गिट्टी लोड कर जा रहा था। जब ट्रक रायबरेली जनपद के डलमऊ थाना क्षेत्र के कस्बे के समीप था तभी ट्रक से उतरकर वह टायर चेक करने लगा। तभी रोड से निकला तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन उसको टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे अंकित कुमार रोड़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। तुरन्त उसको घायल अवस्था मे इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया। जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे थे, तभी हादशे की जानकारी उसके पिता हरिश्चंद्र को हुई। तुरंत तो मौके पर पहुँचकर अंकित को इलाज के लिए अपने प्राइवेट वाहन से फतेहपुर जिला अस्पताल पहुँचाया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है। वहीं अंकित के पिता हरिश्चंद बताया अंकित ट्रक में खलासी है बीती रात वह ट्रक में गिट्टी लोडकर जा रहा था। तभी रास्ते मे टायर चेक करने के लिए नीचे उतरा तभी अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल हो गया है।

## ट्रैक्टर टक्कर से पिता की मौत पुत्र घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। कल्यानपुर थाने से 200 मीटर की दूरी पर एनएच 2 में रविवार की सुबह पुत्री की ससुराल खिचड़ी देने जा रहे पिता पुत्र को पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे 50 वर्षीय अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं पुत्र को मामूली चोटे आयी है। घटना के बाद चालक मौके से पर ट्रैक्टर छोड़कर भाग जाने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के बरौहा मजरे मन्नी का पुरवा गांव निवासी स्व० रामेश्वर यादव पुत्र भोला सिंह रविवार की सुबह अपने पुत्र कुलदीप यादव के साथ बाइक से पुत्री की ससुराल कानपुर नगर के थाना बिल्हौर गांव के भक्खा का पुरवा जा रहा था। जैसे ही यह लोग कल्यानपुर थाने से एनएच 2 में पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे भोला सिंह रोड़ पर गिर गया। जबकि पुत्र छटक कर रोड किनारे जा गिरा। इसी बीच ट्रैक्टर का पहिया भोला सिंह पर चढ गया। जिससे उसकी मौके में पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

## मतदाताओं के लिए घर घर संपर्क अभियान चलाया गया।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! एस आई आर के द्वितीय चरण मे महानगर के दक्षिण मण्डल के राम नगर हॉस्पिटल वाली गली में नए मतदाताओं के लिए घर घर संपर्क अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि नगर विधायक मनीष असीजा साथ में भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष देशदीपक गुप्ता, मंडल प्रभारी विनोद पचौरी, रविन्द्र शंखवार, हरिनिवास शर्मा, ललित सविता, अंकित गुप्ता, किशन झा, अनिल झा, अरविंद राजपूत, सचिन कौशल, शिवम गुप्ता, मनोज बघेल, उमेश राठौर, नरेश शंखवार, हीरा सिंह, हरेंद्र राजपूत, नरेश राठौर उपस्थित रहे।



## गजराज कंपनी में सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी, बिना केबिन और बिना लाल झंडे के डोजर खदान में संचालित

**समाज जागरण**

सिंगरौली।एनसीएल दुधीचुआ परियोजना में ओवरबर्डन (ओवी) हटाने का कार्य कर रही गजराज कंपनी द्वारा सुरक्षा नियमों की लगातार अनदेखी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा वीडियो सामने आने के बाद एक बार फिर खदान में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।सूत्रों के अनुसार, गजराज कंपनी का डोजर क्रमांक-12 न केवल बिना सुरक्षा केबिन के संचालित किया जा रहा है, बल्कि उस पर अनिवार्य लाल झंडा (रेड फ्लैग) भी नहीं लगाया गया है, जो खनन सुरक्षा मानकों का सीधा उल्लंघन है। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब यह मशीन डंपिंग जोन जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में चलाई जा रहीहै। परियोजना में कार्यरत कुछ जिम्मेदारों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि खदान के डंपिंग क्षेत्र में भारी वाहनों और डोजरों पर लाल झंडा लगाना अनिवार्य होता है, ताकि दूर से ही मशीन की पहचान हो सके और अन्य टिपर व भारी वाहन सतर्क रह सकें। इसके अभाव में टकराव, बोल्डर गिरने और जानलेवा हादसों की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व इसी प्रकार के डोजर में दबने से एक कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो चुकी है, इसके बावजूद कंपनी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के बजाय लापरवाही बरती जा रही है।

**खनन क्षेत्र में अनिवार्य सुरक्षा प्रोटोकॉल**

खनन नियमों के अनुसार खदान में संचालित किसी भी भारी मशीन के लिए निम्न सुरक्षा प्रावधान अनिवार्य हैंडोजर में मजबूत सेफ्टी केबिन (ROPS/FOPS) का होनाडंपिंग क्षेत्र में चलने वाली मशीन पर लाल झंडा (Red Flag) अनिवार्य रूप से लगा होना,ऑपरेटर के लिए सेफ्टी हेलमेट, सीट बेल्ट व PPE किट ,डंपिंग से पूर्व जोखिम मूल्यांकन (Risk Assessment),मशीनों की नियमित तकनीकी और सेफ्टी जांच पूर्व दुर्घटनाओं के बाद सेफ्टी ऑडिट और सुधारात्मक कार्रवाई

**प्रबंधन की चुप्पी पर सवाल**

बड़ा प्रश्न यह है कि स्पष्ट नियमों और पूर्व में हुई घातक दुर्घटना के बावजूद बिना केबिन और बिना लाल झंडे के डोजर को संचालन की अनुमति किसके निर्देश पर दी जा रही है? क्या जिम्मेदारों को किसी और अनहोनी का इंतजार है?यह मामला गजराज कंपनी की कार्यसंस्कृति के साथ-साथ एनसीएल दुधीचुआ परियोजना की निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

## बिजलीं के खम्बे से ट्रांसफार्मर उतारते समय एचटी लाइन की चपेट में आकर संविदा कर्मी गम्भीर, डॉक्टर ने किया रेफर

**समाज जागरण**

फतेहपुर जिले की खागा कोतवाली क्षेत्र के भखननेपुर गाँव मे आज लाइन मैन संविदा कर्मी खम्बे पर चढ़कर ऊपर रखे खराब ट्रांफार्मर को नीचे उतार रहा था। तभी बिजलीं की सप्लाई चालू हो गई जिससे लाइन मैन 11 हजार बिजलीं के करंट की चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुलस गया। घायल अवस्था मे उसको इलाज के नजदीकी स्वास्थ केंद्र पहुँचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के लौकियापुर गाँव निवासी जमुना का 32 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र जो कोतवाली क्षेत्र में स्थित बिजलीं पॉवर हाउस में लाइन मैन संविदा कर्मी के पद पर कार्यरत है। आज वह कोतवाली क्षेत्र के भखननेपुर गाँव मे खम्बे पर रखे खराब ट्रांफार्मर को नीचे उतार रहा था। तभी बिजलीं की सप्लाई चालू हो गई और ट्रांसफार्मर उतार रहा लाइन मैन सुरेंद्र करंट की चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुलस गया। जिससे साथ मे मौजूद कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया तुरन्त उसको इलाज इलाज के लिए हरदो सीएचसी पहुँचाया गया। जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक के बाद सरकारी एंबुलेंस के ईएमटी तेज प्रताप व पायलेट भूपेंद्र के साथ जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने सुरेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद साथ में आकर कर्मचारियों सुरेंद्र को कानपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दिया। वही खबर लिखे जाने तक सुरेंद्र का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था।

## वाराणसी के विरोध प्रदर्शन में जाने से पूर्व पुलिस ने किया हाऊस अरेस्ट!

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! जिला कांग्रेस कमेटी फिरोजाबाद छात्र संघ एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष यश दुबे जिन्हें कल रात वाराणसी बनारस हिंदू विश ववद्यिालय के सामने होने वाले प्रदर्शन जिसमें मनरेगा में किये गये बदलाव के विरोध में प्रदर्शन में शामिल होना था उन्हें अन्य और लोगो के साथ पुलिस ने हाऊस अरेस्ट कर लिया जिला कॉग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सन्दीप तिवारी ने कहा कि वाराणसी के बनारस विश्व हिन्दू विद्यालय के सामने होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने के लिये जाने से पूर्व छात्र संघ एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष यश दुबे एवं शिकोहाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश , पीसीसी सदस्य चंद्रकांत यादव को पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किया गया। इसकी हम सभी कॉग्रेसीजन निंदा करते हैं। लोकतंत्र में अहिंसात्मक तरीके से विरोध प्रदर्शन का अधिकार है, परंतु यह संविधान विरोधी सरकार उस अधिकार से आम जनता को वंचित करना चाहती है। और मनरेगा जैसी जनता के लिए हितकारी योजना को बंद कर उसमें बदलाव कर अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। जिसे हम सभी कांग्रेसीजन पूरा नहीं होने देंगे और जब तक मनरेगा को उसके पूर्व स्वरूप में लागू नहीं किया जाता हम कांग्रेसीजन जनता के अधिकारों के लिए इसी प्रकार से संघर्ष करते रहेंगे। हाउस अरेस्ट होने वालों में यश दुबे एनएसयूआई जिलाध्यक्ष, चंद्रकांत यादव पीसीसी सदस्य और मुकेश गॉड पूर्व शिकोहाबाद अध्यक्ष शामिल थे।

## राम मंदिर में नमाज पढ़ने की कोशिश..., केंद्रीय राज्यमंत्री बोले- बख्शा नहीं जाएगा कश्मीरी नागरिक

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! जसराना अयोध्या के राम मंदिर की सुरक्षा में चूक और एक कश्मीरी नागरिक द्वारा नमाज पढ़ने के मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने स्पष्ट किया है कि उसे बख्शा नहीं जाएगा। रविवार को फिरोजाबाद आए बीएम वर्मा ने विपक्ष पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस की रणनीति पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए साफ किया कि भाजपा सरकार किसी भी अपराधी या भ्रष्टाचारी को बख्शने वाली नहीं है। अयोध्या के राम मंदिर की सुरक्षा में चूक और एक कश्मीरी नागरिक द्वारा नमाज पढ़ने के मामले में दो टूक कहा, उत्तर प्रदेश में 2017 से योगी आदित्यनाथ की सरकार है, जहां कानून-व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त है। राम मंदिर की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। सरकार कड़ाई से काम कर रही है ईडी और ममता बनर्जी के बीच चल रही तकरार पर बीएल वर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की बौखलाहट अब साफ दिखने लगी है। उन्होंने कहा कि ममता जी को डर है कि कहीं उनके भ्रष्टाचार की परतें न खुल जाएं, इसलिए वह स्वतंत्र एजेंसियों के काम में बाधा डाल रही हैं। जनता अब उन्हें सबक सिखाने के लिए तैयार है, उनकी सरकार अब बचने वाली नहीं है। अखिलेश की एफआईआर की धमकी पर पलटवार सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा वोट कटने पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देने के सवाल पर मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का लक्ष्य केवल शुद्ध मतदाता सूची बनाना है, इसमें किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। 2027 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर प्रदेश भर में कार्यक्रम करने की कांग्रेस की योजना पर मंत्री ने कहा कि देश की जनता अब कांग्रेस मुक्त भारत चाहती है। कांग्रेस हर चुनाव से पहले गठबंधन और नए पैंतरे आजमाती है, लेकिन नतीजा हमेशा शून्य रहता है। इनका अब कुछ होने वाला नहीं है।

## राम मंदिर को लेकर विवादित, आपत्तिजनक पोस्ट पर भड़की हिंसा पथराव कई घायल

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! थाना नारखी के गांव डौरी में अयोध्या के राम मंदिर को लेकर की गई आपत्तिजनक मीडिया पोस्ट के बाद माहौल बुरी तरह बिगड़ गया। गांव निवासी राशिद द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक पोस्ट की जानकारी जब राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों को हुई, तो संगठन के जिलाध्यक्ष शुभम प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने गांव पहुंचकर विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया। राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव डौरी पहुंचे। स्थिति की जानकारी मिलने पर थाना नारखी से एक दरोगा व कुछ सिपाही भी पुलिस वाहन से मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि गांव में युवक द्वारा की गई अश्लील व आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर बातचीत चल ही रही थी, तभी समुदाय विशेष के लोगों ने चारों ओर से घेर लिया और अचानक पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव से मौके पर भगदड़ मच गई। हिंदूवादी संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता जान बचाकर खेतों की ओर भागे, वहीं मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को भी अपना बचाव करना पड़ा। इस दौरान गांव में खड़ी हिंदूवादी नेताओं की कई मोटर साइकिलों में अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी। स्थिति बिगड़ती देख पुलिसकर्मियों ने उच्च अधि कारियों को सूचना दी, जिसके बाद आनन-फानन में थाना रजावली से पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और संगठन के पदाधिकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया। घटना में कई बजरंग दल कार्यकर्ता घायल हुए है..

## अदरी बांदा टीम को हरा क्वार्टर फाइनल में पहुंची अझुवा कौशांबी की टीम

**समाज जागरण**



फतेहपुर किशनपुर कस्बा के नागा बाबा ग्राउंड में चल रहे केपीएल के सातवें संस्करण में रविवार दो मुकाबले खेले गए जहां पहले मैच में अदरी बांदा की टीम ने खखरेरू को हरा दिया तथा दूसरे मैच में कौशांबी की अझुवा टीम ने अदरी बांदा टीम को हरा क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली पहला मैच अदरी बांदा और खखरेरू के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी खखरेरू की टीम महज 61 रन पर आल आउट हो गई जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अदरी बांदा की टीम 8 विकेट से मैच को जीत लिया जिस मैच में संदीप ओलंगा और नजीब ने शानदार बल्लेबाजी की जहां अदरी बांदा की तरफ से हैदर ने 6 विकेट चटकाए थे जिन्हें मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया वहीं दूसरे मुकाबले में अझुवा और अदरी बांदा के बीच खेला गया जिसमें अदरी बांदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अझुवा कौशांबी के लगातार विकेट गिरने लगे फिर मैच रोमांचक हो गया अंततः अझुवा ने तीन विकेट से इस मैच को जीत लिया जिस मैच में अझुवा की तरफ से गेंदबाज अचल ने चार विकेट चटकाए जिन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया इस मौके पर अरविंद मिश्रा पम्मू मिश्रा ओमकार सिंह तेज बहादुर सिंह जय बहादुर सिंह इंदू सिंह सुशील शुक्ला आसिफ बुददन आदि मौजूद रहे

## कांग्रेसियों ने गांधी पार्क में दिया धरना!

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! मनरेगा बचाओ संग्राम " के तहत जिला / शहर कांग्रेस के सयुंक्त नेतृत्व में गाँधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा के समक्ष उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया ' इस मोके पर जिला ध्यक्ष रामनिवास यादव एवं महानगर अध्यक्ष शफात खान राजू ने सयुक्तरूप से कहा कि मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी को अपमानित करने और ग्रामीण मजादूरों को कमजोर करने के लिये मनरेगा का नाम बदलने के साथ साथ काम की गारंटी को हटा दिया है जो भुगतान केंद्र द्वारा किया जाता था उसका चालीस प्रतिशत भार राज्य सरकारों पर डाल दिया गया है जो भुगतान को सक्षम नहीं हैं साथ ही जो कार्य योजना ग्राम पंचायतें बनाती थी वो अब केंद्र सरकार द्वारा तय की जायेगी ये सब जानबूझकर किया जा रहा है क्योंकि मनरेगा से ग्रामीण मजदूर सशक्त और गाँव संपन्न हो रहे थे जो मोदी सरकार नहीं चाहती है क्योंकि गाँव का व्यक्ति खुशहाल और शिक्षित होगा तो सवाल करेगा और मोदी जबाव देना नहीं चाहते हैं वे सिर्फ अपने मन की कहते हैं जनता के मन की नहीं सुनना है '

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गाँधी जी का अपमान और ग्रामीणों की उपेक्षा बर्दास्त नहीं कर सकती है इसके लिये चाहे कोई भी कुबार्नी क्यों ना देनी पड़े परन्तु मनरेगा को बहाल कराकर ही चैन से बैठेंगे अत्याचारी और अन्यायी अंग्रेज नहीं रहे तो ये तानाशाह भाजपाई कहां टिकेगे ' उपवास में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मसिंह यादव एड. , वरिष्ठनेता हाजी सईद पटेल , पी. पी. सी. हाजी नसीर अहमद , जिला कॉर्डिनेंटर गुलाम जिलानी , जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव , जितेंद्र तिवारी , प्रदीप शर्मा एड. ,लक्ष्मीप्रकाश , जहीर खाकसर , जिला महासचिव शैलेन्द्र शुक्ला , अनिल यादव , शान्तिदास शंखवार , महेश पिप्पल , अजय यादव , मोहित राठौर , चाँद कुरैशी , सुरेन्द्र शर्मा , वलवीर सिंह आजाद , संजय यादव ,मो. सलीम , डॉ. आसिम खान , अजय शर्मा , मुजीब अंसारी , उमर फारूक , सचिन , यादव , शिवम यादव , संदीप ओझा , निशांत अग्रवाल , संजू शंखवार , शिव जीत सिंह , अजय राठौर , कमल राठौर , वीरेंद्र राठौर , मो. आजम , अफरोज अली , वसीम अख्तर , सहित अनेकों कांग्रेसी उपस्थित रहे ' महात्मा गाँधी जी को माल्यार्पण कर उपवास का आरम्भ किया गया '

## जैन दिगम्बर युवा संघर्ष समिति का 41वां वार्षिकोत्सव एवं परिवार संस्कार समारोह!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! नगर की प्राचीनतम संस्था जैन युवा संघर्ष समिति का 41वां वार्षिकोत्सव एवं परिवार संस्कार समारोह होटल गर्ग में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अनेकों धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम में सर्व प्रथम अगन्तुकों का तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहना कर पंजीकरण कराया गया तत्पश्चात प्रातः 10 बजे से 10:30 बजे तक समिति के द्वारा णमोकार मन्त्र का जाप किया गया। डॉ धीरेन्द्र जैन, मयंक जैन, देवेंद्र जैन रसूलपुर, प्रदीप जैन पी पी, अनुज जैन तुलसी बिहार ने भगवान महावीर एवं आचार्य विमल सागर गुरुदेव के चित्र का अनावरण के उनके सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। श्रीमती कल्पना जैन, शिल्पी जैन, अंजू जैन, प्रीति जैन ने माँ सरस्वती की आरती उतारी। कार्यक्रम में जैन ध्वज का ध्वजारोहण राजीव जैन केसरी, अचल जैन केसरी जैन ने किया। अतिथियों को मंचासीन करने से पूर्व संजीव कांत जैन संजू ने मंचका उद्घाटन कर कार्यक्रम को विधि वत शुभारम्भ किया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथि विपिन कुमार जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष दिगम्बर जैन महासमिति, राजेंद्र कुमार जैन राजू, जय प्रकाश जैन साहू, मुकेश जैन विभव, अशोक जैन तुलसी बिहार, डॉ राजीव जैन, ललित मोहन रापारिया, मुकेश जैन रेमजा का समिति के सदस्यों ने तिलक लगाकर कर सोल उड़ाकर एवं दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया। सुहानी जैन, आरवी जैन, द्रविका जैन, सुव्रत राय जैन, ध्रुवित जैन और प्रखर जैन ने जैन भजनो पर मनमोहक प्रस्तुति दी। वन मिनट पेपर गेम में नेहा जैन, पूजा जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आकांशा जैन मयंक जैन, द्वितीय स्थान एवं चांदनी जैन, राशि जैन, निधी जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिलाओं द्वारा कपल गेम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप मित्तल जैन एड वोकेट ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय जैन पी आर ओ ने की समारोह में विजय जैन एड वोकेट, निमिष जैन, शैलेन्द्र जैन शैली, मनीष जैन किड्स, विशाल जैन एडवोकेट, दिनेश जैन चाचू, आशीष जैन, चक्रेश जैन, प्रमोद जैन सोनल, प्रवीण जैन, संजीव जैन, पांडे जयंत कुमार जैन, जितेंद्र जैन जीतू, हिपोलीन, धीरेश जैन, मनीष जैन लोहे, प्रदीप जैन, रमेश चंद्र जैन, डॉ महेन्द्र जैन, दीपक जैन, संदीप जैन उपस्थित रहे।

## चौकी सिवनी पुलिस द्वारा मोटर सायकल चोरी गिरोह का पदार्फाश, 03 आरोपी गिरफ्तार, 03 चोरी की मोटर सायकल जप्त

**समाज जागरण विजय तिवारी**

मरवाही।चौकी सिवनी अंतर्गत मोटर सायकल चोरी के एक प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक संगठित चोरी गिरोह का पदार्फाश कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 03 चोरी की मोटर सायकल जप्त की गई है। प्रकरण में अपराध क्रमांक 05/2026, धारा 303(2), 112, 318(2), 318(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। बताया गया कि दिनांक 08.01.2026 को प्रार्थी कमल सिंह ओट्टी, पिता अमोल सिंह, उम्र 28 वर्ष, निवासी दरमोहली, थाना गौरेला, जिला गौरेलाझ्रपेंड्राझ्रमरवाही द्वारा चौकी सिवनी/थाना मरवाही में उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 07.01.2026 की शाम लगभग 05:30 बजे, वह अपने छोटे भाई रवि कमल के साथ मोटर सायकल हीरो होंडा स्प्लेंडर क्रमांक CG10 5879 से ग्राम निमधा आया था।मोटर सायकल को घर के बाहर खड़ी कर दोनों सब्जी खरीदने बाजार गए। शाम लगभग 06:00 बजे लौटने पर मोटर सायकल वहीं खड़ी थी। इसके पश्चात प्रार्थी भोजन हेतु घर के अंदर गया एवं लगभग 06:20 बजे बाहर निकलने पर देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं थी। आसपास तलाश करने पर भी कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना एवं पुलिस की कार्रवाई प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खिलारी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र जायसवाल के पर्यवेक्षण तथा उप पुलिस अधीक्षक श्याम कुमार सिदार के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी सिवनी एवं सायबर सेल की एक संयुक्त टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डोंगरिया निवासी विजय साहू, जो पूर्व में मोटर सायकल चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है, अपने साथियों के साथ इस चोरी में संलिप्त है एवं वर्तमान में धनपुर मंदिर के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही विजय साहू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों मेंविजय साहू, पिता स्व. राजकुमार साहू, निवासी - डोंगरिया, थाना पेण्ड्रा, जिला गौरेलाझ्र पेंड्रा-मरवाही (छ.ग.)छोटू उर्फ दीपनारायण साहू, पिता जयनारायण साहू, उम्र - 20 वर्षनिवासी चंद्रौठी दरीपारा, थाना पसान, जिला कोरबा (छ.ग.)रवि उर्फ वेदप्रकाश साहू, पिता शंकरलाल साहू, उम्र 29 वर्ष निवासी पंडरीपानी, थाना पसान, जिला कोरबा (छ.ग.) के नाम शामिल है।आरोपी विजय साहू के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर उसकी निशानदेही पर गवाहों के समक्ष चोरी की मोटर सायकलें जप्त की गईं जिसमें हीरो होंडा स्प्लेंडर CG10 5879 (प्रार्थी की चोरी गई मोटर सायकल) मोटर सायकल जिस पर फर्जी नंबर प्लेट CG12 6031 लगी थी, जिसका वास्तविक नंबर CG12 6449 है,हीरो होंडा स्प्लेंडर जिस पर नंबर CG12 9733 अंकित था, जिसका वास्तविक नंबर CG04 5057 है।आरोपियों द्वारा स्वीकार किया गया कि उक्त मोटर सायकलें पूर्व में कुसमुंडा एवं रायपुर क्षेत्र से चोरी की गई थीं।आरोपी विजय साहू एवं रवि उर्फ वेदप्रकाश साहू पूर्व में भी थाना पेण्ड्रा में मोटर सायकल चोरी के प्रकरण में चालानशुदा आरोपी रहे हैं। उनके आपराधिक रिकॉर्ड प्रकरण में संलग्न किए गए हैं।इस संपूर्ण कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी मरवाही निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा किया गया। टीम में चौकी सिवनी प्रभारी – सहायक उप निरीक्षक नवीन मिश्रा, प्रधान आरक्षक अजय सिंह, आरक्षक इंद्रपाल आर्मो सक्रिय रूप से शामिल रहे। विवेचना में सायबर सेल जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (छ.ग.) से सउनि मनोज हनोतिया प्रधान आरक्षक रवि त्रिपाठी आरक्षक राजेश शर्मा,सुरेन्द्र विश्वकर्मा, हर्ष गहरवार द्वारा महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया।

# सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब द्वारा नववर्ष मिलन समारोह आयोजित

### जन प्रतिनिधियों, समाज सेवियों और पत्रकारों की रही उपस्थित

**समाज जागरण**

शहडोल । राजधानी भोपाल के पत्रकारों की सर्वमान्य संस्था सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब (पब्लिक ट्रस्ट) की शहडोल जिला इकाई द्वारा रविवार को शुभम पैलेस में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ नव वर्ष मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन प्रतिनिधियों, समाज सेवियों और गणमान्य नागरिकों के साथ ही बड़ी संख्या में मौजूद पत्रकारों ने इस नव वर्ष मिलन कार्यक्रम को शोभायमान बनाया। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष घनश्याम दास जाय सवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय अवस्थी, कॉन फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश जगवानी, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश कटारे, श्रमिक यूनियन के सहायक महामंत्री ए के मोहंती और कांग्रेस नेत्री श्रीमती शिम्पी अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब की यह पहल निश्चित ही प्रशंसनीय है और इससे आपसी संवाद कायम होने का बेहतर संदेश जाएगा। अतिथियों ने यह भी कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ द्वारा इस तरह का मिलन कार्यक्रम आयोजित कर सभी को एक मंच में बैठाना उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। अतिथियों ने यह भी कहा कि सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब को जब भी हमारी जरूरत महसूस हो, आप हमें याद करिएगा, हम आपके सहयोग के लिए आपके साथ खड़े मिलेंगे। कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार अजय जायसवाल और समाजसेवी शान उल्ला खान ने भी संबोधित किया। सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सईद ने संगठन के संबंध में बताया और संगठन द्वारा आगामी दिनों आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। पत्रकार को सम्मानित करने की घोषणा रोटरी क्लब के पूर्व असिस्टेंट गवर्नर व समाजसेवी अजय बिजरा ने कहा कि सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब ने इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्री बिजरा ने घोषणा करते हुए कहा कि श्रेष्ठ रिपोर्टिंग करने वाले एक पत्रकार को उनके द्वारा अगले दो वर्षों तक स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा श्री बिजरा ने कहा कि इसके लिए पत्रकार के नाम का चयन सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब को करना होगा। गीतों की रही दमदार प्रस्तुति कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र वैद्य ने किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार और ज्ञानोदय स्कूल की संगीत शिक्षक श्रीमति उमा राही ने फजा भी है जवां-जवां, हवा भी है रवां-रवां गीत की शानदार प्रस्तुति दी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश जगवानी, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अजय बिजरा और समाजसेवी विनोद शर्मा बन्नू ने भी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में ज्ञानोदय विद्यालय की उमा राही, अशोक राही, अनमोल राही, अन्नत वर्मा, अंशु तिवारी, बिरासनी पाण्डेय, कनक यादव और अनुष्का सिंह स्वागत गीत प्रस्तुत किया। ज्ञानोदय विद्यालय की इस टीम ने आने वाले साल को सलाम गीत की भी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद सईद और वरिष्ठ पत्रकार संतोष चौबे ने किया। अंत में वरिष्ठ पत्रकार मोहन नामदेव ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इनकी भी रही प्रमुख उपस्थिति नव वर्ष मिलन कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री अमित मिश्रा, ज्ञानोदय विद्यालय के संचालक अजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश लालवानी, अजय नामदेव, हुसैन अली, रविंदर सिंह गिल, तेज प्रताप सिंह, राहुल मिश्रा, रजनीश शर्मा बृजेश शर्मा, मुरलीधर त्रिपाठी, द्वारिका शुक्ला, सगीर खान, दीपक केवट, इस्लाम खान, रोहित शर्मा, शम्स खान, अजय गुप्ता, कमलेश दाहिया, नफीस खान नब्बू और राहुल गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

